e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 276

मंगलवार

08.10.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

ख्याल उन्ही के आते है जिनसे दिल का रिश्ता होता है, हर शख्स अपना हो जाए सवाल ही पैदा नहीं होता!



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## पूर्व के जन प्रतिनिधियों ने जनता का हक लूटा : मंत्री मिथिलेश

# मंत्री ने किया 13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गढ़वा के सोनपुरवा में 12 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से निर्मित महिला कॉलेज का उद्घाटन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने फीता काटकर, विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर कॉलेज का उद्घाटन किया।मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व की सरकारों को जो कार्य धरातल पर करनी चाहिए थी। वह कार्य अब हमारी जन सरोकार की सरकार काफी तेजी से कर रही है। गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी तेजी से विकास कार्य हो रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि वर्ष 1991 में गढ़वा जिला का निर्माण हुआ। परंतु आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि, किसी भी सरकार को यहां की बेटियों को पढ़ने की लिए एक महिला कॉलेज बनाने की चिंता नहीं हुई। यह बताने के लिए काफी है कि आज तक यहां जितने भी जन प्रतिनिधि हुए सभी ने अपने स्वार्थ के लिए जनता को बरगलाया एवं उनका हक लूटा।मौके पर मुख्य रूप से एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, संवेदक अनिल सिंह, वंदना जायसवाल, आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। **महिला कॉलेज में यह सुविधा है उपलब्ध :** महिला कॉलेज का निर्माण 4.26 एकड़ भूमि में 12. 87 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। कॉलेज में एक सेमिनार हॉल, छात्रों के लिए 7 शौचालय, स्टाफ के लिए 3 शौचालय, शारीरिक रूप से विकलांग छात्राओं के लिए विशेष प्रावधान है। रैंप एवं 6 पीएच शौचालय का भी निर्माण किया गया है। कॉलेज में सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए ओपन एयर एमफी थियेटर, विद्यार्थियों की गतिविधियों के लिए आंगन की सुविधा, कैंटीन, प्रधानाचार्य कक्ष, प्रशासनिक कार्यालय, प्रत्येक मंजिल पर स्टाफ रूम तथा अग्नि सुरक्षा और अग्नि अलार्म प्रणाली की भी सुविधा उपलब्ध है।

# विधायक पुष्पा देवी प्रखंड के पूजा पंडाल में शामिल हुई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन प्रखंड मे पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने पाटन अंतर्गत ग्राम बरसैता, कांके, शोले, सहदेवा, पांडेयपुरा, लोइगां, कारीहार, में दुर्गा पूजा महोत्सव में शामिल होकर सभी पंडालों में सहयोग की एंवम माँ दुर्गा का आशीर्वाद लिया। श्रद्धा और उल्लास के इस पर्व ने समाज में एकता और संस्कारों का संचार किया। ग्रामीणों के साथ इस पावन अवसर का हिस्सा बनना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। माँ दुर्गा से क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर युवा नेता विक्रम कुमार, जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक तिवारी, भाजयुमो अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, भैरव सिंह, अवध बिहारी सिंह, रामानंद पांडे, महेंद्र मोची, शिव शंकर प्रसाद, विश्वनाथ राम, नारद राम अशोक राम अजीत दुबे, प्रमोद चौधरी, अशोक वर्मा, सुजीत कुमार वर्मा, धीरज शर्मा, रामेश्वर चौधरी कमलेश पांडेय, सुनिल पांडेय, चन्द्र किशोर पांडेय, सहीत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# प्राक्कलित राशि के अनुसार नहीं हो रहा जलमीनार का निर्माण



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बरांव पंचायत में दिलीप गोस्वामी के दूकान के पास 15 वें वित्त से लगें जलमीनार में कई प्रकार गुणवत्ता में कई प्रकार के खामियां हैं जबकि नियमानुसार जलमीनार में कंपनी का सामग्री लगाना था लेकिन नेशनल इंटरप्राइजेज के संवेदक ने मनमानी तरीके सरकार के नियम कानून को ताक पर रखते हुए नॉन कंपनी का सामग्री लगाकर जलमीनार संचालित करने का काम कर रहें हैं,जबकि सरकार हर संभव प्रयास कर रहीं हैं कि गांव गांव तक गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्य हों लेकिन संवेदक सरकार का नियमों को ताक पर रखते हुए विकास कार्यों को विफल करने में लगें हैं ऐसा ही हाल बरांव पंचायत में 15वें वित्त से लगें जलमीनार देखने को मिल रहा हैं।

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर पिपरा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**पिपरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया में दुर्गा पूजा महोत्सव मे शांति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया. सरैया बाजार भ्रमण करते हुए थाना प्रभारी बिमल कुमार एवं अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार एवं जिला पुलिस बल के जवानो ने आम लोगों से नवरात्रि पूजन और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने का अपील किया. थाना प्रभारी ने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस गस्ती बढ़ा दी गई है किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दिया जाएगा पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी हुई है शांति भंग करने वाले को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा. बताते चले की पिपरा प्रखंड क्षेत्र का एकमात्र पंचायत सरैया जहां दोनों समुदाय के लोग रहते हैं जहां सभी लोग आज तक मिलजुल कर त्यौहार को मनाते आ रहे हैं।

# आर डी डी ई के द्वारा प्रतिनियोजन के बाद महेंद्र पांडेय को रा.उ.वि चित्तविश्राम में कराया गया योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आर डी डी ई के द्वारा प्रतिनियोजन के बाद महेंद्र पांडेय को राजकीय उच्च विद्यालय चित्तविश्राम में सोमवार को प्रधानाध्यापक अमित कुमार द्वारा योगदान कराया गया। प्रधानाध्यापक ने स्वयं मानवता का परिचय देते हुये सहायक शिक्षक महेंद्र पांडेय को विद्यालय में योगदान कराकर एक मिशाल प्रस्तुत किया है। इसके पूर्व शनिवार को डी ई ओ कैसर रजा ने स्वयं कार्यालय से नीचे उतर कर वाहन में ही दिव्यांग शिक्षक का योगदान कराकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाये कम है.ज्ञात हो कि महेंद्र पांडेय पहले पारा शिक्षक के रूप में 2005 से राजकीय मध्य विद्यालय चित्तविश्राम में कार्यरत थे। 2015 में उनका चयन सहायक शिक्षक के पद पर उत्क्रमित हाई स्कूल बेनी खुर्द जपला पलामू में हुआ था। अचानक 2023 में स्वास्थ्य बिगड़ जाने से उनका इलाज बी एच यू वाराणसी में चल रहा था जहां पैर में जख्म होने के कारण लगातार सात बार ऑपरेशन करना पड़ा और अंततः घुटने के नीचे तक पैर काटना पड़ा। दो बेटों में बड़ा लड़का हरिश्चंद जबलपुर से तथा छोटा लड़का निखिल पंजाब से बी टेक की पढ़ाई कर रहा है.ऐसे में श्री पांडेय के सामने आर्थिक कठिनाई उत्पन्न हो गई है। योगदान के समय विद्यालय के वरीय शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय,नरेंद्र श्रीवास्तव, कमलेश पांडेय सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# विधायक कमलेश ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सोमवार को हुसैनाबाद की चार महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़कों की स्थिति काफी खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विभिन्न शिलान्यास कार्यक्रमों में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र की एक एक सड़क का निर्माण कराने का काम किया है। इसके साथ ही जानता की हर एक समस्या के समाधान का ईमानदारी के साथ प्रयास किया। हो सकता है कुछ काम नहीं हो सके होंगे। मगर सड़क स्वास्थ्य शिक्षा के साथ साथ गली नाली चबूतरा विवाह मंडप आदि जनता की मांग पर पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज हुसैनाबाद की जनता उनके परिवार के सदस्य हैं। उनकी समस्या का समाधान करना मेरा दायित्व है। उन्होंने बताया कि जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमें जपला पथरा मुख्य पथ से लंगरकोर्ट गांव होते हुए पथरा पथ तक, जपला पथरा मुख्य पथ से गांवखाप तक, सोनबरसा बरवाडीह सबानों पथ व बाजारी बुधुआ से हरिजन टोला बुधुआ तक पथ निर्माण शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम मे विधायक का फूल माला गाजा बाजा के साथ स्वागत किया गया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक ने सम्पूर्ण इलाके का बिना भेद भाव कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रहा है। हुसैनाबाद में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व बिजली के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं।दोनों कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो कार्य किया है, उससे जनता वाकिफ है। शिलान्यास के मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरकार के नियम कानून को नजर अंदाज कर रहे हैं शिक्षक



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक तरफ जहां सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी ओर विद्यालय के शिक्षक ही इस सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। गांव के बच्चे की बेहतर शिक्षा गांव मे हीं मिले इसे लेकर सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन इसी सपने को चकनाचूर व शिक्षा व्यवस्था को इन विद्यालयो के शिक्षक ही चौपट कर रहे हैं।दरअसल ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा में राजकीय बुनियादी विद्यालय में शिक्षक सरकार के नियम कानूनों को ताक पर रखते हुए मनमानी ढंग से अपना नियम कानून से विद्यालय को संचालन कर रहें हैं। जो कि विद्यालय में छात्र छात्राओं को प्रार्थना समय 9ः45 में कराया गया जबकि विद्यालय का समय प्रातः 9 बजे प्रतिदिन खोलने का समय है लेकिन प्रधानाध्यापक रामाश्रय प्रसाद सरकार के नियमों को नजर अंदाज करते हुए अपना नियम से प्रतिदिन विद्यालय संचालित करने का काम रहें हैं। वहीं एक तरफ़ यानी कहे तो सरकार से वेतनमान के रूप में गुरू जी मौज का वेतन उठा रहें हैं। वैसे शिक्षक पर शिक्षा विभाग क्या कुछ कार्रवाई करती है जो बच्चे के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।अब देखना होगा की विभाग लापरवाह शिक्षक पर कार्रवाई करती है या सिर्फ कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करती है। इस संदर्भ में डीईओ ने कहा कि जानकारी नहीं थीं जानकारी मिली हैं तो सरकार के नियमों को ताक पर रखने वाले शिक्षकों का जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अधेड़ व्यक्ति का नदी किनारे मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव स्थित दुनुखाड़ टोला में सोमवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव उरिया नदी के उत्तरी किनारे पाया गया। यह खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। मृतक की पहचान 50वर्षीय गुलू चौधरी के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मेराल थाना प्रभारी विष्णु कांत को सूचित किया। सूचना पर थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव की गहन जांच किया। इसके बाद परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया और शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा भेज दिया गया। ग्रामीणों ने दबे स्वर में बताया कि मृतक गुलू चौधरी और उसकी पत्नी तेतरी देवी के बीच पिछले कई वर्षों से संबंध ठीक नहीं थे। उनके बीच आए दिन झगड़े और मारपीट की घटनाएं होती रहती थीं। कुछ महीने पहले उनकी एक बेटी प्रेम प्रसंग में घर से भाग गई थी, जिससे दोनों के बीच तनाव और बढ़ गया था। ग्रामीणों ने पुलिस से इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग किया है। वहीं, मृतक की पत्नी तेतरी देवी ने घटना के बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# भाजपा को हराने के लिए उग्रवादी और सामंती दोनो एक हो गए है : भानु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भाजपा के भानु प्रताप शाही को हराने के लिए उग्रवादी और सामंती दोनों एक हो गये है। उक्त बातें नगर उंटारी प्रखंड स्थित गरबाँध पंचायत में लगभग 65 करोड़ के लागत से नगर उंटारी से रोहिनिया तक बनने वाला सड़क निमार्ण के शिलान्यास में लोगो को संबोधित करते हुये बिना नाम लिये पूर्व विधायक व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी पर तंज कसते हुये स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा। उन्होंने कहा कि गरबाँध पंचायत में बिजली लगवा दिया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनवा दिया, हाई स्कूल बनवा दिया जिससे यहां के बच्चों को दूर नगर उंटारी पढ़ने न जाना पड़े।यहां के लोगो के सुविधा के लिये बैंक भी खुलवा दिया।उन्होंने कहा कि गरबाँध पंचायत को यहां के सांसद बीडी राम ने गोद लिया और पानी की समस्या हल करने के लिए 10 करोड़ की लागत से पानी टंकी बनवा कर घाघरा का पानी गरबाँध में पहुचा दिया। जहाँ गढ़ के लोग यहां के लोगो को सिर्फ शिकार खेलने के लिए प्रयोग करते थे। अब आकर भाषण करते है। उन्होंने कहा कि गरबाँध के लोग सावधान हो जाइये। भाजपा और भानु प्रताप शाही को हराने के लिए उग्रवादी और सामंती दोनो एक हो गये है। दोनो मिल कर विकासवादी सरकार को रोकने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि जैसे आप लोग लोकसभा चुनाव में सांसद बनाये है वैसे ही विधायक भी बनाइये। सरकार बनने के बाद राजा तालाब का सुंदरीकरण पर्यटन विभाग से कराया जायेगा। पंचायत में बच्चों के लिए इंटर कालेज खोलवा देंगे। सभी महिलाओं के खाते में गोगो दीदी योजना के तहत 1000 रुपये नही 2100 रुपये सरकार देगी। उन्होंने कहा कि सरकार सास-ससुर और बेटा पतोह में लड़ाई करवा रही है। पेंशन का पैसा रोक कर पतोह को दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने लोगो से कहा कि वर्तमान सरकार के लोग सब सेट कर लिये है मुखिया को एक लाख और वार्ड सदस्य को 10000 रुपये देकर पूरा वोट खरीद लेंगे। उन्होंने लोगो को सलाह दिया कि सबसे पैसा ले लेना है लेकिन वोट भाजपा को देना है। उन्होंने कहा कि बहुजन का वोट सात करोड़ में बेचा जा चुका है। जिसमे चार करोड़ एडवांस और तीन करोड़ नामांकन नही कराने के बाद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के एक महीने के अंदर भवनाथपुर माइंस खोल दिया जाएगा।आने वाले छः महीने के अंदर भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र को इडस्ट्रीयल कॉरिडोर बना दिया जाएगा। उन्होंने लोगो से कहा कि दिन भर चरिये खाइये और शाम को खुटा पर आ जाइये। उन्होंने कहा कि इतना जान लिजिये की जब तक सांसद और विधायक नही चाहेगे क्षेत्र का विकास नही हो पायेगा। उन्होंने कहा कि सीमेंट फैक्ट्री और पावर प्लांट का फ़ाइल सरकार के पास भेजा गया था।हेमंत सरकार ने इसे पास करने की बात तो दूर देखा तक नही। उन्होंने भाजपा के लिये वोट करने का अपील किया।

# भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे विधायक का हुआ भव्य स्वागत

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद आने की सूचना मिलते ही जगह जगह ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे फूल माला के साथ उनके स्वागत में जुट गए। हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को जपला छतरपुर सड़क में प्रवेश करते ही उनका गाजे बाजे से सैकड़ों ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जपला नहर मोड़ तक आधा दर्जन स्थानों पर उन्हें रोक कर उन्हें फूल माला देकर ग्रामीणों ने स्वागत किया। नहर मोड़ पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जनता व कार्यकर्ताओं का यह प्यार का वह आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के लोगों का यही अपनत्व उनसे दूर नहीं होने देता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनके राजनीति का सबसे बड़ा कारण है। क्षेत्र का तेजी से विकास व अपने धर्म व संस्कृति का संरक्षण डबल इंजन की सरकार में हो सके, इसके लिए उन्होंने भाजपा में जाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि राह नई जरूर उन्होंने चुना है, मगर कमलेश का संकल्प वही है।

# पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प के बाद दो घंटे तक एनएच 75 पर जाम, एसपी ने दिए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के आदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डंडई थाना क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस और पब्लिक के बीच हुई मारपीट की घटना दुहराई गई है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम बाना महुआ के पास एक दुकान में बैठे कुछ युवकों के साथ एसआई रवि कुमार और पुलिस बल के जवानों द्वारा मारपीट कर दिया।जिससे एक बार फिर ग्रामीणों को उग्र कर दिया। इसके परिणामस्वरूप लगभग दो घंटे तक एनएच 75 जाम रहा।सूत्रों के हवाले से बताया गया कि मामला इतना गंभीर हो गया कि पुलिस को उग्र भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। जिसके जवाब में भीड़ ने पथराव किया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही एसपी दीपक कुमार पांडे खुद मौके पर पहुंचे और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया।ग्रामीणों ने बताया कि उमेश उरांव की गुमटी पर रघुनाथ इक्का, दीपक उरांव और मुखियापति सुरेंद्र गोस्वामी भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर बातचीत कर रहे थे। तभी एसआई रवि कुमार की गश्ती टीम वहां पहुंची और बिना कोई बातचीत किए युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दिया।जब उनसे इस बारे में सवाल किया गया, तो पुलिस और उग्र हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला और पुरुष, सड़क पर उतर आए और पुलिस के व्यवहार के खिलाफ सड़क जाम कर दिया। इसी दौरान सांसद बीडी राम की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों से बात किए बिना वह वापस चले गए। जिससे ग्रामीण और भड़क गए और सांसद के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। बाद में मेराल थाना के पदाधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और जाम हटाने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बकझक हुई, जिसके बाद लाठीचार्ज और पथराव की घटना हुई।जिसमें कई लोग घायल हो गये।एसपी दीपक कुमार पांडे ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात की और एसआई रवि कुमार को निलंबित करने का आश्वासन देकर मामले को शांत किया। ग्रामीणों ने घटना के संबंध में लिखित आवेदन थाना प्रभारी विष्णु कांत को सौंपा। मौके पर डीएसपी नीरज कुमार, मिराज थाना और रमना थाना के अधिकारी और पुलिस जवान मौजूद थे। करीब दो घंटे तक एनएच 75 जाम रहने से आवागमन बाधित रहा और लोग काफी परेशान हुये।

# भावी विधायक प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** छतरपुर पाटन विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह छतरपुर मुखिया संघ के उपाध्यक्ष रविंद्र राम ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क के दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड वासियों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजना जैसे सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना,मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी तथा 200 यूनिट तक बिजली फ्री, विद्यार्थियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल वितरण, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, परदेशीय छात्रवृत्ति योजना सहित अनेक योजना को लागू कर राज्यवासियों को कल्याण किया है तथा उन्हें समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कहा कि सुदूर गांव में रहने वाले लोगों को कोई भी सरकारी कार्य के लिए भाड़ा लगाकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था फिर भी काम नहीं होता था इसको आसान बनाने के लिए तथा गांव के लोगों को भी सरकारी योजना का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुरुआत कर प्रखंड कर्मियों सहित संबंधित अधिकारियों को आपके गांव-गांव में भेजने का कार्य किया जिससे लोगों को बहुत से योजनाओं का लाभ मिला तथा उनके कार्यों को ऑन स्पॉट निपटारा किया गया। सरकार के इन सभी जन उपयोगी कार्यों से लोगों में बढ़ती लोकप्रियता को देखकर विपक्षी लोग बौखला गए हैं तथा लोगों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अभी चुनाव आने वाला है और आप सभी बहुरूपियों से सावधान रहें। कहा अगर आप चाहते हैं कि इसी प्रकार झारखंड विकास के पथ पर अग्रसर रहे और आप लोगों का सरकारी योजनाओं का लाभ मिलते रहे तो हम सभी के पास एक ही विकल्प है कि हम सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनाएंगे ताकि हमारा राज्य और भी विकसित राज्य बन सके। कहा मुख्यमंत्री मइयां योजना इस राज्य के बहनों का सम्मान है। इस योजना के तहत जो भी बहने सरकार द्वारा लगाए गए शिविर में अपना आवेदन जमा किए उन्हें उनके खाते में ?1000 प्राप्त हो गए। कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनकी पैसा अब तक नहीं गया हो तो उनका भी पैसा चल जाएगा। कहा आपके बीच बहुत सारे दलाल बिचोलीया आकर आपको बहकाने का कार्य करेंगे परंतु उनसे सावधान रहने की जरूरत है। झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को मिलकर हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनना होगा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 276

मंगलवार

08.10.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

ख्याल उन्ही के आते है जिनसे दिल का रिश्ता होता है, हर शख्स अपना हो जाए सवाल ही पैदा नहीं होता!

ताजा खबरों के लिए देखें

### षष्ठं : कात्यायिनी



**क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

जब महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया था, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया. इस देवी की सर्वप्रथम पूजा महर्षि कात्यायन ने की थी. इसलिए इन्हें कात्यायनी के नाम से जाना गया.

सीएम ने मॉब लिंचिंग के पीड़ितों व झारखण्ड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान मृत्यु के शिकार युवाओं के परिजनों को आर्थिक सहायता हेतु 4-4 लाख का चेक प्रदान किया

# पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करेगी सरकार : हेमंत

*** झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा में जान गंवाने वाले 15 युवाओं के परिजन तथा मॉब लिंचिंग के कारण जान गंवाने वाले 28 तथा घायल 1 व्यक्ति के आश्रितों बीच कुल 1 करोड़ 82 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में मॉब लिंचिंग के 28 पीड़ितों तथा झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के शिकार हुए 15 युवाओं के आश्रित/परिजनों को चार-चार लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। वहीं मॉब लिंचिंग की घटना में घायल एक व्यक्ति के आश्रित को 1 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023 में रांची जिले के ओरमांझी थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग की घटना में मृत स्व0 मिथुन सिंह खेरवार की पुत्री सोनाक्षी कुमारी को 5 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

### राज्य सरकार पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करेगी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभागार में उपस्थित पीडति परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के भीतर विगत कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं घटित हुई हैं जिसमें कई परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन घटनाओं में हमसभी से जिनका साथ छूटा है, जो हमें छोड़ गए उन्हें तो वापस नही लाया जा सकता है, लेकिन आगे के जीवन में हमसभी लोग आश्रित परिवारों को कैसे मदद कर सके, किस प्रकार एक-दूसरे का सहयोग करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर करें यह बहुत महत्वपूर्ण है।

### मॉब लिंचिंग की घटनाएं दुः खदायी और दर्दनाक

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में राज्य के भीतर विभिन्न मॉब लिंचिंग की घटनाओं में 28 लोगों की असमय मृत्यु हुई है यह घटना भी काफी दुख्दाई और दर्दनाक है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित पीड़ति परिवारों के आश्रितों से कहा कि हमारी सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है। आज आपसभी पीड़ति परिवार के लोगों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में राशि प्रदान की जा रही है, यह आपके प्रति राज्य सरकार का एक संवेदना मात्र है। आने वाले दिनों में आप पीड़ति परिवारों को राज्य सरकार कई माध्यमों से आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास करेगी। आपको अपने पैरों पर खड़ा कर सके इस निमित्त सरकार की योजनाओं से आपको जोड़ा जाएगा। आपके बच्चों की पढ़ाई तथा आपके भविष्य की सुरक्षा की चिंता हमारी सरकार कर रही है। आने वाले समय में पूरा सरकारी महकमा आपको सहायता करेगा। मैं आज इस बात का आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार आपके लिए मजबूत और ठोस कदम उठाएगी। मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं और भविष्य में भी रहेगी।



### हमारी सरकार संवेदनशील, जिम्मेवारियों का कर रही निर्वहन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज हमसभी लोग यहां उक्त घटनाओं में असमय काल के गाल समाए लोगों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एक संवेदनशील सरकार होने के नाते अपने जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड उत्पाद सिपाही शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा मॉब लिंचिंग में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आज यहां एकत्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हमेशा ऐसे पीड़ति परिवारों के सुख-दुख्ख को बंटता आया हूं।

### मौके पर उनकी रही उपस्थित

मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी पुलिस मुख्यालय आरके मल्लिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उत्पाद सिपाही दक्षता परीक्षा में हुई नौजवानों की मृत्यु मर्माहत और हैरान करने वाला

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड उत्पाद सिपाही की नियुक्ति निकाली गई थी। राज्य के लाखों नौजवानों ने इस नियुक्ति प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदन दिया था। इस नौकरी की चाहत रखने वाले 15 नौजवान अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा के क्रम में दुर्भाग्यवाश असामयिक मृत्यु हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए काफी मर्माहत और हैरान करने वाली रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की घटना देश में पहली बार देखने और सुनने को मिला है। पहले भी राज्य सरकार की ओर से कई बहाली प्रक्रियाएं हुई हैं लेकिन ऐसी घटना यदा-कदा ही देखने और सुनने को मिली है।

### उत्पाद सिपाही दक्षता परीक्षा में हुई मृत्यु की जांच आवश्यक

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया के दौरान हमारे 15 नौजवानों की मृत्यु की घटना को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लिया है। हमारी सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इस घटनाओं के विस्तृत जांच का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने राज्य में वाले दिनों में भी बड़ी संख्या में पुलिस नियुक्तियां तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है उसे समय भी राज्य सरकार के लिए कैसी घटनाएं गंभीर चुनौती बनी रहेगी। यही कारण है कि केंद्र सरकार से हमारी सरकार ने डॉक्टर की एक बड़ी टीम को इस घटना की संपूर्ण जांच के लिए पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है।



### मतदान केंद्र के 200 मीटर परिधि के बाहर रहेंगें उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ : के रवि

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभा निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च की सीमा 40 लाख रुपए तक की राशि तय की गई है. इसके साथ ही स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी प्रत्याशी एवं राजनैतिक दल तय निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने निर्वाचन व्यय का ब्योरा संबंधित पदाधिकारी कार्यालय को ससमय उपलब्ध कराएंगे।वे सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी दे रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से संबंधित मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर की परिधि के बाहर ही उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ रहने हैं। इलेक्शन बूथ में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इसके अंदर कोई खाद्य पदार्थ नहीं परोसा जाए, न हीं भीड़ की अनुमति दी जाएगी। साथ ही किसी भी इलेक्शन बूथ में प्रत्याशियों के प्रतीक चिन्ह अथवा झंडे लगाना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केन्द्र परिसर के 200 मीटर की परिधि को चिन्हित किया जाना है।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण लेबनान में इजरायल ने फिर किया भीषण हमला, 10 दमकल कर्मियों की मौत

**बेरूत :** लेबनान पर इजरायल की ओर से लगातार भीषण हमले किए जा रहे है। एक बार फिर दक्षिण लेबनान पर इजरायल ने बड़ा हमला किया है, जिसमें 10 दमकल कर्मियों की मौत हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले के बाद कहा कि मलबे के नीचे और लोग दबे हुए हैं। मंत्रालय ने मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। इसके साथ ही कहा गया है कि दमकलकर्मी बाराचित शहर में एक नगरपालिका भवन में थे। हमला उस वक्त हुआ जब दमकल कर्मी एक बचाव अभियान पर निकलने की तैयारी कर रहे थे।

### पाकिस्तान में फितना अल-ख्वारिज समूह के सात आतंकवादी मारे गए

**लाहौर :** पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक विभाग ने मकरवाल-मियांवाली के पास खुफिया आधारित अभियान में प्रतिबंधित फितना अल-ख्वारिज समूह के सात आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान आठ आतंकी भागने में सफल रहे। एआरवाई न्यूज चैनल ने आतंकवाद निरोधक विभाग के हवाले से सोमवार को यह खबर अपने पोर्टल पर साझा की। विवरण के अनुसार, इस दौरान घटनास्थल से छह हथगोले, सुरक्षा फ्यूज तार, सात कलाश्निकोव, गोलियां और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। भागे आतंकवादियों की तलाश की जा रही है। यह आतंकी मियांवाली में हमले की योजना बना रहे थे।

### गुजरात की विकास यात्रा का उत्सव विकास सप्ताह शुरू

**गांधीनगर :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा राज्य मंत्रिमंडल के मंत्रियों, मुख्य सचिवों, वरिष्ठ सचिवों तथा अधिकारियों ने सोमवार को विधानसभा पोडियम में आयोजित सामूहिक प्रतिज्ञा पठन में शामिल होकर 'भारत विकास प्रतिज्ञा' ली। इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण के संकल्प पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करना है। इसमें आम नागरिकों को भी जोड़ा जाएगा।

### रिश्वत लेने के आरोपित को चार साल की सजा

**रांची :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को रिश्वत लेने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए दोषी सीएमपीडीआई रांची के सिविल इंजीनियर उमा शंकर कुमार को चार साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर आठ हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। सीबीआई की ओर से वरीय लोक अभियोजक प्रियांशु कुमार सिंह ने पक्ष रखा.सीबीआई ने अभियुक्त इंजीनियर को नवंबर 2017 को 13 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। मामले के शिकायतकर्ता नंद गोपाल त्रिपाठी से बैंक गरांटी और सुरक्षा जमा जारी करने के एवज में रिश्वत ले रहा था।

## कोर्ट से लालू-तेजस्वी और तेज प्रताप को मिली राहत



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू केस ने सोमवार को तीनों को जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि आरोपियों को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था। मामले की अगली सुनवाई 25 अक्तूबर को होगी।जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू, तेजस्वी, तेज प्रताप समेत 8 आरोपियों की पेशी हुई। इसमें अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह और किरण देवी शामिल थे। इससे पहले ईडी ने मामले में पूरक आरोप पत्र दायर किया था।

इसके आधार पर कोर्ट ने तीनों को समन भेजा था। लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप है। दरअसल, मामला 2004 से 2009 तक लालू के रेल मंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। आरोप है कि राजद सुप्रीमो के परिवार और सहयोगियों के नाम पर नियुक्तियां उपहार में दी गई या हस्तांतरित की गई भूमि के बदले में की गई थी। बता दें कि मामले में तेज प्रताप यादव पहली बार कोर्ट में पेश हुए। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में आवश्यक जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्यकारी आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय को छिपाने में शामिल थे।

### झारखंड में उम्मीदवारों के नामों को लेकर भाजपा ने की बैठक

**नई दिल्ली :** झारखंड विधान सभा चुनाव को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी हिमन्त बिस्वा सरमा, झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा, केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद दीपक प्रकाश,समीर उरांव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, झारखण्ड भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, झारखंड में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू पहुंचे। बैठक में चुनावी रणनीति के साथ-साथ झारखंड में उम्मीदवारों के नामों को लेकर गहन चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार सभी विधानसभा के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम के चयन की बात की गई। हालांकि उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम निर्णय केन्द्रीय चुनाव समिति करेगी। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर सहयोगी दलों के लिए भी सीट आवंटन पर बात की गई।

## पीएम मोदी व मालदीव के राष्ट्रपति ने कई समझौते पर किए हस्ताक्षर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते और 30 अरब रुपए की सहायता प्रदान करने के भारत सरकार के फैसले के लिए धन्यवाद दिया। मुइज्जू ने कहा,मैं 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते के अलावा 30 अरब रुपये की सहायता प्रदान करने के भारत सरकार के फैसले के लिए आभारी हूं, यह मदद हमारे सामने मौजूद विदेशी मुद्रा से जुड़े मुद्दों को हल करने में सहायक होगा।पीएम मोदी और मुइज्जू ने राष्ट्रीय राजधानी के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद भारत ने आज नकदी की कमी से जूझ रहे मालदीव को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ट्रेजरी बिल रोल ओवर प्रदान किया, इसके अलावा दोनों पक्षों ने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर और



3,000 करोड़ रुपये के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास साझेदारी को नई दिल्ली-मालदीव संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि भारत ने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को पहले रखा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,विकास के लिए साझेदारी हमारे (भारत-मालदीव) संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमने हमेशा मालदीव के लोगों की प्राथमिकताओं को पहला स्थान दिया है। इस साल, एसबीआई ने मालदीव के ट्रेजरी बेंच के 100 मिलियन डॉलर का रोलओवर किया। मालदीव की जरूरतों के अनुसार, 400 मिलियन डॉलर और 3000 करोड़ रुपये के मुद्रा स्वैप समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर मालदीव के राष्ट्रपति और प्रथम महिला साजिदा मोहम्मद का स्वागत किया। मुइज्जू ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की।

## नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की रणनीति की हुई सराहना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया।इस महत्वपूर्ण बैठक का केंद्र बिंदु छत्तीसगढ़ का हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ नक्सल विरोधी ऑपरेशन था,



जिसमें राज्य की पुलिस ने 31 नक्सलियों को ढेर किया है। इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस की कुशल रणनीति और राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय तथा छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों ने लगभग 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराए हैं। वहीं 801 नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 742 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त हैं, उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा से जुड़ें। सभी राज्यों ने आपके पुनर्वास के लिए बेहतर योजनाएं बनाई हैं, उसका फायदा लीजिए।

### अगले सत्र से पेपर लैस होगी राजस्थान विस : देवनानी

**जयपुर (एजेंसी):** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में कई नवाचार किए जा रहे हैं। अगले सत्र से प्रदेश की विधानसभा पूरी तरह से पेपरलैस होगी। इसके लिए सदन में तकनीकी कार्य चल रहे हैं।देवनानी उदयपुर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मीडिया को अवगत कराया कि विधानसभा में प्रत्येक विधायक की टेबल पर आईपैड सेट किए जा रहे हैं।




### रांची का तापमान

अधिकतम $27^0$

न्युनतम $20^0$

## संक्षिप्त खबरें

### चुन चुन कर घुसपैठिए किए जायेंगे बाहर शिवराज सिंह

**रांची:** केंद्रीय मंत्री एवम झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़ रहे हैं।संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन आया है। आदिवासी आबादी 44त्नसे घटकर 28त्नपहुंच गई।इसके अतिरिक्त सामान्य आबादी भी प्रभावित हुई है।कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आधार कार्ड बनाए जा रहे,वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा रहे। यह सब वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हो रहा।उन्होंने कहा कि घुसपैठिए आते हैं,यह बसते हैं।आदिवासी बहन बेटियों से शादी करते है और उनकी जमीन हड़पते हैं। कहा कि रुबिका पहाड़िया जैसी बेटी की टुकड़ों में काटकर निर्मम हत्या हुई है। अंकिता को जलाकर मार दिया गया।कहा कि घुसपैठिए अब आदिवासी बेटियों से शादी कर स्थानीय सरकार पर भी कब्जा कर रहे।

### सम्मानित हुए कैंब्रियन पब्लिक स्कूल काठीटांड के प्रधानाध्यापक

**रांची:** शुक्रवार को झारखंड के राजभवन में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कैंब्रियन पब्लिक स्कूल काठीटांड के प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र यादव को झारखंड के महामहिम संतोष गंगवार एवं राँची के सांसद एवं केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ द्वारा सम्मानित किया गया। श्री वीरेंद्र के इस महान उपलब्धि के लिए विद्यालय के अध्यक्ष परमा सिंह, समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

# दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव, भारी वाहनों पर रहेगी रोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची और इसके आस पास के चौक,चौराहों,सड़क के किनारे सभी ओर शहर में दुर्गोत्सव की घूम मची है। इस दौरान श्रद्धालुओं की भी भीड़ सड़को पर उमड़ पड़ती है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव कर दिया है।



**9 से 13 अक्टूबर तक शाम चार बजे से छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा:** बता दें दुर्गा पूजा को लेकर 9 से 13 अक्टूबर तक रांची के मुख्य मार्गो पर शाम चार बजे से छोटे व बड़े वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इसे लेकर ट्रैफिक एसपी ने रविवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत सभी प्रकार के निजी वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा।

**इन रुट पर दे ध्यान:**
शहर के सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट, जीईएल चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेगी। पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाडियों का परिचालन सुबह चार बजे से शाम चार बजे तक मीनाक्षी सिनेमा हाल के मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक और यहां से हरमू चौक की ओर होगी।

हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाली ऐसी सभी दो पहिये वाहन किशोरगंज से आगे पहाडी मंदिर मोड़ से मीनाक्षी सिनेमा मोड़ और रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जायेंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जायेंगे। कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाडियों जाकिर हुसैन पार्क,रेडियम रोड़ होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाडियों जेपीएससी कार्यालय तक, बरियातू रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाडियों लाइन टैंक रोड स्थित रामगढ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाडियों मिशन चौक तक ही आ सकेगी।

**ये रुट वन वे :** लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन-वे रहेगा। सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जायेंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाडियों कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी। हरमू रोड से छोटी गाडियां अरगोड़ा चौक, कडरू, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटोटोली जा सकती है। कांके रोड से आने वाली गाडियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर या कांटाटोली वो तरफ जा सकती हैं। मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

## पुअनि निर्मल यादव को इलाज के लिए उप-महानिरीक्षक कार्मिक ने किया मदद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** गुमला जिला के पुअनि निर्मल यादव डियूटी के दौरान हार्ट अटैक होने के कारण कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।वहां उक्त पु.अ.नि हार्ट का सफल ऑपरेशन हुआ है । इनको तत्काल सहायता राशि के लिए लिखा गया था थोड़ा लेट हुआ परंतु निर्मल यादव के बेटे अमन कुमार को 1 लाख नगद राशि पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद आलम सर के द्वारा दिया गया । आदेशानुसार मैं (महामंत्री मो.महताब आलम) , संयुक्त सचिव रंजन कुमार दानों सदस्य पहुंचकर पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक नौशाद सर के द्वारा आसवासन दिया गया कि जो भी मदद होगी, हर संभव मदद किया जायेगा।

उनके परिवार को आश्वासन दिए कि उनके साथ पूरी प्रांतीय टीम उनके साथ खड़ी है और जो भी मदद होगी वह हर संभव मदद किया जाएगा।

## डा आशा लकड़ा ने जनजातियों के साथ किया संवाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने सोमवार को अनगड़ा प्रखंड कार्यालय में जनजातियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों की जानकारी। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई। जमीन से संबंधित कई मामले भी सामने आए। मसना व सरना स्थल की घेराबंदी नहीं कराई गई है। इसके अलावा पेंशन, पीएम आवास से संबंधित कई मामले भी सामने आए। सूची में संबंधित लाभुकों का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

## भाजपा ग्रामीण किसान मोर्चा ने उपायुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष पशुपति शाहदेव की अध्यक्षता में किसानो की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रांची जिला ग्रामीण की एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो की भारी बारिश के कारण खास करके किसानो की सब्जी की खेती पूरी तरह बर्बाद हो गई। धान अधिप्राप्ति पर बोनस, रबी सीजन के बीच पर 90त्न अनुदान, मिलेट्स/ श्री अन्न बीज की सुलभता एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना का लाभ विषयों पर विज्ञापन सोपा गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा रांची जिला ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष कामेश्वर महतो, मोर्चा के उपाध्यक्ष दुर्गा महतो, मीडिया प्रभारी पंचम महतो, ठाकुरगांव मंडल के महामंत्री रामकुमार महतो, मेसरा मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र महतो,रातु से अनील , पिढोरिया मंडल के अध्यक्ष चेतन ठाकुर, मतीश्वर महतो, बेढवारी ठाकुरगांव, रिक लाल महतो बढवारी ठाकुरगांव, गणेश गोपएंव बाबूलाल महतो शामिल थे।

## मेकन से लेकर सिरम टोली तक फ्लाइओवर का हो जाएगा जुड़ाव : सुनील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पथ निर्माण विभाग सह नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि कांटा टोली फ्लाइओवर का उद्घाटन कर दिया गया है।

अब मेकन से लेकर सिरम टोली तक का जो फ्लाइओवर का निर्माण कार्य होना था , इसको तेजी के साथ आगे बढ़ा दिया गया है।

रांची रेलवे विभाग द्वारा जो परमिशन लेने की बात थी, पांच चरणों में परमिशन दिया गया है , सभी चरणों को पूरा करते हुए अब इसके काम में तेजी लाई गई है। विश्वास है दिसंबर तक मेकन सिरम टोली फ्लाइओवर को एक दूसरे से जोड़ दिया जाएगा। वाहनों का आवागमन भी शुरू हो जाएगा । सुनील कुमार ने कहा कि कांटा टोली फ्लाइओवर बनाने में जितने काम किए गए हैं , बिजली कनेक्शन, टेलीफोन कनेक्शन, पानी पाइप को हटाना इसके अलावा धार्मिक स्थल को भी हटाया गया। सरकारी आवासीय की जो बाउंड्री थी सबको हटाया गया है। और इस तरह से कांटाटोली फ्लाइओवर का निर्माण कराया गया । इसी तरह से मेकन का जो फ्लाइओवर जो सिरम टोली तक जाना है , यह रांची रेलवे के ऊपर से गुजरेगी इसके लिए जो प्रक्रिया होती है रेलवे की उसे पूरी कर ली गई है। दिसंबर 2024 तक यह पूरा हो जाएगा।

## भारत आदिवासी पार्टी ने कहा आदिवासी हित में सोचें सरकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** भारत आदिवासी पार्टी झारखण्ड प्रदेश की बैठक धूमकुड़िया सभागार करम टोली रांची मे प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। इस बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रभाकर तिर्की शामिल हुए। इस बैठक मे 2024 की विधानसभा चुनाव को लेकर विचार मंथन की गई। भारत आदिवासी पार्टी पूरे दम खम के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेगीद्य सभी कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा गया कि गांव पर जाने का काम करें। क्योंकि सभी राजनीतिक पार्टियों आदिवासियों के जन मुद्दे को लेकर के जैसे- पेसा कानून, धर्मकोड,समता जजमेंट ग्रामसभा शक्तियां, स्थानीय नियोजन नीति आदि विषयों पर नीतिगत फैसला नहीं लिया गया है । आदिवासियों को




मंईया और गोगो देवी योजना लाकर सरकार आदिवासियों को मुर्ख बनाना चाहती है। भारत आदिवासी पार्टी आने वाला चुनाव में सत्ता में आती है तो नीतिगत फैसले लेकर के हर व्यक्ति को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगी। इस बैठक में सब समिति से निम्नलिखित प्रताप पारित की गयी। भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रावत 14 15 अक्टूबर 2024 को रांची झारखंड आ रहे हैं 14 /10 /2024 को झारखंड के कार्यकर्ताओं से रांची से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा 15 10 /2024 को चाईबासा में विशाल रैली को संबोधित करेंगे जिसमें विभिन्न पार्टी के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता पार्टी में शामिल होंगे और जमशेदपुर होकर रांची प्रस्थान करेंगे। भारत आदिवासी पार्टी के सांसद राजकुमार रावत को एयरपोर्ट में भव्य आदिवासी संस्कृति के साथ स्वागत किया जाएगा। जिला अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है की सभी बिधानसभा से उम्मीदवार का नाम भेजें। इस कार्यक्रम मे कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप कृष्णा हांसदा,जागरे उरांव अभय भूट कुंवर, मर्यानुस तिग्गा भगत, रामआशीष, करमाली, चंद्रशेखर मुंडा,कविता तिग्गा यदि शामिल हुए।

## आरबीआई द्वारा राष्ट्रव्यापी क्विज का करेगी आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस वर्ष अपनी स्थापना का 90वां वर्ष मना रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला के तहत, आरबीआई ने स्नातक में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'आरबीआई90क्विज' का आयोजन किया है। आरबीआइ 90 क्विज' एक टीम-आधारित प्रतियोगिता है, जिसे कई चरणों में आयोजित किया




जा रहा है। इसका ऑनलाइन चरण 19-21 सितंबर, 2024 को संपन्न हुआ। ऑनलाइन चरण में प्रदर्शन के आधार पर कॉलेज से टीमों को राज्य स्तरीय राउंड में भाग लेने के लिए चयनित किया गया। झारखण्ड राज्य के लिए 'आरबीआई90क्विज' का राज्य स्तरीय राउंड हॉलिडे होम, कांके रोड, राँची में आयोजित किया गया, जिसमें 140 छात्रों (70 टीमों) ने भाग लिया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर (एनआईटी, जमशेदपुर) की टीम जिसमें तरुण आनंद एवं दिवयांशु कुमार शामिल थे, विजेता के रूप में उभरी, जबकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद (आईआईटी, धनबाद) और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राँची (आईआईआईटी, राँची) की टीमों ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। शीर्ष तीन टीमों को क्रमशः 2 लाख, 1.5 लाख और 1 लाख के पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेता टीम अब क्षेत्रीय राउंड में भाग लेगी, जो 21 नवंबर 2024 से 4 दिसंबर 2024 के बीच आयोजित होगा। राष्ट्रीय स्तर पर अंतिम राउंड दिसंबर 2024 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा का गोगो दीदी योजना का फार्म फर्जी : झामुमो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा के गोगो दीदी योजना के फार्म को फर्जी करार देते हुए कहा है कि उसमें रिजिस्ट्रेशन संख्या ही नहीं है। सुप्रियो सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को मैंने एक पत्र लिखा है। पत्र में वर्तमान कार्यरत राज्य सरकार के कार्याकाल पूरी करने के नियमित समयानुसार छठा विधान सभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए आवेदन दिया हूं। उन्होंने कहा कि पंचम् विधानसभा के गठन के लिए सम्पन्न साधारण निर्वाचण का फलाफल 23 दिसम्बर, 2019 को हुआ था। राज्य विधानसभा का गठन तत्पश्चात सम्पन्न हुआ था। पंचम विधानसभा का कार्यकाल औपचारिक तौर पर पांच जनवरी, 2020 से शुरू हुआ जबकी राज्य सरकार का गठन 29 दिसम्बर, 2019 को हुआ था। वर्तमान राज्य सरकार विगत विधानसभा के गठन में प्राप्त जनादेश के आधार पर ही कार्यरत है। लोकतंत्र में जनादेश ही एकमात्र रास्ता है, जो राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करता है। जनादेश के एक दिन का भी क्षय लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था के विरूद्ध है। उन्होंने लिखा है कि आप उच्च संवैधानिक संस्था के प्रमुख पद पर आसीन हैं एवं लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संरक्षक की भूमिका में हैं। वर्तमान में सम्पन्न हरियाणा विधानसभा साधारण निर्वाचन अपने पूर्ण कार्यकाल के कार्यादिवसों के पूर्ण उपयोग के लिए समय पर सम्पन्न करवाया गया। आसन्न महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल भी 26 नवम्बर तक निश्चित है, जबकि हमारे राज्य के विधानसभा का कार्यकाल अगामी दिसम्बर के अंतिम सप्ताह तक है। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा है कि राज्य में वर्त्तमान राज्य सरकार के कार्यावधी के बीच कोई भी निर्वाचन की प्रक्रिया समयपूर्व शुरू न की जाय ताकि सरकार अपने पास सुरक्षित जनादेश का दायित्व कार्यकाल पूर्ण होने तक निर्वहन कर सके।

## गोगो-दीदी योजना से गजब डरी हुई है झामुमो-कांग्रेस-राजद : बाउरी

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री का यह डर अच्छा है। उन्होंने कहा कि कोई यदि राज्य की महिलाओं को हक देने का प्रयास कर रहा है तो हेमंत को परेशानी है। अभी यदि बांग्लादेशियों को किसी योजना का लाभ देना होता तो हेमंत सोरेन समर्थन में सबसे आगे खड़े होते। बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आसपास के मदरसा छाप लोग आधी-अधूरी जानकारी देते हैं। इसलिए कुछ चीजें आपको बतानी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व इंडी ठगबंधन खुलेआम महिलाओं से फार्म भरवा रही थी।

## मैं खुद भरवाऊंगा गोगो दीदी योजना का फॉर्म सरकार दर्ज कराए मुकदमा : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राची:** चुनाव आयोग द्वारा राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जिला पदाधिकारियों को अपने एक्स हैंडल से दिए गए निर्देश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मरांडी ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता के बढ़ते रुझान एवम समर्थन से मुख्यमंत्री बौखलाहट में हैं। ऐसा लगता है उन्हे संवैधानिक ज्ञान का अभाव है। वे गलत सलाहकारों से घिर चुके हैं। कहा कि पंच प्रण के तहत गोगो दीदी योजना द्वारा भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में सरकार बनने के तुरंत बाद 2100 रुपए प्रति माह भेजे जाएंगे। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से फॉर्म भरवा रहे हैं, ताकि महिलाओं को उनके अधिकार और सशक्तिकरण का लाभ मिल सके। कहा कि हेमंत सोरेन सरकार इस जनकल्याणकारी योजना को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है और तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है, ताकि वे अपने मिशन से पीछे हट जाएं।कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को एक बार फिर से आगाह कर देना चाहता हूं कि आप चाहे जितने भी झूठे मुकदमे दर्ज करवा लें, हम भाजपाकार्यकर्ता आपके इन दमनकारी हथकंडों और गीदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। पहले भी आपने कई मुकदमे दर्ज कराए हैं, परंतु हम पीछे नहीं हटे और न ही हटेंगे।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता करते हुए कहा कि वे गोगो दीदी योजना के फॉर्म भरवाने के कार्य को हर घर तक पहुंचाएं। राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके उत्थान के लिए इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करें। आपकी



मेहनत से राज्य की महिलाएं सशक्त होंगी और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। कहा कि सभी कार्यकर्ता बंधुओं को आश्वस्त कर देना चाहता हूं कि मैं खुद भी स्वयं आप लोगों के साथ मिलकर अपनी माताओं बहनों के बीच जाकर उनकी उन्नति और प्रगति के लिए गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाऊंगा।

## युवा दस्ता ने श्री दुर्गापूजा महोत्सव में जारी किया हेल्पलाइन नंबर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** युवा दस्ता के द्वारा श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2024 को सफल बनाने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया । मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्यों का सेवा कार्य विषर्जन तक जारी रहेगा । मिश्रा ने सभी माँ भवानी के भक्तों एवं दर्शनार्थियों से बेफिक्र हो कर माँ भवानी के दर्शन करने का आवाहन किया एवं बच्चों और बुजुर्गों के पॉकेट में नाम , पता और फोन नंबर लिख कर डालने की अपील की । मिश्रा ने युवा दस्ता का



हेल्पलाइन नंबर जारी किया एवं बताया कि अगर किन्ही को किसी प्रकार की सहायता की जरूरत हो तो वो दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते है ।

युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया इस वर्ष 2024 में श्री दुर्गा पूजा मोहत्सव में

**जो इस प्रकार है -**

| | |
|---|---|
| 1. राजीव रंजन मिश्रा - 9431574184 | 9. साहिल कुमार - 6205165791 |
| 2. शंकर दुबे - 9304265352 | 10. राकेश कुमार सिंह - 8877111185 |
| 3. राजेश गुप्ता - 7903714760 | 11. राजेश राम -9934582050 |
| 4. गोपाल पारीक - 9470371244 | 12. नवनीत पांडेय - 7903340844 |
| 5. उपेन्द्र रजक - 9431107127 | 13. सुमित साहू - 6207279878 |
| 6. पीयूष आनंद - 8210311003 | 1. मनीष केसरी - 9631894757 |
| 7. राहुल सिन्हा चंकी - 9334947541 | 2. ज्योति शंकर साहू - 9334355968 |
| 8. मंटू दुबे - 9431762726 | 3. मुन्ना बड़ाईक - 9199533113 |

आकर्षक प्रतिमा के साथ परंपरागत पूजा को करने वाले पूजा पंडालो को युवा दस्ता के पदाधिकारी रहे प्रेम वर्मा , औद्योगिक दुर्गापूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद स्व वेद प्रकाश सिंह , स्व तिलक आजमानी , स्व ज्ञान प्रकाश जलन एवं स्व उदय शंकर ओझा के स्मृति में आकर्षक पुरस्कार देने का निर्णय लिया है ।

## मुख्यमंत्री ने बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल का किया अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर सोमवार को दीपा टोली स्थित बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माता रानी के दरबार में शीश नवाकर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। पूजा समिति के उपाध्यक्ष मनोज गोप ने कहा कि इस वर्ष के पूजा पंडाल के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि आम लोग अधिक से अधिक पशु-पक्षियों का ख्याल रखें और उन्हें पिंजड़े में कैद न करें। इस बार का थीम न केवल श्रद्धालुओं के लिए जिज्ञासा का विषय है, बल्कि यह समाज में जागरुकता फैलाने का भी एक



माध्यम है। पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष रमेश गोप, सचिव शिव कुमार महतो, उपाध्यक्ष रूपेश सिंह, संदीप मौर्य, बिस्वजीत गोप और मुख्य संरक्षक उमेश राय का अहम योगदान है।

## विस चुनाव की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार करें कार्यों का निष्पादन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर सभी कोषांगों के वरीय, प्रभारी एवं सहायक प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 08 अक्टूबर की शाम तक सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी अपने कोषांग की बैठक कर निर्वाचन की तैयारियों एवं कोषांगों की कार्ययोजना से संबंधी अधतन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे । एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री



अनिकेत सचान समेत अन्य सभी संबंधित कोषांगों के पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा क्रमवार निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, ईवीएम कोषांग, स्वीप कोषांग, सामग्री कोषांग, व्यय लेखा कोषांग, मतपत्र कोषांग, वाहन कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, सूचना एवं तकनीकी कोषांग, एमसीसी कोषांग, मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग, कंट्रोल रूम, प्रेक्षक कोषांग, पीडब्लूडी कोषांग के कार्ययोजना की जानकारी ली गई साथ ही क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाये रखने के लिए जरूरी है कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों को अच्छी तरह से समझ लें। उन्होंने सभी कोषांगों को निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप तैयार कार्ययोजना एवं उसके सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के संदर्भ में निर्देशित किया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि स्वीप कोषांग व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करे ताकि एक-एक मतदाता को मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक किया जा सके। बैठक में उप नगर आयुक्त जेएनएसी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत सभी संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## 8 सूत्री मांगों को लेकर आज से हड़ताल पर रहेंगी आंगनवाड़ी सेविकाये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** प्रखंड के बाल विकास परियोजना सभागार में सोमबार को प्रखंड के आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका ने महिला पर्यवेक्षिका को ज्ञापन सौंप कर 8 अक्टूबर से हड़ताल में रहने का पत्र सौंपा। वही आंगनवाड़ी सेविका कौशल्या महतो ने बताया कि राज्यभर की आंगनवाड़ी/ सहायिका अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर 23 सितम्बर को रांची के मोहराबादी मैदान में रैली की शक्ल में पहुँच कर प्रदर्शन किया था। जंहा सरकार के प्रतिनिधि के रूप में गिरिडीह के विधायक सुदीप्त कुमार सोनू ने भरोसा दिलाया कि 27 सितम्बर को कैबिनेट की बैठक में इस पर विचार होगा, लेकिन स्थिति जस का तस है। वही उन्होंने बताया कि



जब तक सरकार सेविका/सहायिका का मांग नहीं पूरा करती है तब तक चुनाव या अन्य किसी भी प्रकार का कार्य सेविका द्वारा नहीं किया जाएगा। मौके पर रीता सिन्हा, हरगौरी देवी, शांति देवी, बसंती उरांव, सत्यवती कवि सहित सैकड़ों आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।

## गोगो दीदी योजना को भाजपा सोनारी ने भरवाया 11000 फार्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में गोगो दीदी योजना के लिए विशेष शिविर लगाया गया। आज और कल दो दिनों में 11000 महिलाओं को फार्म भरवारा गया एवं मोदी जी की गारंटी के आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सरकार बनते ही प्रथम माह से ही डीबीटी के माध्यम से 2100 रुपया की पहली किस्त झारखंड के माता एवं बहनों के सम्मान में अकाउंट में डाला जाएगा। इस शिविर में मुख्य रूप से पश्चिम विधान सभा चुनाव प्रभारी सत्य नारायण सिंह, सांसद प्रतिनिधि पश्चिम विधान सभा के चित्तरंजन वर्मा, जिला मिडिया प्रभारी अखिलेश सिंह, सुनील सिंह समेत कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न चौक चौराहे पर शिविर



लगाकर फार्म भरवाया गया। मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार ने कहा कि महिलाओं के विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए यह राशि काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। सत्यनारायण सिंह ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनते ही राज्य के सभी लोगों को पीएम आवास मुहैया कराएगी, पीएम आवास के लिए लोगों को मुफ्त बालू उपलब्ध कराया जाएगा।

## डॉ. अजय ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के नाम लिखा खुला पत्र, कहा

# भाजपा के बांटो और राज करो के खिलाफ एकजुट होने का है समय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने सोमवार को जमशेदपुर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं एव नेताओं के नाम पत्र लिख कर उनसे एकजुट रहने का आह्वाहन किया. उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि भाजपा की बांटो और राज करो नीति के खिलाफ एकजुट रहने का समय है. अंग्रेजों की तरह बीजेपी भी बांटो और राज करो



की नीति में विश्वास करती है. जिसका हमें सामना करना है और भाजपा की डिवाईड एवं रुल की नीति के संबंध में लोगों को जागरुक करना हम सब की जिम्मेवारी है. डॉ अजय ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैला कर लोगों को बांटने का कार्य कर रही है. उनका एक ही मकसद है फूट डालो और राज करो जो भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरनाक है. कांग्रेस सभी धर्मों एवं जातियों का सम्मान करती है. हमारी कोशिश समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाना है. झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार इसी नीति पर कार्य कर रही है. हमारी मईया योजना आधी आबादी के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है. हमें 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुंहतोड़ जवाब देना है. झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना है ताकि झारखंड को हम विकसित राज्य बना सकें.

## बीडीओ ने पटमदा के कई दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** बीडीओ पियुषा शालीना डोना मिंज ने सोमवार को पटमदा क्षेत्र के 4 पूजा पंडालों का निरीक्षण करते हुए जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जरूरी तैयारियां पूरी करने का निर्देश सभी पूजा कमेटी को दिया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पंडाल की ऊंचाई, पंडाल की दूरी किसी मकान, संस्थान या गैस गोदाम, ट्रांसफॉर्मर, हाई टेंशन से कितनी है, इसकी जांच की गई। इसके अलावा पंडाल में महिला एवं पुरुष दर्शनार्थियों के लिए प्रवेश/निकास के लिए अलग -अलग रास्ते बनाए जा रहे हैं या नहीं और इनकी चौड़ाई पर्याप्त रखी गई है या नहीं आदि शामिल हैं। उन्होंने बेलटांड़ चौक, पटमदा बाजार, कुलटांड़ व गोबरघुसी स्थित पंडाल में कमेटी के पदाधिकारियों से चर्चा की। मौके पर मुख्य रूप से ईशान चंद्र गोप, प्रदीप कुमार पैड़ा, रंजीत माझी, दीपक कुमार दत्त, भवानी दास, विजय कुमार सिंह, विरेंद्र प्रताप सिंह, शरत सिंह सरदार, यदुनाथ गोराई, चंदन सिंह व कृष्णपद सिंह आदि मौजूद थे।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा का ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बने सचिन तेंदुलकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बड़े वैश्विक नेटवर्क वाले भारत के सबसे भरोसेमंद बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर को बैंक के वैश्विक ब्रांड एंबेसडर के रूप में अनुबंधित किए जाने की घोषणा की। सचिन तेंदुलकर और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बीच यह साझेदारी बैंक के उत्कृष्टता और विश्वास जैसे बुनियादी मूल्यों पर आधारित है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा सचिन के साथ मिलकर अपने पहले अभियान प्ले द मास्टरस्ट्रोक की शुरूआत कर रहा है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की 17 देशों में व्यापक उपस्थिति है और एक वैश्विक स्पोर्ट्स ब्रांड के रूप में सचिन वैश्विक मंच पर बैंक के ब्रांड को और ऊंचाई पर लेकर जाएंगे। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और सीईओ देबदत्त चांद ने कहा, भारत के खेल दिग्गजों में से एक सचिन तेंदुलकर को अपना



वैशविक ब्रांड एंबेसडर घोषित करना बैंक ऑफ़ बड़ौदा के लिए बहुत गौरव का क्षण है। सचिन एक वैश्विक आइकन हैं जिन्होंने हमेशा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व किया है। सचिन तेंदुलकर ने कहा, मुझे बैंक ऑफ़ बड़ौदा, के साथ जुड़ते हुए खुशी है, और यह एक ऐसी संस्था है जो निरन्तर समय के साथ उन्नति के पथ पर अग्रसर है और आज के समय मे अपना स्थान कायम किए हुए है

## हैप्पी बर्थ डे रजनी से गूंजा दलमा वाइल्डलाइफ सेंचुरी, विधायक ने काटा 20 पाउंड का केक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** सरायकेला जिले के चांडिल प्रखंड के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी माकुलाकोचा में 2 अक्टूबर से वन्य प्राणी सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम के समापन समारोह में हथिनी रजनी का 15वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान 20 पाउंड का केक काटा गया। इस मौके पर ईचागढ़ विधायक सबिता महतो शामिल हुए एवं स्कूली बच्चों, वनरक्षियों, ग्रामीणों व वन पदाधिकारियों के साथ हाथनि रजनी की 20 पाऊंड केक काटकर शुभकामनाएं दी। वहीं हैप्पी बर्थडे रजनी से गूंजता रहा दलमा। इस दौरान विधायक ने स्कूली बच्चों कों उत्साहित करते हुए आपने हाथो से पुरस्कार वितरण किया। दलमा रेंजर दिनेश चंद्रा ने कहा कि रजनी के जन्मदिन पर लोगों को जंगली जानवरों के प्रति जागरूक करने का भी इस आयोजन का एक मकसद है. वन विभाग लोगों कों यह संदेश देना चाहता है कि जानवर



भी पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण हैं और उनका हमारे जीवन में खास महत्व है. हथिनी के बर्थडे सेलिब्रेशन के लिए आयोजन स्थल को बैलून से सजाया गया था. उसे खाने के लिए केले, भुट्टे और लौकी दिए गए. इस मौके पर दलमा इको विकास के अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, अचिंत कुमार राणा, सागर कुमार श्रीवास्तव, मनोहर कुमार, सुराय, एवं स्कूल के बच्चें समेत ग्रामीणों मौजूद थे।

## 12.75 करोड़ से निर्माण होने वाले 6 सड़को का विधायक सविता महतो ने किया भूमिपूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में 21.65 किमी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन सोमवार को विधायक सविता महतो ने शीलापट्ट अनावरण कर किया। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र मे 12 करोड़ 75 लाख कि लागत से निर्माण होने वाले 6 प्रमुख सड़कों का भूमि पूजन किया गया। जिसमें, बड़ा आमड़ा (हुटूप )से डूंगरीडीह भाया हुंडी 5.2 किमी, सितु से हड़तालडीह तक 3.8 किमी, झारुवा से चोगा तक 2.6 किमी, कुमारडीह से बड़ा चुनचुरिया तक 2.95



किमी, टिकर सिल्ली रोड से बंगाल बॉडर भाया रघुनाथपुर तक 3.9 किमी व सितु बड़ालापांग रोड से सापड़ा तक 3.2 किमी सड़क का विशेष मरम्मति किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने कहा 21.65 किमी सड़क का निर्माण 12 करोड़ 75 लाख कि लागत से किया जाएगा। इस क्रम मे विधायक ने चांडिल प्रखंड क्षेत्र के फदलोगोड़ा मे 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत आवद्ध /अनावद्ध मद से स्वीकृत अनिल महतो के घर से शिष्टपद गोप के घर तक 4 सौ फिट पीसीसी व सिमा गोदा पाथरडीह मे राकेश हेंब्रम के घर के सामने जलमिनर निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। विधायक ने कहा 15 वें वित्त आयोग के दोनों योजनाओं का निर्माण करीब 13 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मुखिया बिदू मुर्मू, पंसस माधवी सिंह, उपमुखिया प्रदीप महतो, आदि काफी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 3 माह से राशन नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ खोला मोर्चा, बीडीओ से कार्रवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के जोजोडीह पंचायत अंतर्गत तेलीसाई के कार्डधारियों को अगस्त से अक्टूबर तीन माह का राशन नहीं देने पर ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। सोमवार को तेलीसाई में ग्राम प्रधान नंदलाल बंदिया की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि तेलीसाई के डीलर विनोद नायक ने कार्डधारियों को विगत अगस्त से अक्टूबर तक तीन माह का राशन नहीं दिया है जिसके विरोध में ग्रामीणों ने जनवितरण प्रणाली दुकान में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राशन वितरण नहीं करने पर खरसावां बीडीओ प्रधान माझी को लिखित ज्ञापन पत्र सौंप कर डीलर के उपर उचित कार्रवाई करने की मांग किया। इस दौरान संतोष हेंब्रम, चिरंजीत कुमार, अमित सिंह, गोविंद बंदिया, दीपक सिंह, जगन्नाथ साहू, राजाराम, अर्जुन बंदिया, कृष्ण कैवर्त, इंद्र कैवर्त, शिवचरण तियु, मनमीत सिंह, माला देवी प्रतिमा देवी आदि उपस्थित थे।

## सफ वेलफेयर ने फाउंडेशन डे पर सिमिदिरी मध्य विद्यालय में किया पौधारोपण व क्विज

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सफ वेलफेयर सोसाइटी के स्थापना के 3 वर्ष पूरा होने पर चक्रधरपुर प्रखंड के सिमिदिरी मध्य विद्यालय में पौधा रोपण व क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। क्वीज में बच्चों को सवालों के सही जवाब देने पर पुरुस्कृत किया गया और बच्चों



का हौसला बढ़ाया गया। उसके बाद स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अहमद जमाल, इशरत जहां, नीलम रौशनी मिंज, जानकी, मेहपारा फातमी, खुशनुमा परवीन, सफ वेलफेयर के मेंबर्स शाहबाज आलम, राज रहमान, आरिफ राजा, एमडी इमरान, राहिल राशिद, नवाज खान और गिलमन अनवर शामिल थे।

## दुर्गा पूजा के दौरान हेलमेट चेकिंग पर रोक लगाए जिला प्रशासन : डा. अजय कुमार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा. अजय कुमार ने वरीय आरक्षी अधीक्षक को पत्र लिख कर दुर्गा पूजा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा की जा रही गाड़ियों की चेकिंग पर अविंलब रोक लगाने का आग्रह किया है. उन्होंने पदाधिकारी से कहा कि दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान लोग अपने परिवार के साथ घुमने निकलते है. ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा चेकिंग किए जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. दुर्गा पूजा उत्सव में सभी धर्मों के लोग अपने परिवार के संग मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने के लिए जाते हैं. ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान से लोग परेशान हैं और उनकी खुशी में खलल पड़ रहा है. जिला प्रशासन चेकिंग पर अविलंब रोक लगाए ताकि लोग दुर्गा पूजा उत्सव का भरपूर आनंद उठा सकें. हमारा प्रयास लोगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराना है ना की चेकिंग के नाम पर उन्हें परेशान करना. जिला प्रशासन लोगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराए उन्हें परेशान ना करें.

## गोगो योजना भाजपा का सिर्फ जुमला : सुधीर कुमार पप्पू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सामाजिक चिंतक एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने भाजपा की झारखंड के लिए प्रस्तावित गोगो योजना को जुमला बताया है। उनके अनुसार झारखंड की हेमंत सरकार बेटियों एवं मां बहनों के लिए योजनाएं लेकर आई है और उसके काउंटर में यह प्रलोभन देने की कोशिश है। झारखंडी स्वाभिमानी होते हैं और उनके प्रलोभन में आने वाले नहीं हैं। सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार सत्ता पाने के लोभ में भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब हो चुका है। फ्री राशन योजना क्या है, मुफ्त आवास योजना क्या है, लोगों को फ्री बिजली देने का वायदा क्या है। 2014 का साल लोगों को अच्छी तरह याद है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी भाषण में 15 लाख अकाउंट में देने, काला धन लाने, एक करोड़ लोगों को रोजगार देने, किसान का मुनाफा दुगना करने, वन रैंक वन पेंशन जैसी योजनाओं की घोषणा की। बाद में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, वह तो चुनावी जुमला था। अभी फॉर्म बंटवां कर ड्रामा कर रहे हैं। फार्म भी बीजेपी, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, जैसे धार्मिक संगठनों से जुड़े परिवार की महिलाएं ही लाइन में लगकर फॉर्म लेने का ड्रामा कर रही है और आम लोगों को भ्रमित करना चाहते हैं। भाजपा झारखंड में सत्ता पाने के लिए जितनी भी योजना लेकर आए, उनकी कोई भी कोशिश यहां की जनता कामयाब नहीं होने देगी।

## चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की एक विशेष बैठक अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान रेलवे क्षेत्र के दुर्गा पूजा समिति के



अध्यक्ष एवं सचिव ने साफ-सफाई, लाइट की व्यवस्था, विसर्जन जुलूस रूट में होने वाले परेशानियों को अवगत कराया। बताया कि गई जगहों पर अब तक स्ट्रीट लाइट तथा नाली में स्लैब नहीं लगाया गया है। इन सभी समस्याओं को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति को अवगत कराया और उसके समाधान करने की बात कही। मौके पर अध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि दुर्गा पूजा आस्था का त्योहार है। हम सभी को मिलजुलकर शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में पूजा का आयोजन करना है। उन्होंने कहा कि जिन पूजा पंडालों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है उनका समाधान जल्द किया जाएगा।

## तकनीकी शिक्षा और रोजगार कौशल को बढ़ाने के लीये पंजाब सरकार व टीएसएफ़ के बीच समझौता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ़) और तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, पंजाब (डीटीई एंड आईटी) ने आज आईटीआई गिल रोड और आईटीआई समराला के छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा



देने और रोजगार कौशल को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर सरकारी आईटीआई समराला के प्रिंसिपल हरमिंदर सिंह, सरकारी आईटीआई गिल रोड के प्रिंसिपल बलजिंदर सिंह और टाटा स्टील फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरव रॉय ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में पंजाब सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंड, टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक चाणक्य चौधरी, तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के प्रधान सचिव विवेक प्रताप सिंह आईएएस सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर चाणक्य चौधरी ने कहा- %हमें अपने वादों को पूरा करने और युवाओं के लिए पंजाब सरकार की पहल में भागीदार बनने पर खुशी है। यह आईटीआई समुदायों के साथ कई दौर की चर्चाओं के अनुरूप इस राज्य में आवश्यकता-आधारित पहलों को लागू करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। हमें उम्मीद है कि हम पंजाब, झारखंड और ओडिशा में स्थित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्रों, मॉडल कैरियर केंद्रों और बहु-कौशल केंद्रों में 10,000 से अधिक की क्षमता बनाने के अपने लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे।


## आवश्यकता

**विद्यालय में निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 14-10-2024 को अपराह्न 10 बजे विद्यालय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।**

| क्र0सं0 | विषय | अनिवार्य योग्यता | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01. | अंग्रेजी | बी.ए/बी. एड | 14/10/2014 |
| 02 | पंचपरगनिया | बी.ए/बी. एड | |

**नोट : एसटी/ एससी/ ओबीसी को प्राथमिकता दी जाएगी।**

**आयू सीमा- सरकारी नियमानुसार**

**सचिव**
**बिरसा उच्च विद्यालय शंकराडीह**
**ईचागढ़,-सरायकेला-खरसावां**

**मोबाइल नंबर -9304823821, 9608365163, 9905524657**

विचार प्रवाह

संपादकीय

# हरियाणा में बदलाव का चुनाव

**हरियाणा** में मतदान के साथ ही इस दौर का चुनाव सम्पन्न हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर में मतदान हो चुका है, जो ऐतिहासिक और शांत रहा। अब दोनों का ही जनादेश 8 अक्तूबर को सार्वजनिक किया जाएगा। ये जनादेश प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता की निरंतरता और भाजपा के वर्चस्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। दीपावली के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार का ही शासन है। अब यह संघशासित क्षेत्र है, जहां 2014 के बाद अब चुनाव कराए गए हैं। हरियाणा में 2014 से ही भाजपा की सत्ता है। इन 10 सालों में राजनीतिक और चुनावी समीकरण बिल्कुल बदल गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हुए जाट, दलित, ओबीसी समुदायों ने 2014 और 2019 के चुनावों में भाजपा के पक्ष में जो समर्थन और वोट दिए थे, अब 2024 के लोकसभा चुनाव तक बिल्कुल पलट गए हैं। ये समर्थन और मतदान करीब आधे रह गए हैं। हरियाणा में जाट सर्वाधिक 25 फीसदी से अधिक हैं, जबकि दलित आबादी 21 फीसदी है। ये सबसे ताकतवर समुदाय हैं, जो हरियाणा के जनादेश की दशा और दिशा तय कर सकते हैं। इनके अलावा, कोई अन्य समुदाय इतना एकजुट नहीं है। हरियाणा में इन 10 सालों में कोई जाट मुख्यमंत्री नहीं रहा, यह आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि 2019 में भाजपा ने 'जननायक जनता पार्टी' (जेजेपी) के गठबंधन में सरकार बनाई थी, लिहाजा जेजेपी के नेता दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था, लेकिन वह जाटों के 'प्रतीकात्मक प्रतिनिधि' ही थे। इस बार जाट अपना मुख्यमंत्री बनाने के मूड में हैं। भाजपा के मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ओबीसी नेता हैं, लिहाजा अधिकतर जाट समुदाय भाजपा के खिलाफ ही रहेगा। चूंकि किसान, जवान (अग्निवीर) और पहलवान इन चुनावों के बुनियादी मुद्दे रहे हैं और ये तीनों क्षेत्र जाटों के करीब हैं। खेती में तो 70 फीसदी से ज्यादा जाट ही काम करते हैं। इस तरह जो भी चुनावी ध्रुवीकरण होगा, वह भाजपा-विरोधी हो सकता है। इनके अलावा, बेरोजगारी, सत्ता-विरोधी रुझान, जातीय समीकरण और विभाजन, पेंशन आदि ऐसे मुद्दे हैं, जो हरियाणा के चुनाव को निश्चित तौर पर प्रभावित करेंगे। हरियाणा में बेरोजगारी बेहद उत्तेजक और उन्मादी मुद्दा है। प्रदेश में 2 लाख तो सरकारी नौकरियां ही खाली नहीं हैं, लेकिन राजनीतिक दल आश्वासन बांट रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए 'मुफ्तखोरी' की योजनाएं भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही खूब घोषित की हैं और टीवी चैनलों पर रात-दिन विज्ञापन भी चलते रहे हैं। शायद हरियाणा का औसत मतदाता इस तथ्य से अनभिज्ञ है कि राज्य पर 2.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। चुनाव के बाद सरकार किस-किस को मुफ्त में हजारों रुपए बांटेगी? मुफ्तखोरी के लिए पैसा कहां से आएगा? बेशक सरकार के सामाजिक दायित्व भी होते हैं। उसे दबे-कुचले, अपाहिज तबके की मदद करनी होती है। क्या राज्य सरकार कटोरा लेकर भारत सरकार से भीख मांगेगी और मुफ्तखोरी में बांटेगी? यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी सकारात्मक और व्यावहारिक नहीं है। हमें लगता है कि 'मुफ्तखोरी' की घोषणाएं महज 'चुनावी लालच' हैं। चुनाव जीतने के बाद क्या होता है, उसके उदाहरण तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल की कांग्रेस सरकारें हैं या आम चुनाव के बाद मुस्लिम महिलाएं कांग्रेस के दफ्तरों पर दस्तक देते हुए 'खटाखट का पैसा' मांग रही हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में वायदा किया है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देकर उसी पर फसलें खरीदी जाएंगी। दूसरी ओर भाजपा ने एमएसपी पर ही 24 फसलें खरीदने का वायदा किया है। इंनेलो, आम आदमी पार्टी, जेजेपी भी मैदान में हैं, पर बदलाव संभव है।


जम्मू-कश्मीर में मतदान हो चुका है, जो ऐतिहासिक और शांत रहा। अब दोनों का ही जनादेश 8 अक्तूबर को सार्वजनिक किया जाएगा। ये जनादेश प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता की निरंतरता और भाजपा के वर्चस्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। दीपावली के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार का ही शासन है। अब यह संघशासित क्षेत्र है, जहां 2014 के बाद अब चुनाव कराए गए हैं। हरियाणा में 2014 से ही भाजपा की सत्ता है। इन 10 सालों में राजनीतिक और चुनावी समीकरण बिल्कुल बदल गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हुए जाट, दलित, ओबीसी समुदायों ने 2014 और 2019 के चुनावों में भाजपा के पक्ष में जो समर्थन और वोट दिए थे, अब 2024 के लोकसभा चुनाव तक बिल्कुल पलट गए हैं। ये समर्थन और मतदान करीब आधे रह गए हैं। हरियाणा में जाट सर्वाधिक 25 फीसदी से अधिक हैं, जबकि दलित आबादी 21 फीसदी है।



### इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा

# ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों को ऐसे समझिए

कमलेश पांडे


ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है। समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा।


**दुनिया** का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है। समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा। यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं। वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए। ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इज़राइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी। इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय



तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता-समानता-बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है। सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, चीन-ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए-नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है। आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका-रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका-रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है। सच कहूं तो भले ही मुस्लिम आतंकवाद कभी अमेरिकी-ब्रिटिश एजेंडा रहा हो, लेकिन अब रूस-चीन गठबंधन भी इसी एजेंडे को आगे बढ़ाकर तेल के खेल में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो को पटखनी देने की रणनीति अख्तियार कर चुका है। जिसका साइड इफेक्ट्स आज इजरायल झेल रहा है और कल भारत के समक्ष भी इजरायल वाली परिस्थिति को पैदा किया जा सकता है, यदि उसका ज्यादा झुकाव अमेरिकी गुट की तरफ हुआ तो। मसलन, पश्चिमी एशिया व मध्यपूर्व एशिया समेत दुनिया के इस्लामिक देशों और इसके कतिपय आतंकी शासकों का दुर्भाग्य यह है कि तेल से अर्जित समृद्धि का सदुपयोग वह अपने मुल्क के नागरिकों को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बजाए उन्मुक्त उपभोग, धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद की भावना को पैदा करके उसको निर्यात करने में लगा दिया। क्योंकि उनके अंतर्राष्ट्रीय पॉलिटिकल बॉस को यही पसंद है। इससे इजरायल और भारत जैसे देशों की परेशानी बढ़ी, लेकिन वो यह भूल गए कि प्रकृति वही लौटाती है, जो हमलोग बांटते हैं। यही वजह है कि चाहे अमेरिका हो, रूस हो, चीन हो, या बड़े इस्लामिक मुल्क, जब प्रकृति उन्हें छद्मयुद्ध, युद्ध और आतंकवाद की सौगात वापस करने लगी है तो अब ये देश उसे संभालने-झेलने में असमर्थ ही नहीं हैं, बल्कि भौचक्के भी रह जा रहे हैं। आपको ईरान-इराक युद्ध याद होगा। ईरान-अमेरिकी जंग भी याद होगी। तालिबान (अफगानिस्तान)-अमेरिका युद्ध ज्यादा पुरानी बात नहीं हुई है। अमेरिका और सीरिया के बीच जो कुछ हुआ, या हो रहा है, वह सभी जानते हैं। जानकारों के मुताबिक, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक या मध्यपूर्व के देशों में अमेरिकी रणनीति यदि विफल हो रही है, तो उसके पीछे रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। आज यदि अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे बड़े मुल्क इस्लामिक आतंकवाद व कट्टरता की चपेट में हैं, तो इसके पीछे भी रूसी-चीनी अंतर्राष्ट्रीय शह ही है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी रणनीति बदली है और खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाया है, इसलिए वह अब अंतर्राष्ट्रीय सत्ता संतुलन का केंद्र बन चुका है। भारत भी अब हथियारों के सौदागरों की टीम में शामिल होने को बेताब है। अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चीनी चाल के दृष्टिगत ही भारत सरकार सोच-समझकर कोई कदम उठाती है।

दृष्टि कोण

# देश के मुसलमान अब बहकावे में नहीं आते

**देश** के मुसलमानों को गुमराह करने और भडक़ाने की कोशिशें अब नाकाम होने लगी हैं। मुसलमानों को शायद समझ आ गया है कि किस तरह राजनीतिक षड्यंत्रों से दूर रह कर अपने विकास पर ध्यान देना है। यही वजह है कि देश के मुसलमानों ने राजनीतिक दलों के नेताओं, मुल्ला-मौलवियों और हिंदुत्व के कट्टर समर्थकों के उकसावे वाले बयानों को गंभीरता से नहीं लिया। मुसलमानों को यह भी समझ में आ गया है कि चंद सिरफिरों की देशविरोधी हरकतों का समर्थन करने से उनकी कौम का नुकसान होगा। यही वजह है कि हाल ही में हिजबुल्ला के कट्टर आतंकवादी और सर्वोच्च रणनीतिकार हसन नसरुल्लाह के खात्मे के बाद देश से व्यापक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। इसी तरह हमास और इजराइल युद्ध के दौरान मारे फिलीस्तिनियों को लेकर भी कमोबेश यही रुख कायम रहा। कश्मीर के कुछ इलाकों में सिरफिरों ने हिजबुल्लाह आतंकवादी हसन नसरुल्ला के मरने पर जरूर विरोध प्रदर्शन किया, किंतु देश के बाकी हिस्सों में शांति बनी रही। इसराइल-फिलिस्तीन युद्ध में केंद्र सरकार ने हमास की कड़ी निंदा की। मोदी सरकार इसराइल के साथ खड़ी नजर आई। इसराइल के खिलाफ भारत में बयानबाजी जरूर हुई, किन्तु ब्रिटेन और अमरीका की तरह कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। गौरतलब है कि इन दोनों देशों में इसराइल के खिलाफ जबरदस्त रैलियां निकाली गई, धरने-प्रदर्शन किए गए। अमरीका में काफी बवाल हुआ। अमरीकी विश्वविद्यालय राजनीति का अखाड़ा बन गए। विश्वविद्यालयों पर पुलिस कार्रवाई की नौबत आ गई। मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का पाठ दुनिया को पढ़ाने वाले अमरीका की खूब किरकिरी हुई। कमोबेश यही हाल ब्रिटेन का हुआ। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों से निपटने में ब्रिटिश सरकार के हाथ-पैर फूल गए। यूरोप के कुछ देशों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए। इजराइल ने हमास के सर्वोच्च राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया को ईरान के दौरे के दौरान विस्फोट से उड़ा दिया। इस पर कई देशों में व्यापक प्रतिक्रिया हुई, किन्तु भारत में कहीं भी कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। आश्चर्य की बात यह है कि भारत और विश्व के मुस्लिम जगत से जुड़े मुद्दों को लेकर देश के मुसलमानों ने चुनिंदा स्थानों पर प्रतीकात्मक प्रतिक्रिया जताई, किन्तु कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जमकर उछलकूद मचाई। मुसलमानों ने ऐसे मुद्दों को ज्यादा महत्व नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35-ए हटाए जाने के बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों का सच्चा हितैषी साबित करने के लिए जमकर विरोध किया। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नेशनल कान्फ्रेंस से चुनावी गठबंधन किया। शेख अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस ने चुनावी घोषणा में धारा-370 को वापस लाने का ख्याली पुलाव पकाया है। कांग्रेस हिंदू वोटों की नाराजगी के डर से इस पर चुप्पी साधे हुए है। देश के मुसलमानों को यह समझ आ गया है कि जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उनके हितों पर कोई असर डालने वाला नहीं है। यह मुद्दा देश के आम मुसलमानों का नहीं है। यह पाक परस्त आतंकवाद से जुड़ा हुआ मामला है। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को खत्म कर दिया। मुस्लिम महिलाओं से जुड़े तीन तलाक के मुद्दे पर भी देश में सिर्फ लखनऊ और पुणे में विरोध प्रदर्शन हुआ। यह प्रदर्शन भी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर हुआ। देश में अन्य हिस्सों में मुसलमानों ने इस पर कोई व्यापक प्रतिक्रिया नहीं जताकर पर्सनल लॉ बोर्ड के इरादों को विफल कर दिया। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) 11 दिसंबर 2019 को भारत की संसद द्वारा पारित किया गया था। इसने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता प्रदान करके नागरिकता अधिनियम 1955 में संशोधन किया। भारत में 2014 तक पात्र अल्पसंख्यकों को हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई बताया गया। सीएए के तहत देश के स्थायी निवासी मुस्लिम समुदाय को छोडक़र तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है। सीएए के विरोध में मुद्दे पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने खूब हंगामा किया। इस कानून के तहत यह साफ जाहिर था कि देश में लंबे अर्से से रहने वाले मुसलमानों को इसके दायरे में शामिल नहीं किया गया है।

कुछ अलग

# पब्लिक विज्ञापन देख खुश है

**पब्लिक** की खुशी का ठिकाना नहीं है। विज्ञापन जो देख लिया है। विज्ञापन अखबारों में छपा है। अखबारों में वैसे और भी कई कुछ छपता है जिस पर कभी पब्लिक का ध्यान जाता है तो कभी नहीं भी जाता। लेकिन बड़े से पेज का विज्ञापन हो और उसमें नेताजी की बड़ी सी तस्वीर लगी हो और तस्वीर में उनका मुखड़ा चमक रहा हो तो पब्लिक का ध्यान विज्ञापन पर जाता है। विज्ञापन में जो लिखा होता है, उससे पब्लिक गदगद हो जाती है। विज्ञापन बनाने वाले को सैल्यूट ठोकती है। इतनी सफाई से विज्ञापन बनाकर उसमें इतना कुछ लिख दिया होता है कि पब्लिक को लगता है, वह व्यर्थ में ही सरकार की आलोचना कर रही थी। सरकार ने तो इतने सारे काम गिना दिए हैं। इतना काम करते-करते सरकार कब सोई होगी। कब जागी होगी। कब भोजन किया होगा। कहीं काम करते-करते भूखी तो नहीं सो गई होगी। कहीं सरकार के कंधे तो नहीं दुख रहे होंगे। वैसे भी सरकार के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। सरकार को कंधों की मसाज के लिए कुछ बंदे रखने चाहिए। पब्लिक को सरकार से सहानुभूति होने लगती है। और बीच-बीच में खुद पर गुस्सा भी आता है कि ख्वामख्वाह सरकार को लानत दी जा रही थी। सरकार ने चाहे हकीकत में उतने काम नहीं किए, जितने विज्ञापन में दर्शाए हैं लेकिन सरकार ने विज्ञापन में सब हरा-हरा तो दिखाया है। यह सरकार का करिश्मा है। इस करिश्मे के आगे पब्लिक नतमस्तक है। पब्लिक का नतमस्तक होना लोकतंत्र में बहुत मायने रखता है। पब्लिक विज्ञापन देखकर खुश है। नेताजी विज्ञापन में अपनी मुस्कुराती हुई तस्वीर को देखकर खुश हैं और मीडिया वाले इसलिए खुश हैं कि चलो सरकार से कुछ और न सही, लेकिन विज्ञापन तो मिल गया। सब विज्ञापन की माया है। यह विज्ञापन की माया ही तो है कि एक मरियल सा व्यक्ति भी किसी टॉनिक में अपनी चौड़ी छाती फुलाकर खड़े किसी अभिनेता को देखकर तुरंत केमिस्ट के पास टॉनिक खरीदने पहुंच जाता है। एक सांवला छोकरा गोरेपन की क्रीम खरीदने दौड़ता है। यानी विज्ञापन असर करता है। दिल से दिमाग तक असर करता है। अब सरकार के विज्ञापन पर पब्लिक फिदा न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। चुनावी बेला में उस विज्ञापन को अखबारों में देखकर पड़ोसी राज्य की जनता सोचने लगती है कि काश वह भी इस राज्य में पैदा न होकर उस राज्य में पैदा होती तो उसे भी मुफ्त में कितनी सारी सुविधाएं मिल जाती। यानी विज्ञापन ईर्ष्या भी पैदा करता है। उस विज्ञापन को देखकर दूसरे राज्य का नेता प्रशासनिक तंत्र को निर्देश देता है कि मेरी तस्वीर भी इसी तरह एक बड़े से विज्ञापन में लगाकर उसमें सरकार की सारी लंबी चौड़ी स्कीमें लिख दो। उस विज्ञापन के बड़े-बड़े होर्डिंग नेशनल हाईवे पर लगा दो ताकि पूरे राष्ट्र में हमारे नाम की गूंज हो जाए। यानी विज्ञापन कंपीटीशन भी पैदा करता है। यह जमाना कंपीटीशन का है। नेताओं में एक दूसरे को लंगड़ी लगाने का कंपीटीशन लगा है। पब्लिक खुश हो रही है। इसलिए खुश हो रही है कि चलो नेता लोग एक दूसरे से लड़ भिड़ रहे हैं और मुल्क का मनोरंजन हो रहा है। नेता लोग मनोरंजन ही तो करते हैं। और कुछ करना इनके बस की बात कहां होती है। ऐसे नेता जब अपने कारनामों की वजह से जांच एजेंसियों के हत्थे चढ़ जाते हैं तो भी पब्लिक का भरपूर मनोरंजन होता है। पब्लिक में खड़े दो बंदे एक दूसरे को आंख मार कर कहते हैं कि अब होगी नेताजी की डिबरी टाइट।

देश दुनीया से

# चंदेल वंश की महानतम वीरांगना : रानी दुर्गावती


राजाओं ने मध्यकालीन युग में बुंदेलखंड नामक भौगोलिक क्षेत्र एवं कुछ आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया। हिमाचल प्रदेश में 697 से 1849 ई. में एक राज्य के रूप में तथा 1849 से 1948 तक एक रियासत के रूप में कहलूर रियासत में चंद्रवशी चंदेल राजपूत वंश का शासन रहा। यद्यपि राजा वीर चंद 697-738 ई. तक इस राज्य के संस्थापक रहे, लेकिन इसका नाम राजा कहल चंद, जिनका शासन 890-930 ई. के आसपास रहा, के नाम पर रखा गया। इस कहलूर रियासत में अंतिम शासक राजा आनंद चंद रहे, जिन्होंने कहलूर रियासत की बागडोर 1933 से संभाली तथा ताउम्र 12 अक्तूबर 1983 तक राजा की पदवी को सुशोभित करते रहे। स्वतंत्रता के पश्चात राजा आनंद चंद ने भारत की संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में बिहार से प्रतिनिधित्व किया।


**वर्तमान** के मध्य प्रदेश एवं कुछ भाग उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में 9वीं से 15वीं शताब्दी तक चंदेल राजवंश का शासन रहा। इतिहासकार आर.सी. मजूमदार (1977) द्वारा लिखित पुस्तक के अनुसार 831 ई. से लेकर 1315 ई. तक खजुराहो, कालिंजर एवं महोबा से इन राजाओं ने मध्यकालीन युग में बुंदेलखंड नामक भौगोलिक क्षेत्र एवं कुछ आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया। हिमाचल प्रदेश में 697 से 1849 ई. में एक राज्य के रूप में तथा 1849 से 1948 तक एक रियासत के रूप में कहलूर रियासत में चंद्रवंशी चंदेल राजपूत वंश का शासन रहा। यद्यपि राजा वीर चंद 697-738 ई. तक इस राज्य के संस्थापक रहे, लेकिन इसका नाम राजा कहल चंद, जिनका शासन 890-930 ई. के आसपास रहा, के नाम पर रखा गया। इस कहलूर रियासत में अंतिम शासक राजा आनंद चंद रहे, जिन्होंने कहलूर रियासत की बागडोर 1933 से संभाली तथा ताउम्र 12 अक्तूबर 1983 तक राजा की पदवी को सुशोभित करते रहे। स्वतंत्रता के पश्चात राजा आनंद चंद ने भारत की संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में बिहार से प्रतिनिधित्व किया। 1952-1957 तक लोकसभा सदस्य रहे। इससे पहले 12 अक्तूबर 1948 से 26 जनवरी 1950 तक बिलासपुर के मुख्य आयुक्त भी रहे। लगभग 1400 से अधिक वर्ष के चंदेल वंश इतिहास ने इस देश को नारी शक्ति की विरासत के रूप में आज तक की सर्वश्रेष्ठ वीरांगनाओं में से एक रानी दुर्गावती भी दी है। रानी दुर्गावती मात्र रानी ही नहीं, लेकिन अतीत का गौरव और वर्तमान समय की पीढियों की आदर्श हैं। 5 अक्तूबर को रानी दुर्गावती का 500वां जन्म दिन है। इस महारानी का प्रेरक स्मरण 500 वर्षों के बाद भी मन को गौरवान्वित एवं शरीर को प्रफुल्लित करता है। रानी दुर्गावती का नाम भारत की महानतम वीरांगनाओं की सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है जिन्होंने मातृभूमि और अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। 5 अक्तूबर 1524 को दुर्गाष्टमी के दिन नवरात्रि का उत्सव चल रहा था। कालिंजर के राजा कीरत सिंह चंदेल के घर एक पुत्री का जन्म हुआ, इसलिए नामकरण किया दुर्गावती। रानी का जन्म कालिंजर (उत्तर प्रदेश) के बुंदेलखंड क्षेत्र में बांदा जिले में स्थित पौराणिक संदर्भ वाले एक ऐतिहासिक दुर्ग में हुआ। यह विश्व धरोहर स्थल प्राचीन नगरी खजुराहो के निकट ही स्थित है। कालिंजर दुर्ग भारत के सबसे विशाल और अपराजेय किलों में एक माना जाता है। चंदेलों द्वारा बनाया गया यह किला चंदेल वंश के शासनकाल की भव्य वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है। यह किला भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। जब चंदेल शासक आए तो इस पर महमूद गजनवी, कुतुबुद्दीन ऐबक और हुमायुं ने आक्रमण कर इससे जीतना चाहा, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। अंत में 1569 में अकबर ने यह किला जीतकर बीरबल को उपहार में दिया। बाल्यकाल में ही राजा कीरत सिंह ने राजकुमारी दुर्गा को शस्त्र चलाना सिखाया और अपने कौशल के कारण कुछ दिनों में ही दुर्गावती शस्त्र चलाने में प्रवीण हो गई। इसकी कीर्ति आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। गोंडवाना क्षेत्र के पराक्रमी राजा वीर दलपत शाह के पास दुर्गावती के संस्कारों के साथ-साथ पराक्रम की बातें भी पहुंच गई। दलपत शाह भी एक सुंदर एवं पराक्रमी राजकुमार थे। इस तरह चंदेल राजवंश की राजकुमारी जो कि बचपन से ही अत्यंत कुशाग्र, शौर्यवान, धर्मनिष्ठ, राष्ट्रभक्त और निर्णय लेने में दक्ष थी, ने एक जनजाति समूह के बलिष्ठ युवा राजकुमार दलपत शाह से अपना विवाह करना स्वीकार किया। रानी दुर्गावती एवं दलपत शाह के प्रेम और परिणय की कथाएं आज भी उस क्षेत्र में प्रचल्लित हैं। कुछ वर्षों बाद 1545 ई. में इनके एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम वीर नारायण सिंह रखा गया। दुर्भाग्य से रानी दुर्गावती एवं राजा दलपत शाह का दांपत्य जीवन मात्र 5 वर्ष का ही रहा। राजा की अल्प आयु मृत्यु के उपरांत संकट की घड़ी में रानी ने अपना धैर्य नहीं खोया तथा बड़ी हिम्मत के साथ काम लिया। प्रजा ने एक प्रजावत्सल मां का रूप देखा। पति के पीछे सती हो जाने के बदले रानी ने विधवा रहते हुए भविष्य को संवारने का काम किया। आदर्श कामकाज के लिए इतिहास में जिन राज्य शासनों का उल्लेख है, उनमें गोंडवाना भी शामिल है। पति की अकस्मात मृत्यु के बाद अपने पुत्र का राज्याभिषेक करके रानी ने स्वयं गढ़मंडला के शासन की कमान संभाली। रानी दुर्गावती के गोंडवाना साम्राज्य की संपन्नता और समृद्धि की चर्चा कड़ा और मानिकपुर के सूबेदार आसफ खान द्वारा मुगल दरबार में की गई। धूर्त और चालाक अकबर ने लूट और विधवा रानी को कमजोर समझते हुए तथा बलपूर्वक गोंडवाना साम्राज्य हथियाने के उद्देश्य से रानी को आत्म समर्पण के लिए धमकाया। उसने महारानी को यह संदेश भिजवाया 'अपनी सीमा राज की, अमल करो परमान। भेजो नाग सुपेत सोई, अरू अधार दीवान।' परंतु स्वाभिमानी तथा स्वतंत्रता प्रिय रानी नहीं मानी। फिर धूर्त अकबर का एक और संदेश आया कि 'स्त्रियों का काम रहता कातने का है' तो रानी ने जवाब में एक सोने का पींजन भेजा और कहा कि आपका काम रूई धुनकने का है।

आप का नजरीया

# भीख से भविष्य तक डा. पिंकी

**वह** भीख के माहौल में पैदा हुई, लेकिन चलने के लिए एक समाज सेवी संस्था का सहारा मिला तो आंखों में चमक और भविष्य का रास्ता दिखाई दिया। कल तक जिन हाथों में भीख का कटोरा था, आज स्टैथोस्कोप के साथ वह डाक्टरी पेशे की पहचान बन चुकी है। इस अद्भुत सफलता की कहानी की किरदार है डा. पिंकी हरयान। धर्मशाला की झुग्गी-झोंपड़ी से चीन के मेडिकल कालेज से मेडिकल की पढ़ाई करके लौटी एक बेटी। उसने अपनी भूख को भविष्य बना लिया, अपने ही कदमों पर मानवता को चला लिया। यह एक ऐसी कहानी है जिसके सबक व्यक्तिगत हैं और सामाजिक भी। इससे राष्ट्रीय नीतियां, कार्यक्रम और परिवेश की हकीकत सामने आ जाती है। 'वहां कितने आईने हर लम्हे टूटे होंगे, जहां तेरी तस्वीर मुकम्मल हुई होगी।' आज भीख के दानों को भी गुरूर आया होगा, सामने जब डा. पिंकी का सफर आया होगा। वो चली तो मकलोडगंज की गलियों में हाथ फैलाए मांगने, लेकिन टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने उसे जीवन के साथ चलना सिखा दिया। साढ़े चार साल की बच्ची को बीस साल के सफर ने धर्मशाला की झोंपड़ी से चिकित्सा जगत की पायदान तक पहुंचा दिया। यह महज इत्तफाक नहीं, श्रम नहीं, रिकार्ड नहीं, बल्कि जीने का दीपक जलाने का प्रयास है। पिंकी के जीवन के अंधेरे आज भी देश की झुग्गी-झोंपडियों में आबाद हैं, लेकिन न वहां कोई 'टोंगलेन' जैसी संस्था पहुंची और न ही वहां के सपने बदले। पिंकी और डा. पिंकी के बीच सपनों की बुनियाद, आगे बढने की इच्छाशक्ति और जीवन को पढने-गढने की प्रतिज्ञा ने पिछले दो दशकों के सारे इम्तिहान और परिणाम सामने ला दिए। यूं तो यही काम आजादी के बाद से जारी है। सरकारों के लक्ष्य हमेशा तपते सूरज के नीचे उत्थान की रोशनी और समाज की बेडियों के समक्ष, कई विकल्प-कई समाधान लिए खड़े हैं, लेकिन जहां प्रयत्न गैर सरकारी मंच पर अनुकरणीय हो जाएं, वहां दिशाएं बदलती हैं। एक अकल्पनीय शक्ति ने पेट भरने की मजबूरी को आगे बढने की लालसा में बदल दिया। देश अस्सी करोड़ लोगों की भूख मिटाने के लिए मुफ्त राशन दे रहा है, लेकिन क्या वहां पिंकी को उसके मुकाम के सपने मिल जाएंगे। क्या पिंकी के सपने साधारण, सामाजिक व राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में संभव हैं। क्या सरकारी स्कूल के हर बच्चे को हम पिंकी बनाने का रास्ता दिखा रहे हैं। टोंगलेन ने यह अंतर पैदा किया। संस्था ने झुग्गी को तमाम व्यसनों से दूर महकना सिखाया, नतीजतन एक छोटा सा पिंकी नाम का दीया अब सूरज की तरह प्रकाशमान है। ऐसी कहानियां और भी होंगी और असाधारण सफलताओं के उदाहरण कम नहीं, लेकिन यहां किरदार हमसे सवाल पूछ रहा है। दिशा के हालात से पूछ रहा है कि हम ऐसे परिदृश्यों में झांकते क्यों नहीं और हमारी नीतियों की गूंज के बावजूद, विश्व की सबसे बड़ी झोंपड़पट्टी धारावी में देश क्यों आज भी मजबूर-अपाहिज खड़ा है। भारत में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक जामयांग ने साबित कर दिया कि गरीबी और भूख के बीच से भी मोती चुने जा सकते हैं।

## दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक, श्री विकास कुमार पांडेय की अध्यक्षता में दुर्गापूजा, दीपावली, छठ त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई।जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को कहा गया। साथ ही बैठक में लिए गए निर्णय का पालन करने को कहा गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधी चर्चा किया एवं सभी से अपनी-अपनी राय एवं सुझाव देते हुए सप्तमी से लेकर दशमी तक कुछ रास्ते को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस का समय सीमा तय करने, सफाई कर्मी नियुक्त करने, बैरिकेटिंग, लाइट/पेयजल की व्यवस्था करने समेत अन्य सुझाव दिए गए।जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी से त्योहारों को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक एवं लाइसेंसी/गैर लाइसेंसी पंडालों की जानकारी ली गई। त्योहारों में सक्रिय होकर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधित निर्देश देते हुए सभी को त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा पूजा समिति/मंदिर प्रबंधन समिति से अपील किया गया कि पूजा पंडालो में सीसी टीवी कैमरा अपने स्तर से लगाए। पंडालों में दो निकासी द्वार महिला एवं पुरूष, अग्निशामक, पूजा पंडाल में वोलेंटियर, पंडाल में बिजली कनेक्शन लेकर अच्छे से प्लास्टिक कोटेड तार लगाए। जिससे अप्रिय घटना घटने से बचा जा सके। पंडालों में कूड़े कचरें न फैलाए। किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ पंडालों में न रखे। सभी पंडालों में फर्स्ट एड किट जरूर रखे। समय का खयाल रखते हुए नियम का पालन कर दुर्गा पूजा त्योहार मनाएं।पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने त्योहारों के दौरान गड़बड़ी करने एवं अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को देने को कहा गया एवं किसी को भी कानून हाथ में न लेने की बात कही गई।पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी तालाब में डुबाव जल स्तर को चिन्हित करते हुए बैरिकेडिंग करेंगे। जिससे विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पंडाल में अग्निशामक समेत निकासी द्वार को बड़ा एवं निर्धारित रखने को कहा गया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने पर संबंधित पूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष/सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## दो देशी 315 राइफल के साथ जितेंद्र गंझू गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** दो देशी 315 राइफल के साथ लावालौंग पुलिस ने जितेंद्र कुमार गंझू,पिता बिरजू गंझू को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया की आरक्षी अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना मिली थी की एक युवक घर में दो हथियार छुपा कर रखे हुए है। एसपी चतरा और एसडीपीओ सिमरिया के निर्देशानुसार इसकी सत्यापन के लिए एक टीम गठित की गई।टीम में लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार के अगुवाई में थाना क्षेत्र के कटिया टोला कर्माटांड स्थित जितेंद्र गंझू के घर पर पहुंची तो पुलिस को देखते जितेंद्र भागने का काफी प्रयास किया किंतु पुलिस की टीम ने उसे दबोच लिया।घर की तलाशी करने पर जितेंद्र गंझू पिता बिरजू गंझू के घर से छुपा कर रखा हुआ दो देशी 315 का राइफल बरामद किया गया। जिसका लावालौंग थाना कांड संख्या 64/24 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गठित टीम में एस डीपीओ प्रदीप कुमार, इंस्पेक्टर उमेश राम, थाना प्रभारी रूपेश कुमार के अलावे थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में सहायक शिक्षक घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है उपचार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत चंदाबाद में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक कमलेश कुमार राणा पिता जगदीश राणा मोटरसाइकिल दुर्घटना में कौलेश्वरी मोड़ के समीप सोमवार को घायल हो गया। बताते चलें कि शिक्षक विद्यालय में बनने वाले मध्यान भोजन को लेकर राशन लाने के लिए गिद्धौर आ रहा था। की मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया। और शिक्षक घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा सूचना देने पर पूर्व उपमुखिया सुरेश प्रसाद राणा के द्वारा सहायक शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर इलाज के लिए लाया गया। एवं बेहतर इलाज किया गया है शिक्षक खतरे से बाहर हैं।

## बाइक दुर्घटना में सहायक अध्यापक समेत तीन घायल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कौलेश्वरी मंदिर मोड़ सामीप अनियंत्रित हो बाइक व टेम्पू के टक्कर में एक सहायक अध्यापक कामदेव राणा घायल हो गया। ग्रामीणों के तत्प्रता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डक्टरों ने इलाज कर बताया कि सहायक अध्यापक को हांथ व पैर में चोट लगी है। बताया कि सहायक अधयक चंदा बांध विद्यालय जा रहे थे। वहीं इसी सड़क में कलौनी के सामीप बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गया। घायलों में राजपुर गांव निवासी प्रभु दांगी का पुत्र आनन्द कुमार, नागेश्वर दांगी का पुत्र कृष्णा कुमार है। बताया गया दोनों युवक पत्थलगाड़ा नावाडीह गया था। बहन घर से वापस घर जाने के क्रम में कलौनी मोड़ सामीप अनियंत्रित हो गिर गया। जिसमे आनंद का पैर टूट गया है। दोनों घायलों को इलाज को इलाज के लिए अस्पताल भेजा रहा है। मालूम हो सड़क में खड्डे हो ने के कारण बाइक व टेम्पू में टक्कर हो गया। मालूम हो कि गिद्धौर से ब्रह्मपुर मोड़ तक सड़क में मरमत कार्य किया गया है। उक्त कालीकरण मरम्मती सड़क में कम मात्रा में सामग्री दिया गया है। जिससे कही कहीं खड्डे हो गये है। जिससे अनियंत्रित हो सड़क दुर्घटना हुई है।

## अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु खनन टास्ट फोर्स की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई। 28 अगस्त 2024 को हुई बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा क्रमवार की गई। उन्होने जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटरयान निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा खनन क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहनों का निरंतर जांच अभियान चलाएं। अगर किसी वाहन चलकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो वैसे लापरवाह वाहन, वाहन चालको पर अविलम्ब कार्रवाई करें। आगे कहा खास करके वाहनो का अलट्रेशन, फिटनेश, रिफलेक्टीव टेप, प्रदुषण पेपर समेत अन्य का जांच करें। जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पो ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक 44 वाहनों पर प्राथमिकी, 83 वाहन जप्त अवैध परिवहन में 84 वाहन जप्त किया गया है। कुल 11,23,532 रू0 की जुर्माना राशि वसुली गई है। अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध शून्य कार्रवाई वाले अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के प्रति उपायुक्त ने अप्रसंत्ता व्यक्त करते हुए कहा अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध लगातार जांच अभियान चलाते हुए अवैध खननकर्ता और वाहन एवं संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करें। आम्रपाली परियोजनान्तर्गत सी0टी0ओ0 में निहित शर्तो का अनुपालन की समीक्षा में पाये गये।

## भाजपा का गो गो दीदी योजना में किया जा रहा है तुष्टिकरण : बिनोद महतो

**आदिवासी, मुस्लिम दलित और जो भाजपा समर्थक नहीं है उन्हें नहीं दी जा रही है फॉर्म : उगन भुइंया**

**भाजपा के तुष्टिकरण से ग्रामीणों में रोष**

**प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दिया गया है 100 फॉर्म**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में भाजपा द्वारा की गई घोषणा गो गो दीदी योजना में खुल कर तुष्टिकरण किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण महिलाओं एवं मुखियाओं में काफी रोष है। महिलाओं का कहना है की यदि पूरे झारखंड वासियों के लिए भाजपा सरकार द्वारा गो गो दीदी योजना का घोषणा किया गया है तो केवल सभी बूथों पर मात्र 100 फॉर्म भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा क्यों दिया जा रहा है उसमें भी जो व्यक्ति भाजपा का सपोर्टर है उसी को मात्र फॉर्म दिया जा रहा है। उगन भुइयां ने कहा की हमारे कसारी पंचायत में मुस्लिम आदिवासी भुइंया तथा जो भाजपा को स्पोर्ट किसी कारण वश नहीं करता है उसे फॉर्म नहीं दिया जा रहा है। वहीं मुखिया बिनोद महतो ने बताया की यह भाजपा का छलावा है। फॉर्म में ना आधार का कॉलम है ना बैंक खाता का कॉलम है मात्र मोबाइल और नाम पता का कॉलम बना हुआ है । यह भाजपा का चुनाई प्रलोभन है महिलाओं को ठगने का नयाब तरीका है। झारखंड सरकार का जब मईयां योजना महिलाओं के लिए प्रतिमाह एक हजार का घोषणा किया गया और इसका लाभ भी दिया जा रहा है। उसके लिए विधिवत प्रखण्ड कार्यालय में फॉर्म भेजा गया साथ हीं सभी पंचायत के प्रतिनिधियों को फॉर्म देकर फॉर्म भरवाने को निर्देशित किया गया। और तो और कोई महिला फॉर्म के वगैर अपना लाभ ना ले उसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों तथा रिजर्व के रूप में प्रखण्ड कार्यालय में भी फॉर्म उपलब्ध रखा गया था। यहां तो केवल बूथ पर एक सौ फॉर्म देकर महिलाओं के मान सम्मान में ठेस पहुंचाया जा रहा है। चुकी एक जाति विशेष या पार्टी विशेष लोगों को छलावे के रूप में फॉर्म वितरण करना यह साफ साबित हो रहा है की चुनाव में हम कैसे ठगी कर चुनाव को जीत सके। अब ग्रामीण महिलाएं सब समझती है उनका मंसूबा कामयाब नहीं होगा। पंचायत समिति उस्मान मियां ने बताया की यदि वास्तविक में महिलाओं के उत्थान के लिए प्रत्येक माह 2100 रुपया दिया जाना है तो अच्छी बात है इसमें जातिवाद क्यों किया जा रहा है। इस तरह की शिकायत सभी पंचायतों से महिलाएं कर रही है। यह भाजपा का तुष्टिकरण या छलावा करना ठीक नहीं होगा। भाजपा ग्रामीण महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ ना करें।

## अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने की बुलाइ बैठक, सिंघानी सीमेन की होगी मापी



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी गांव में रविवार शाम को पंचमुखी चौक सिंघानी में ग्रामीणों की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक राजेश कुमार ने की। वही संचालन प्रकाश दांगी ने किया। बैठक में सिंघानी गांव के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। इस बैठक में सिंघानी गांव से सटे अपने सीमाने में पड़ने वाले क्षेत्र में सीमेन में चल रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने एक-एक करके अपनी बात रखें, जो भूमि अतिक्रमण में पहाड़ी वाली मां भगवती से सटे सीमाने, बलथरवा बागी या सिंघानी क्षेत्र से लगे जितने भी सिंघानी के अंदर सीमा में आते हैं उसे लेकर अतिक्रमण आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें सिंघानी सीमाने के अंदर चल रहे अतिक्रमण को लेकर एक ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया चल रहे नवरात्र के अगले दुर्गा पूजा के बाद सिमने में चल रहे अतिक्रमण को मापी करने हेतु अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपेंगे उसके बाद सीमाने की मापी कराई जाएगी। अतिक्रमण को लेकर गांव के ग्रामीणों के सर्वसम्मति से एक कार्यकारणी समिति भी बनाई गई। बनाई गई समिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए हरिलाल दांगी, उपाध्यक्ष तारकेश्वर दांगी, सचिव सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, कोषाध्यक्ष सुखसागर राणा, समेत लगभग 25 सदस्य समिति बनाई गई। इस बैठक में सेवानिवृत शिक्षक नारायण राम दांगी, हरिलाल दांगी, मुखिया राधिका देवी, सेवानिवृत्त शिक्षक नागेश्वर दांगी, अनंत कुमार कुशवाहा, शिक्षक राजेश कुमार, शिक्षक जागेश्वर राम दांगी, संजय दांगी, किशोरी राम, शिक्षक सुरेश दांगी, खेमन दांगी, तिलेश्वर राम दांगी, पिंटू दांगी, रंजन रजक, मिथुन रजक, समेत सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

## जिप सदस्य ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत के मनातु ग्राम महेंद्र 15 वें वित्त आयोग झारखंड सरकार के तहत अशोक साव के घर से अखरा तक 150 फिट पीसीसी पथ का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने नारियल फोड़कर व फिताकाटकर किया। सीसीसी पथ निर्माण से टोला वासियों को अब आवागमन में मुस्किलों का सामना नही करना पड़ेगा।मौके पर जिप सदस्य राम ने कहा कि वे क्षेत्र वासियों से किए गये सभी वादो को पुरा करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, समाजसेवी जगदिश प्रसाद साव, संतोष रजक सिताराम साव जगल भुईया, अजीत तुरी सीता देवी, यशोदा देवी, शांति देवी, उर्मिला देवी, उमा देवी, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वन प्राणी सप्ताह दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** वन प्राणी सप्ताह दिवस कार्यक्रम समारोह के दौरान पलामू ब्याघ्र परियोजना के तत्वावधान में फुटबॉल मैच प्रतियोगिता समेत कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट गारू बनाम गुटवा की ग्रामीण टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें अंतिम समय तक मैच को ड्रा बनाए रहीं, लेकिन अतिरिक्त समय में गारू की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। मैच के रेफरी प्रभु उरांव थे। दूसरी ओर, हुरहुरकर्चा और कोटाम महिला टीमों के बीच खेले गए दूसरे मैच में कोटाम की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की। मैच का शुभारंभ स्थानीय विधायक और डीएफओ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबॉल किक मारकर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, घड़ा फोड़ जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विजेताओं को उप निदेशक कुमार आशीष, उमेश कुमार दुबे और समाजिक कार्यकर्ता हरिकिशोर दुबे, फुटबॉल मैच की विजेता और उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी और जर्सी प्रदान की गई।

## राजनीति से परे दुर्गा पूजा कमेटी को विधायक ने किया सम्मानित, दी सहयोग राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड के ग्राम मंगरा स्थित अपने आवास पर सोमवार को क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने प्रखंड के करीब 40 दुर्गा पूजा कमेटी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही पूजा कमेटी को कार्यक्रम के लिए सहयोग राशि दी। मौके पर विधायक ने कहा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में करीब 40 स्थानों पर दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। मौके पर उन्होंने सभी पूजा कमेटी को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जहां भी किसी तरह की परेशानी महसूस होती है तो तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। वहीं सम्मानित किए जाने में दुर्गा पूजा कमेटी रेलवे क्लब, गढ़वाटॉड, पंचमुखी शिव मंदिर, बरवाडीह बाजार दुर्गा पूजा कमेटी, छिपादोहार पूजा कमेटी, बेतला, सरईडीह, केचकी, चुंगरू, हरातू, केड, मंडल, लात समेत चालीस दुर्गा पूजा कमेटी शामिल हुए। वहीं क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधुओं को भी विधायक ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है जिससे पत्रकार बंधु खुश नजर आ रहे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, अनिल सिंह, अजय चंद्रवंशी, रविंद्र राम, नसीम अंसारी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, आशीष कुमार सिंह, समाजसेवी निजामुदिन अंसारी, प्रेम कुमार अधूरा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जिप उपाध्यक्ष ने विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराने का किया मांग



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को पत्र लिखकर धाधु मॉडल विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से जिला परिषद उपाध्यक्ष उपाय को बताया है कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धाधु पंचायत में मॉडल विद्यालय संचालित है।जहां प्लस टू तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय के लिए अच्छे कमरे और प्रयोगशाला की भी व्यवस्था है।लेकिन अप्रैल 2022 में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को मौखिक रूप से कहा गया कि विद्यालय का चार कमरा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ स्किल डेवलपमेंट को दे देना है।जो एक गैर सरकारी संस्था है। जिसमें बच्चों को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा संस्था को मॉडल विद्यालय में चार कमरा उपलब्ध करा दिया गया। जिसमें एक वर्ष तक संस्था द्वारा बेरोजगार युवकों को जैसे तैसे प्रशिक्षण देकर खाना पूर्ति की गई।जिला परिषद उपाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिन लोगों को प्रशिक्षण दिया गया उन्हें आज तक ना तो रोजगार मिला और ना ही बेरोजगारी भत्ता मिला।संस्था प्रशिक्षण के बाद विद्यालय से तो चली गई लेकिन अपना कई सामान विद्यालय के चारों कमरों में बंद करके रखे हुए हैं। ऐसी स्थिति में मॉडल विद्यालय ठीक से संचालित नहीं हो पा रहा है। उन्होंने विद्यालय में रखे सामानों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त करने का मांग किया है।

## मुखिया को हटाने को लेकर निकाली गई बाईक रैली, जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के डेमू मुखिया प्रमिला देवी को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पंसस व वार्ड सदस्य के नेतृत्व में सोमवार को बाईक रैली निकाली। रैली का नेतृत्व पंसस अनिता देवी व ग्यारह वार्ड सदस्य व ग्रामीण कर रहे थे। बाइक रैली निंदिर पुराना सचिवालय से निकाली गई, जो नावाटोली, कुदाग, तुरीडीह, सेमरी होते हुए डेमू पंचायत सचिवालय तक गई। रैली को संबोधित करते हुए पंसस अनिता देवी ने कहा कि मुखिया के द्वारा कई योजनाओं में फर्जीवाड़ा किया गया है। योजना को स्वीकृत करने के नाम पर लाभुकों से पैसा भी लिया जाता है। पंचायत के मुखिया श्रीमती देवी के पति सारे कार्यभार की जिम्मेदारी लेते हैं। मुखिया के द्वारा ग्रामसभा की सूचना नहीं दिया जाता है। वहीं वार्ड सदस्य नागेंद्र सिंह ने कहा कि ग्राम सभी के रजिस्टर में छेड़छाड़ किया गया है। कहा कि अपने मन से योजनाओं का चयन करते है। पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ अभ्रद भाषा का प्रयोग किया जाता है। मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरने के नाम पर ग्रामीणों से तीन-तीन सौ रू की मांग की गई। कई योजनाओं की राशि में बंदरबांट किया गया है। रैली को अन्य जनप्रतिनिधियों ने संबोधित कर मुखिया के करतूतों को उजागर किया। वहीं आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य राकेश सिंह ने कहा कि यह ग्रामीणों के साथ बहुत बड़ी अन्याय है और इस तरह कि अन्याय का खिलाफ हुं अगर मुखिया को पद मुक्त नहीं की जाती है तो आजसू की बैनर तले आंदोलन करेंगे।बता दें कि गत तीन दिनों से मुखिया को हटाने को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। रैली में पुनिता देवी, सरीता देवी, धर्मदेव सिंह, जीतराम उरांव, रमेश यादव, अमर उरांव शिवनाथ मेहता समेत सैकड़ों महिलाएं व ग्रामीणा शामिल थे। इस संबंध में मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बिना मतलब का आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। सारे मामले झूठे है।

## लातेहार पुलिस और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़, दो जवान घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के बोखाखाड़ जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुप्रिमो पप्पू लोहरा व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें झारखंड जगुआर के दो जवान को गोली लगी है। घायल जवानों में राम सिंह सुरीन पिता नारायण सिंह (बराईवीर गोलाइकेरा, चाईबासा) व नरेंद्र पाण्डेय पिता रघुनंदन पांडेय (पलामू) शामिल है। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक डा. सुनील भगत व डा. भारद्वाज नारायण चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। जांच के बाद जवान राम सिंह सुरीन को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि दोनों जवान के दाहिने पैर में गोली लगी है। जिसमें राम सिंह सुरीन के पैर के सुपली में गोली फंस गई है। जबकि नरेन्द्र पांडेय को घुटना के नीचे गोली लगी है। गोली निकल गई है। इस सबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बोखाखाड़ जंगल में 15 से 20 के संख्या में नक्सली दो घर में ठहरे हुए थे। सूचना के आधार पर एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस सर्च अभियान में निकली थी। पुलिस जैसे ही नजदीक पहुंची नक्सलियों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस भी गोली चलाई। लेकिन नक्सलियों ने गोली चलाते हुए जंगल का लाभ उठाते फरार हो गए। इस दौरान तीन बंदूक पिट्ठू बैग एंव दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया है। दोनों ओर से करीब 200 राउंड गोली चली है।

# हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाएं तथा विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करें : उपायुक्त

▶ दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दुर्गापूजा त्योहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण तथा प्रशासनिक तैयारियों के मद्देनजर स्थानीय नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों से संबंधित क्षेत्रों में आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं एवं



किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है। मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं मसलन क्षतिग्रस्त सड़क, पुल पुलिया, बिजली के तारों का व्यवस्थिकरण, सड़क किनारे सूखे पेड़ की डालियों की कटाई,साफ सफ़ाई, जल जमाव आदि मुद्दों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारीयों को संज्ञान में आए मामलों को गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए तय समय सभी समस्याओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि शान्ति पूर्ण पर्व के संपादन के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कार्य किए जा रहे है।उपायुक्त ने बताया की आम लोगों की सुविधा व सुगम यातायात के लिए शहरी क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार बैरिकेटिंग की जायेगी। उन्होंने कहा की उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार डीजे पर विसर्जन के दौरान पाबंदी रहेंगी। मीडिया से उन्होंने कहा कि पुष्ट खबरों को जनता के समक्ष लाए, गलत खबरों को जगह न दे तथा प्रशासन का सहयोग करे। त्योहार के दौरान भीड़भाड़ से निबटने हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को सुव्यवस्था कायम करने का निर्देश दिया। विभिन्न पूजा स्थलों पर साफ सफाई कराने, कूड़ेदान की व्यवस्था कराने, अग्निशमन व लाइटनिंग की व्यवस्था एवं खराब पड़े सभी लाइट्स की मरम्मती तथा ध्वनि प्रदूषण को संधारित करने संबंधी कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त,उप विकास आयुक्त इशितयाक अहमद,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारीशिवाशिष कुमार, अपर समाहर्ता संतोष कुमार,एसडीओ सदर अशोक कुमार,सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य व अन्य उपस्थित थे।

# दूधमटिया जंगल में वृक्ष रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के एन एच 522 हजारीबाग विष्णुगढ़ मुख्य मार्ग अंतर्गत टाटीझरिया पंचायत के दूधमटिया जंगल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वृक्ष रक्षाबंधन सह पर्यावरण मेला का आयोजन वन समति सदस्य , दुधमटीया वन महोत्सव के संस्थापक महादेव महतो के नेतृत्व में 30 वां वर्ष दुधमटीया वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,टाटीझरिया पंचायत के स्थानीय मुखिया मुखिया सुरेश यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,जगदीशचंद्र यादव,मनीष चौधरी,महेश अग्रवाल,राजू यादव ने पेड़ पौधे की विधिवत पूजन कर रक्षाबंधन किया । मेले परिसर में बच्चो ने समोसा, चाट,जलेबी ,गुलाब जामुन ,पानी पूरी के साथ अन्य कई व्यंजनो का स्वाद का लुत्फ उठाया । मेले परिसर में डीएवी सैनफोर्ड पब्लिक स्कूल टाटीझरिया,एडिशन पब्लिक स्कूल ,मध्य विद्यालय झरपो,इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल आमनारी के ओर से मंच में वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ के तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर क्षेत्रवासियों को जागरूक करने के लिए



विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया । मंच में मौजूद टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,टाटीझरिया स्थानीय मुखिया सुरेश यादव संग कई जनप्रतिनिधियों ने मेले में आए सभी क्षेत्रवासी से आग्रह किया की पेड़ पौधे की कटाई नही करे। पेड़ पौधे धरातल पर है तभी हम सभी स्वास्थ्य है इसलिए पेड़ पौधे की रक्षा करना हम सबों का परम कर्तव्य है। वही मेले परिसर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी अपने दल बल के साथ मुस्तैद थे। बताते चले की मेले परिसर में मां सती आरोग्य हॉस्पिटल टाटीझरिया,वन विभाग एलआईसी ,समेत अन्य कई विभाग के स्टॉल भी लगाए गए थे।

# माण्डू के पूर्व विधायक ने मलेशिया में फँसे प्रवासी मजदूरों की वापसी के लिए विदेश मंत्री को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** रोजगार की तलाश में गए झारखण्ड के हज़ारीबाग तथा बोकारो के 60 प्रवासी मजदूर मलेशिया में फँसे है,जिसको स्वतः संज्ञान लेते हुए पूर्व मंत्री सह पूर्व माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र के माध्यम से ध्यानाकृष्ट कराते हुए मलेशिया में फँसे मजदूरों की वतन वापसी की माँग की। जयप्रकाश भाई पटेल ने पत्र के माध्यम से मलेशिया में फँसे मजदूरों के परिजनों की व्यथा को भी रखा । पत्र में उल्लेखित मलेशिया में फँसे प्रवासी मजदूरों के नाम जिसमे अभिजीत कुमार, शशिकांत नर्व्या,



संदीप, राहुल भारतीय, जितेंद्र प्रसाद, मोहन भोकया, राजू भोकया, इराफुला गोवड़ो, रोहित कुमार, विनोद महतो, नागेश्वर कुमार, सुखदेव महतो, दिनेश्वर महतो, हुलास कुमार महतो, तलेश्वर कुमार, दशरथ तुरी, उमेश महतो, चिंतामन महतो, बुधन महतो, ईश्वर महतो, कैलाश कुमार महतो, मुकेश महतो, प्रेम महतो, रवि कुमार, योगेन्द्र यादव, रोहित महतो, सुरेंद्र माँझी, हरिलाल महतो, सुरेश बिरसा, सोहन मरांडी, सेवाचंद महतो, अर्जुन तुरी, खुशीलाल महतो, जितेंद्र महतो, कुलदीप महतो, कैलाश कुमार, नागेश्वर कुमार महतो, कृष्णदेव महतो ,रामचंद्र महतो, कृष्णा तुरी, महेश कुमार, चिंतामणि महतो, वीरेंद्र महतो, रामु कुमार, महावीर महतो, दीपक कुमार तुरी, नेपाली सिंह, दिनेश्वर महतो, चेतलाल महतो, रविंद्र कुमार महतो, गणेश कुमार महतो, धनपत महतो, नंदलाल महतो, बिनोद कुमार, धानेश्वर कुमार, चुन्नीलाल महतो, सुरेश बिरसा, सोहन मरांडी की वतन वापसी जल्द कराई जाय ।

# मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का किया भ्रमण

▶ मां दुर्गा से मांगा हजारीबाग की खुशहाली का आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कटकमसाड़ी प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने क्षेत्र के पूजा समितियों का भ्रमण किया और दुर्गा पूजा के आयोजनों की सराहना की। इस मौके पर मुन्ना सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा हमारे समाज की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है और ऐसे आयोजन समाज में एकता और अध्यात्म की भावना को मज़बूत करते हैं। उन्होंने पूजा समितियों के समर्पण और आयोजन की भव्यता की भी तारीफ की। और मां दुर्गा का आशीर्वाद हम



सब पर बनी रहे। इस अवसर पर मुन्ना सिंह के साथ उपस्थित नेताओं में कटकमसाड़ी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, सरजू यादव (20 सूत्री अध्यक्ष), पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव,मोहम्मद रबानी , शहापुर मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, बाबर अंसारी, संजय सिंह, दीपेंद्र सिंह (सचिव), द्वारका साव, दुलारचंद यादव, दूर्जय प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, योगेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, रंजीत यादव, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, रंजीत यादव, पप्पू सिंह,विक्की कुमार धान, विजय दांगी, सोहर राणा, सुरेश साव, नीरज कुमार केसरी,विजय दांगी, सोहर राणा , सुरेश साव , नीरज कुमार केसरी, अरविंद कुमार, उमेश कुमार , उदय कुमार, प्रमोद कुमार , विक्रम कुमार , रामावतार प्रजापति , नरसिंह यादव , रिंकू खान , मिथिलेश प्रजापति, लखन यादव, रविकांत कुमार, रतन राम , उपेंद्र कुमार , राजा उद्दीन, व अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

# झील की सफाई को लेकर में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का जल सत्याग्रह

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग की मशहूर झील, जो शहर के हृदय स्थली के रूप में जानी जाती है, वर्तमान में गंदगी और प्रदूषण का शिकार बन गई है। इस समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झील परिसर में जल सत्याग्रह का आयोजन किया। पांच घंटे तक पानी में खड़े रहकर उन्होंने झील की सफाई की



मांग की। इस संबंध मे कांग्रेस के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने कहा की झील की मौजूदा स्थिति बेहद चिंताजनक है। इसके पानी में कचरे और जलकुंभी की भरमार है, जिससे झील में पलने वाले जलीय जीव मरते जा रहे हैं। 15 दिन पहले हमने जिला प्रशासन और नगर निगम को झील की सफाई के लिए पत्र लिखा था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन हमें जल सत्याग्रह करना पड़ रहा है।÷ इंटक के प्रदेश सचिव धीरज सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन नींद से जागे और जनता की समस्याओं का समाधान करें। हमें जल सत्याग्रह करने की जरूरत नहीं पड़ेगी अगर प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारियों को समय पर निभाया होता।÷ सभा को संबोधित माइनॉरिटी सेल के जिला अध्यक्ष साजिद अली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक देव, जिला महासचिव कजरू साव, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार, ओबीसी प्रदेश कोऑर्डिनेटर रीत लाल मंडल, कटकमसांडी सूत्री अध्यक्ष सरजू यादव ने भी सभा को संबोधित किया। सभी लोगों ने एक स्वर में नगर निगम और जिला प्रशासन के कृत्य की निंदा की। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा है सेवादल जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गोप ने कहा कि हम कांग्रेस के लोग हैं और आंदोलन हमारे खून में है। अगर जनहित के मुद्दों को अनदेखा किया गया, तो हम लोग आंदोलन का रुख अपनाएंगे और प्रशासन को मजबूर करेंगे कि वे जनता के काम करें। इस जल सत्याग्रह में शामिल सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में नगर निगम और जिला प्रशासन की कड़ी निंदा की और झील की सफाई की मांग की। हजारीबाग की जनता के लिए यह झील एक महत्वपूर्ण स्थल है, और इसे साफ और सुंदर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। जल सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेस ओबीसी मोर्चा ने प्रशासन को यह संदेश दिया है कि जनता की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता और उन्हें जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए।

# पूर्व विधायक के प्रयास से धोबघट को मिला नया ट्रांसफार्मर

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुवा के धोबघट गांव में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण बिजली विभाग को सूचित किए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना दी, जिसके बाद तत्परता दिखाते हुवे पूर्व विधायक ने 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। वहीं प्रतिनिधियों के हाथों पूर्व विधायक के मौजूदगी में ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उद्घाटन



किया गया। वहीं पूर्व विधायक ने बच्चों के बीच स्कूल बैग व टॉफी का भी वितरण किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,मुखिया प्रतिनिधी रामचन्द्र टुडू, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया मोतीलाल चौधरी, संतोष यादव, मुन्ना यादव, मनोज राणा, तुलेश्वर सिंह, महेश सोरेन, दशरथ सोरेन, रामजी मुर्मू, जिबलाल मुर्मू, सुरेंद्र सिंह, टेकलाल सिंह, चरकु सिंह, लालो सिंह,केवल सिंह, कार्तिक सिंह, नारायण सिंह, कमल सिंह, श्यामलाल हंसाद, बासो हांसद, मोहन टुडू, रामधनी मुर्मू, गणेश मुर्मू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिप सदस्य कुमकुम देवी ने अस्पताल पहुंच कर पीड़ित को किया आर्थिक सहयोग

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दया बहन के नाम से क्षेत्र में चर्चित जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी में शुरू से ही गरीबों, असहायों व पीडितों के प्रति सेवा का भाव रहा है।यह भावना इन्हें विरासत में पूर्व विधायक खगेन्द्र प्रसाद से मिला है। विदित हो कि गैडा पंचायत के बसरामों निवासी वीरेंद्र पासवान ,पिता कारू पासवान के परिजनों ने कुमकुम को फोन कर कहा कि रिम्स रांची आप पहंचे और हमारी मददकरें। क्योंकि हमारा लड़का वीरेंद्र कुछ दिनों से बीमार था जिसका इलाज कराने



हम लोग रिम्स पहुंचे हैं। वहीं कुमकुम फोरन अस्पताल पहुंच कर यथासंभव मदद करते हुए अस्पताल प्रबंधन को सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी से फोन करवाया और ईलाज में लापरवाही न हो इसकी समुचित व्यवस्था किया।

# पंदनवा टांड़ से जुगरा तक सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद, धरना पर बैठे

▶ डीएमएफटी फंड से ढाई करोड रुपए लागत से साढ़े 3 किलोमीटर सड़क निर्माण होना है

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पंदनवाटांड़ में मूलभूत सुविधा के लिए सड़क निर्माण कार्य कराई जा रही है। जिसमें सोमवार को जुगरा गांव के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण गलत मार्ग से कराए जाने के आरोप में जेसीबी मशीन बंद करा सड़क निर्माण कार्य बंद करा कर धरना पर बैठ गए। यह सड़क निर्माण



कार्य डीएमएफटी फंड से ढाई करोड रुपए लागत से लगभग साढ़े 3 किलोमीटर नए सड़क निर्माण कार्य होना है। मामले को लेकर धरना पर बैठे रामदुलार साव ने कहा कि ग्रामीण लोग कई दिनों से पंदनवा टांड़ से जुगरा गांव पहुंचने के लिए कम दूरी सड़क मार्ग निर्माण कार्य करने की मांग करते आ रहे हैं। जो नक्शा पास हुआ है उसी के आधार पर हम लोग सड़क निर्माण करवाने के लिए संवेदक को कह रहे हैं। लंबी दूरी से सड़क निर्माण में जंगल भी अधिक कटेंगे और पर्यावरण को भी नुकसान होगा। जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी धरना पर बैठे रहेंगे। वही संवेदक संजय सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सरकारी नियमानुसार ही फॉरेस्ट के एलाइनमेंट जिधर से मिला है ,नक्शा के तौर पर ही काम कर रहा हूं। सोमवार को 11–00 बजे सुबह पंदनवाटांड़ स्कूल में कार्यरत पारा शिक्षक रामदुलार साहू 10 से 15 ग्रामीणों को लेकर कार्य स्तल पर पहुंचा, गाली गलोज करते हुए दूसरे मार्ग से रोड निर्माण करने की जबरन प्रयास किया और सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीनो को बंद करा दिया। इसकी शिकायत मैं ऊपर के अधिकारियों पास करूंगा।

# पूर्व विधायक भाजपा का पांच प्रण घोषणा पत्र लेकर जा रहें है, विभिन्न पंचायत

▶ भाजपा का घोषणापत्र झारखंड के विकास में नई लकीर खींचेंगी : मनोज यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपना चुनावी घोषणापत्र पांच प्रण जारी किया है, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने इसे जनता के लिए अत्यंत लाभदायक बताया। उन्होंने बरही के कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती, कोल्हुआकला पंचायत भवन व भण्डारो के बेरिसाल व पुरहरा में बैठक आयोजित कर इस घोषणापत्र के बारे में लोगों को



जानकारी दी। बताया कि कैसे यह योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को इन योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा, जिससे राज्य की आर्थिक इसी बीच भण्डारो पंचायत के ग्राम पुरहारा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के सौजन्य से उपलब्ध कराये गए 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन पूर्व विधायक की उपस्थिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्याय रमेश ठाकुर, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, भाजपा नेता मानिलाल यादव, भण्डारो पंचायत से मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, पूर्व पसस प्रयाग यादव, बासुदेव यादव, विनोद पासवान, उप मुखिया महेंद्र यादव, डिलो पासवान, अशोक दास ,पसस प्रभु यादव, पसस प्रतिनिधि विनोद यादव मुकेश यादव, केदार यादव, मूलचंद यादव मनोज राणा, छत्रु यादव, रवि यादव, बीरेंद्र ठाकुर, मनोज पंडित, कैलास यादव, रामस्वरूप यादव, इंद्रदेव यादव, गौरवा देवी, वार्ड प्रतिनिधि मुकेश यादव, नरेश यादव, राजू राम आदि भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लक्ष्मी हिरो फेस्टिव काउंटर का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला में लक्ष्मी हिरो फेस्टिव काउंटर खोला गया।जिसका शुभारंभ पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय, पंसस सदस्य युसुफ अंसारी, रामचंद्र साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पुर्व मुखिया तुलसी पांडेय ने कहा कि इस तरह के सुदूरवर्ती इलाके में शोरूम खुलने से आसपास के गांव के लिए काफी सहलियत होगी गाडी खरीदने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं प्रोपराइटर रवि कुमार बताया कि दुर्गापूजा के अवसर पर गाड़ी खरीदारी पर विभिन्न तरह की आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा एंव किसी भी कंपनी के गाड़ी को एक्सचेंज एंव फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर यमुना कुमार,शशि शंकर, रोहित कुमार प्रदीप पांडे, शहजाद अंसारी, शमीम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने अनुकंपा के आधार पर अनुशंसित तीन अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुकंपा के आधार पर अनुशंसित तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। ज्ञातव्य हो कि विगत 20 सितम्बर 2024 को आयोजित जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का नाम अनुशंसित किया गया था। उपायुक्त नैंसी सहाय ने वीरेंद्र कुमार, पिता स्वर्गीय सत्येंद्र राम (भूतपूर्व अनुसेवक), दीपक कुमार सिंह माता स्वर्गीय आशा देवी (भूतपूर्व महिला कक्ष सेविका), गणेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय




महादेव (बीट संख्या 3/9 चौकीदार) को नियुक्ति पत्र दिया। वीरेंद्र कुमार प्रखंड कार्यालय बड़कागांव में, दीपक कुमार सिंह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमा में और गणेश कुमार यादव बरही अंचल में अपनी सेवा देंगे। उपायुक्त ने नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत तीनों अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए सच्ची लगन व निष्ठा पूर्वक अपने कार्यालय में सेवा देने के लिए प्रेरित किया।

# हजारीबाग के नए उप विकास आयुक्त के रूप इशितयाक अहमद ने पदभार ग्रहण किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के 41वें उप विकास आयुक्त के रूप में सोमवार को 39वें बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इशितयाक अहमद ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के छोटे भाई के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रविवार को बरही के मल्लाह टोली निवासी और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के छोटे भाई मो. बेलाल का आकस्मिक निधन हो गया, जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार बरही कब्रिस्तान में किया गया। इस दुखद घटना की खबर सुनते ही कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव और उनके साथ आए अन्य नेताओं ने परिवार से मिलकर उनका दुःख साझा किया और ढाढस बंधाया। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों से मुलाकात की और उन्हें इस कठिन समय में मजबूत बने रहने की प्रेरणा दी। शैलेंद्र यादव ने कहा कि परिवार को इस मुश्किल समय में धैर्य बनाए रखने की जरूरत है और कांग्रेस पार्टी हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़ी है। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,



महासचिव दिलदार अंसारी, महानगर उपाध्यक्ष प्रवेज अहमद, युवा सदर विधानसभा अध्यक्ष सोनू वर्मा, अब्दुल मनान वारसी, डॉ राजुद्दीन, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, गुलाम मुस्तफा, रघु गोप सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने परिवार के साथ अपना संवेदनात्मक समर्थन व्यक्त किया और दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। इस मुलाकात के दौरान परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया, ताकि वे इस कठिन समय से उबर सकें।

## जवाहरनगर में भक्ति जागरण का आयोजन, रात भर झूमे श्रद्धालु



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर रविवार देर शाम जवाहरनगर में भगवती जागरण का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ आजसू के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, मुखिया व्यास पांडेय, विश्वरंजन सिन्हा और कामेश्वर मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने कहा कि भक्ति जागरण से साकारात्मक उर्जा का प्रवाह होता है। ईश्वर की भक्ति मन, चित और शरीर के शुद्धीकरण का मार्ग प्रशस्त करता है। वहीं जय मां शक्ति जागरण मंडली के गायकों ने गणेश वंदना कर भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायाक सहदेव नायक, पवन धूनी, गीतांजलि दीक्षित, नित्या सिंह और अखिलेश ने हाथ जोड़ कर खड़ी हूं तेरे द्वार मेरी मां, तुम हो शिवजी की शक्ति मईयां शेरावाली, प्यारा सजा है तेरा दरबार... आदि भक्ति गीतों पर श्रोताओं को झूमाया। इस दौरान आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की गई। वहीं मां तारा की कथा, आरती और प्रसाद वितरण के पश्चात भगवती जागरण का समापन हुआ। इसे सफल बनाने में कामेश्वर मेहता, रूचिका कुमारी, रितिका कुमारी, सारिका कुमारी, छोटू, भोला, अमित कुमार, करण गौड़, खुशबू, देवेंद्र मेहता, कृष्णा पटेल, मनोज गौड़, रंगबहादुर सिंह, मंजू ठाकुर, विक्की आदि ने योगदान दिया।

## नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा अरगड्डा के बच्चों ने मां दुर्गा का स्वरूप किया धारण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवरात्रि के उपलक्ष में नव प्राथमिक विद्यालय नीचे धौड़ा अरगड्डा में मां दुर्गा का स्वरूप लेते हुए बच्चे साक्षात दुर्गा माँ लग रहे थे। और बच्चों में इसे भक्ति भावना का सभी ने बहुत ही उत्साह हुआ। इस मौके पर उपस्थित नव प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षक गण की ओर से दुर्गा पूजा की ढेर सारी बधाइयां शुभकामनाएं और मंगलकामना सभी को दी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सविता कुमारी सहायक शिक्षक रवि हॉसदा अध्यक्ष शन्त्री गोप उपाध्यक्ष मनीता गोप संयोजिका नसीमा खातून रसोईया अनिता कुमारी ,अरुणा , सदस्य सपना देवी कौशल्या देवी सीता देवी आदि उपस्थित थे।

## पतरातू 50 बेड का अस्पताल अब लोगों को रांची रामगढ़ नहीं जाना होगा : अंबा प्रसाद



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से 30 बेड अस्पताल के जगह 50 बेड अस्पताल का सोमवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू प्रखंड परिसर में बनने वाली नवनिर्माण 50 शय्या (बेड) का अस्पताल का भव्य शिलान्यास किया। ग्रामीणों में इतना हर्ष का माहौल था कि लोगों ने विधायक अंबा प्रसाद को ब्लॉक चौक मैं भव्य तरीके से ढोल नगाड़ों एवं फूल माला से उन्हें लाद दिया बहुत गर्मजोशी के साथ ग्रामीणों ने विधायक को स्वागत कर ब्लॉक चौक से शिलान्यास स्थल तक पैदल लेकर आए विधायक ने सर्वप्रथम शीलापट अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर पूरे विधि विधान से अस्पताल निर्माण हेतु आधारशिला रखी। मौके पर प्रखंड विकापदाधिकारी मनोज गुप्ता,चिकित्सा प्रभारी प्रभावती सिंहा,पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह अमित साहू,जयंत तुरी,मुखिया गिरिजेश कुमार,पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता,मुखिया तिलेश्वर साव,अंजन प्रसाद,राजू पांडे, अवधेश कुमार,हरिदास साव,याकूब राय,अनिल सिंह,जीतू तुरी,विक्कू रजक,राजकुमार रवि,विनोद साव, वासुदेव राम,अत्ताउल्लाह अंसारी, नईम अंसारी,अशोक प्रसाद,आबिद खान,चंदन साव,जसीम अंसारी, सैफुल्लाह खालिद,योगेंद्र सिंह खरवार,अजय पासवान,फिरदौस आलम,रामशरण गिरी,उमेश कुमार, इमरान अंसारी,रघुवीर साहू,सूरज कुमार,अमर सिंह,प्रदीप साहू, शकरुल्लाह अंसारी,रब्बानी अंसारी, परमवीर सिंह,रूपा देवी,सूर्यमणि देवी,अनीता देवी,रेखा देवी,सुचिता देवी,किरण देवी,मेरी टोप्पो,आयशा खातून,गीता देवी,रुखसाना खातून, रेखा देवी,सपना खातून,सकीना खातून,संतोष तुरी,ताहिर राय, शहादत अंसारी,मुमताज अंसारी एवं सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

## आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने पार्टी का पट्टा पहनाकर किया स्वागत



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पोटंगा पंचायत के असवा निवासी समाजसेवी चूंदा उरांव ने रविवार को दर्जनों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामा। उक्त सभी लोगों को आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय रांची में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने अपने हाथों से पार्टी में जुड़ने वाले सभी लोगों को आजसू पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। सभी लोगों ने केंद्रीय सदस्य सुनील उरांव के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने के दौरान समाजसेवी चूंदा उरांव ने बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिए रौशनलाल चौधरी जैसा उर्जावान और तेजतर्रार सख्त विधायक की जरूरत है। आजसू पार्टी में चूंदा उरांव, छत्रु मुंडा, बासुदेव गंझू,मानकी मुंडा,सनोज उरांव, दिलीप मुंडा, शंकर मुंडा,पुकेश्वर गंझू, भकतू उरांव, सिकंदर उरांव,पुजी उरांव, अल्फ्रेंड खालखो, नुएल गाड़ी शामिल हुए। इस दौरान विजय महतो, दीपक सिन्हा, बीरेंद्र महतो मौजूद थे।

## दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत भवन मे एक दिवसीय गाय पालन का दिया गया प्रशिक्षण



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत भवन मे सोमवार को एक दिवसीय गया पालन का प्रशिक्षण दिया गया ग्राम पंचायत 105 किसान प्रशिक्षण मे पोहचे लाभुक एक दिवसीय प्रशिक्षण मे कुल्ही पंचायत भवन मौजूद थे।आज कुल्ही पंचायत भवन मे एक एक कर गाय पालन को लेकर जनकारी दिया गया।ग्रामीण किसान भाई अच्छा दूध पालन कर सकते है मौजूद प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी दुलमी,रामगढ़ डॉ श शाशि सिन्हा,जिला गव्य विकास कार्यलय रामगढ़ के सुनील कुमार रजक, उच्च वर्गिय लिपिक एवं कपिल देव महतो राजेश उरांव, सोनाराम महतो, कृत्रिक गर्भधान कार्यलय दुलमी, तपेंद्र कुमार, महतो, पंचायत के उप मुखिया, सुबोध कुमार महतो, एवं लाभुक किसान रानी देवी, गुड़ी देवी, मंजू देवी, सविता कुमारी, अंजू देवी, उर्मिला देवी, सुमिन कुमारी, जतनलाल महतो, गीता देवी, रेखा देवी, मोमिता खातून, हसीबून निशा, सजीबुन निशा, शबनम आरा, पुनीत देवी, सपना रूपा कुमारी, गीता देवी एवं सभी किसान लाभुक मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा व दशहरा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा रामगढ़ मे किया गया फ्लैग मार्च



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ शहर में दुर्गा पूजा एवं दशहरा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग का मार्च का नेतृत्व रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी एवं रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया। इस फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से रामगढ अंचल अधिकारी एवं रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए । इस फ्लैग मार्च को सुभाष चौक से लेकर रामगढ़ के विभिन्न चौक चौराहा होते हुए अरगड्डा , सिरका नईसराय ,गोलपार , चट्टी बाजार , बिजुलिया में निकल गया । इस फ्लैग मार्च का रामगढ मे विधि व्यवस्था को सही रखना मुख्य उद्देश्य है किसी भी प्रकार का कोई भी असुविधा होने पर इसकी सूचना तुरंत रामगढ़ पुलिस एवं जिला प्रशासन को देने की सलाह सभी पंडालो एवं लोगों को दी गई।

# यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभारी एवं रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन की हुई बैठक

- नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं चालकः यातायात प्रभारी
- दुर्गा पूजा में जाम की स्थिति से निपटने में सहयोग करें वाहन चालक : अमित सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए यातायात प्रभारी और रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन की सोमवार को शाम सुभाष चौक के निकट बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अमित सिन्हा ने की। जबकि बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी रजत कुमार उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी रजत कुमार ने ऑटो एवं अन्य वाहनों के चालकों से कहा की वे सभी अपना परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस और इंश्यूरेंस का दस्तावेज धीरे धीरे अपडेट करवा लें। कहा की यदि आपके सभी डोक्यूमेंट अपडेट रहेंगे तो यह आपके लिए लाभदायक रहेगा। यातायात प्रभारी ने ऑटो चालकों से कहा की यदि आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस है और आपके साथ किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तब आपकों क्लेम का लाभ लेने में मदद मिलेगी। साथ ही कहा की यदि ऑटो कहीं पर दुर्घटनाग्रस्त होता है और उसपर बैठे किसी यात्री के साथ कुछ घटना होती है। इस स्थिति में यदि ऑटो का इंश्यूरेंस अपडेट है तो यात्री को भी क्लेम का लाभ मिलेगा। **दुर्गा पूजा में जाम की स्थिति से निपटले सहयोग करें वाहन चालकः अमित सिन्हा**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन रामगढ़ की काफी पुरानी यूनियन है। कहा की हमारी यूनियन ने यातायात व्यवस्था को सदृढ़ बनाने में हमेशा प्रशासन के साथ सहयोग किया है और आगे भी करती रहेगी। इसलिए उनसे अनावश्यक रूप से फाइन नही वसूला जाए। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा की यूनियन की तरफ से मैं आश्वासन देता हूं की वाहन चालक यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, ऑटो चालकों ने कहा की दुर्गा पूजा के बाद वे वर्दी का प्रयाग कर ऑटो चलायेंगे।साथ ही उन्होंने बताया की ऑटो चालकों को दुर्गा पूजा के बाद यूनियन की ओर से वर्दी प्रदान किया जाएगा।

## रामगढ़ खनन विभाग के द्वारा अवैध बालु को लेकर किया गया कारवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** रामगढ खनन विभाग के द्वारा रामगढ़ भुरकुंडा मार्ग के पोचरा के समीप अवैध बालु ले जा रहें ट्रैकर और चालाक को खनन विभाग ने पकड़ा कर बरकाकाना पुलिस को सौंप दिया । बरकाकाना पुलिस ने अवैध बालू ट्रैक्टर एवं चालक को ग्रिफ्तार कर कानूनी कारवाई कर रही हैं ।आपको बता दे की पूरे झारखंड में एनजीटी लागू है इसी को लेकर एनजीटी एक्ट उलंघन मामले मे यह कारवाई की गई है। पूरे मामले को लेकर खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने बताया उरलुंग बालू घाट से बालू की तस्करी की जा रही थी, जिसकी जानकारी लगातार मिल रही थी, आज पोचरा के समीप अवैध बालू की तस्करी करते हुए ट्रैक्टर चालक और बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया है, और बरकाकाना पुलिस को सौंप दिया गया है, बरकाकाना पुलिस के द्वारा उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों को तीसरे दिन भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों को तीसरे दिन भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया। इसमें क्लास नर्सरी से 5 तक के बच्चे उपस्थित थें।कक्षा नर्सरी से यू के जी के छात्र ब्रिगेडियर पूरी पार्क गए तथा बच्चों ने इस पार्क का आनंद उठाया। उन्होंने कतार वद्ध होकर एक साथ चलना सीखा,अनुशासन का पालन करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना सीखा।इस शैक्षणिक यात्रा में कक्षा 1 के बच्चों को रेलवे स्टेशन ले जाया गया।बच्चे रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ जवानों से मिले और उनके दैनिक कार्यो के बारे में जाना।उन्होंने वंदे भारत ट्रेन को भी देखा, स्टेशन मास्टर ने बच्चों को कंट्रोल रूम की सैर कराई।कक्षा 2 के छात्रों को डाकघर ले जाया गया।बच्चों ने बहुत ही उत्साह से डाक घर में किए जाने वाले कार्यों के बारे में जाना और उसके महत्व को समझा।छात्रों ने पोस्टकार्ड पर अपनी माँ को एक प्यार भरा संदेश लिख कर के पोस्ट किया।कक्षा 3 और 4 के बच्चे डीसी पार्क में गए और तरह-तरह की पेड़ पौधों के बारे में जाना। प्रकृति से रूबरू होकर उसे स्वच्छ रखने का प्रण लिया ।कक्षा 5 के छात्र कैंप में म्यूज़ियम देखने गए जहाँ उन लोगों ने सारागढ़ी के युद्ध के बारे में जाना । सिखों के 10 गुरूओं के बारे में जान,जो सैनिक परमवीर चक्र,शौर्य चक्र से सम्मानित हुए हैं उनके बारे में भी जाना । छात्रों को शिक्षकों और सहपाठियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने का मौका मिलता है, बच्चों की क्षमता मज़बूत होती है। विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे जिन्होंने बच्चों का अच्छे से ध्यान रखा।

## झारखंड में बहुमत के साथ बनेगी एनडीए की सरकार : सांसद

- चतरा सांसद पहुंचे छिन्नमस्तिका मन्दिर, माँ भगवती के समक्ष टेका मत्था
- युवा नेता राजीव जायसवाल के नेतृत्व में सांसद का हुआ भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** चतरा के सांसद काली चरण सिंह सोमवार को छिन्नमस्तिका मन्दिर पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने माँ भगवती दरबार मे मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर चतरा सांसद ने कहा कि 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बहुमत के साथ बनेगी। वर्तमान हेमंत सरकार से राज्य की जनता पूरी तरह से त्रस्त है और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। जनता अब परिवर्तन के मूड में है। सांसद ने कहा कि वर्तमान की झामुमो सरकार हर मोर्चे में फेल हैं। राज्य में अपराधियों का बोलबाला हैं। राज्य की महिलाएं, व्यापारी, आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार जनता को झूठे सपने दिखाने का काम की हैं। इसका जवाब आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता देने का काम करेगी। इससे पूर्व रजरप्पा पहुंचने पर चतरा सांसद का स्वागत भाजपा के युवा नेता सह सामजसेवी राजीव जायसवाल ने बुके देकर एवं छिन्नमस्तिका मन्दिर का चित्र भेंट कर किया। स्वागत करने वालो म भाजपा रामगढ़ जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजय प्रभाकर, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष पीयूष तिवारी, बिक्की महतो, सोनू सोनी, सहित कई कार्यकर्ता आदि थे।

**गोगो दीदी योजना के तहत प्रत्येक महिला को 2,100 रुपये**

चतरा सांसद ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने पंच प्रण के तहत कई घोषणाएं की हैं। गोगो दीदी योजना के तहत प्रत्येक महिला को 2,100 रुपये महीना मिलेगा और 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर मिलेगा। युवाओं के लिए 5 लाख स्वरोजगार और 2.87 लाख सरकारी पद भरे जाएंगे।

## सयाल की सड़कों पर भैंसों के विचरण से प्रतिदिन लगता है जाम, राहगीरों को होती है परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सयाल में आय प्रतिदिन सड़कों पर भैंसों के विचरण से सयाल-उरीमारी मुख्य मार्ग करीब सुबह और शाम में करीब एक घंटे तक जाम के झाम में फसा रहता है। जिससे मुख्य सड़क पर बड़े वाहनों कि कतार लग जाती है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। ग्वाले भी सड़क सुरक्षा का ख्याल ना रखकर सयाल के खटाल से भैंसों को सड़क पर निकाल देते हैं। और यह भैंसें सड़क के बीचोंबीच चलते हैं और यह भैंसें सयाल के भानू कॉलोनी होते हुए नदी कि ओर जाते है। इस बीच सड़क के दोनों छोर पर वाहनों के लंबे कतार लग जाती है। भैंसों के सड़क पर विचरण से इमरजेंसी वाहन एंबुलेंस भी जाम में फस कर रह जाते हैं। इमरजेंसी होने पर वाहन चालक वाहन से उतरकर भैंसों को सड़क से हटाते हैं। कइ बार चालक व ग्वाले आपस में भीडते और उलझते नजर आएंगे। इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। हालांकि रामगढ़ जिला प्रशासन ने विगत माह पुर्व ही रामगढ़ कि सड़कों पर जानवरों के वीचरन पर पाबंदी लगाई थी। जो हद तक कारगार साबित हुई है। वहीं दूसरी ओर सयाल के ग्रामीणों व वाहन चालकों ने जिला प्रशासन से ठोस कदम उठाने कि मांग करती है। जिससे सयाल कि मुख्य सड़क जाम के झाम में फसा ना रहे।

## श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा क्षेत्र के पदाधिकारियों ने की सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा क्षेत्र के मुख्य संरक्षक पद पर गिरिडीह चंद्रप्रकाश चौधरी की नियुक्ति की गई है। मुख्य संरक्षक बनाए जाने के बाद पूजा समिति के अन्य सदस्यों ने सोमवार को समिति के सचिव गजेंद्र चौधरी के नेतृत्व अन्य सदस्यों ने रजरप्पा प्रोजेक्ट के आवास में जाकर चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान पूजा समिति के सचिव ने गिरिडीह सांसद सह पूजा समिति के मुख्य संरक्षक को बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य तरीके से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। जिसे लेकर उन्होंने इसमें उनसे सहयोग मांगा। चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि पूजा में हमसे जो भी सहयोग होगा, हम करने के लिए तैयार हैं। साथ ही उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को कहा कि पूजा उत्साह और शांतिपूर्वक मनाएं। मुलाकात करने वालों में महेंद्र मिस्त्री, रविन्द्र वर्मा, अनिल प्रसाद, शंकर सिंह, संतोष रजक, जय कुमार राय, कृष्णा सिंह शामिल है। मौके पर केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, किशोर महतो सहित कई मौजूद थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ एसपी को गोला थाना कांड को लेकर मांग पत्र सौंपा गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गोला थाना कांड संख्या 105 / 2024 के संबंध में जांच करने हेतु जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार महतो के नेतृत्व में मांग पत्र सोपा गया। इस मांग पत्र में जिला अध्यक्ष ने कहा कि 04.10.2024 को गोला थाना पीसीआर के चपेट में आने से भुभई निवासी अजीत हेंब्रम और सागर हेंब्रम की दर्दनाक मौत हुई थी। उनके परिजनों और आम ग्रामीणों ने 05.10.2024 को गोला थाना के समीप मुआवजे और पीसीआर वाहन में मौजूद पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे । गोला थाना और रजरप्पा थाना प्रभारी द्वारा संवैधानिक शांतिपूर्ण धरना कर रहे भूभई के आम आदिवासी ग्रामीणों और जेएलकेएम कार्यकर्ता के ऊपर लाठी चार्ज किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष ने मांग किया है कि उपरोक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच हो तथा जिम्मेदार पीसीआर चालक सहित गाड़ी में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों पर हत्या की प्राथमिक दर्ज कर कानूनी कार्रवाई तथा अजीत हेंब्रम और सागर हेंब्रम के परिजनों को मुआवजा दिलाने में प्रशासन हर संभव सहायता करें। कोयला तस्करी का आरोप लगाकर आम ग्रामीणों तथा आदिवासी युवकों को प्रताड़ित करना बंद करें । शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे आम ग्रामीण और जेएलकेएम नेताओं पर किया गया फर्जी केस वापस हो। इन तमाम मुद्दों को लेकर लोगों ने रामगढ़ पुलिस अधीक्षक से ज्ञापन सौप कर पर उचित कार्रवाई हेतु गुहार लगाई है।

## भाकपा माले कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने इजराइल के तानाशाही के खिलाफ फिलिस्तीन एकजूटता दिवस मनाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** फिलिस्तीन में एक साल से इजरायल द्वारा जारी हमले, जनसंहार और तबाही के खिलाफ सोमवार को फिलिस्तीन एकजूटता दिवस के देशव्यापी आह्वान को लेकर रामगढ़ जिला के अंतर्गत अरगड्डा मोड़ बिरसा चौक के समीप भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य सरयू बेदिया एवं जयनंदन गोप के नेतृत्व में दर्जनों माले कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने इजराइल के तानाशाही के खिलाफ फिलिस्तीन एकजूटता दिवस मनाया गया।इस एकजूटता दिवस के जरिए फिलिस्तीन पर जारी हमले और तबाही पर रोक लगाने की मांग करते हुए कि अमेरिका समेत अन्य साम्राज्यवादी देश की मदद से आत्मरक्षा के नाम पर किया जा रहा यह एक खुला जनसंहार है। फिलिस्तीन की जनता का साथ दें, युद्ध विराम तुरंत लागू हो, मोदी सरकार इजराइल का समर्थन करना बंद करें, गाजा और लेबनान पर तत्काल युद्ध रुके, इजराइल नरसंहार बंद करे। युद्ध नहीं- शांति चाहिए आदि नारे लगा रहे थे।उक्त कार्यक्रम में सरयू बेदिया, जय नंदन गोप,लालचंद बेदिया, रशीद अंसारी, लाल कुमार बेदिया, चंद्रिका राम, रूपलाल बेदिया,विजय प्रजापति, रामवृक्ष बेदिया, महादेव राम, जगदीश बेदिया, रूपन गोप, वयोवृद्ध नेता कुलदीप बेदिया, अनवर अंसारी, सीताराम बेदिया, चरकू बेदिया एवं जियाउल अंसारी शामिल थे।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम में सुधीर मंगलेश ने दिया सामाजिक सद्भावना का संदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के सिकनी गांव में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर शामिल हुए। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भावना का संचार होता है। उन्होंने ग्रामीणों के धार्मिक और सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकजुटता और सहयोग की भावना मजबूत होती है।मंगलेश ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और सद्भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमें समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए और ऐसे आयोजनों के माध्यम से लोगों को जोड़ना चाहिए। मौके पर उप मुखिया उमाशंकर महतो बिक्की महतो पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल सचिव छोटेलाल महतो कोषाध्यक्ष बालमुकुंद महतो उपाध्यक्ष आनंद महतो बालदेव ठाकुर राजेश मुंडा पुजारी जनार्दन महतो कुलदीप साव कृष्ण कुमार रंजीत महतो सुनीता देवी रीना देवी आशा देवी आशा कुमारी प्रतिमा कुमारी देवकीनंदन महतो अमित जयसवालरामरंजन करमाली व सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बढती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता यमुना प्रसाद ने रामगढ़ एसडीओ से किया मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस पार्टी के मनरेगा सेल अध्यक्ष सह-कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता यमुना प्रसाद ने रामगढ़ अनुमंडल नव नियुक्त पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को बुके देकर मुलाकात किया ढेर सारी शुभकामनाएं दी साथ ही रामगढ़ जिला के ट्रैफिक व्यवस्था से जानता हो रही परेशान ट्रैफिक व्यवस्था से अवगत कराया दिनों दिन बदतर होते जा रही है! जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है! उन्होंने कहा कि सड़क पर लगे जाम से न केवल आम जनता का समय बर्बाद हो रहा है बल्कि दुर्घटनाओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है! साथ ही रांची रोड होप अस्पताल के बगल में सब्जी मंडी विक्रेता सब्जी बेचते हैं वहीं सब्जी लेने आए लोग सड़क के पर ही अपना मोटरसाइकिल गाड़ी खड़ा कर कर सब्जी खरीदने चले जाते हैं जिसके कारण आए दिन हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है! मौके पर यमुना प्रसाद , रमेश प्रसाद ,संकेश्वर मुंडा ,त्रिलोकी प्रसाद, महेश प्रसाद मौजूद रहे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स 2024 में जूरी प्रशंसा पुरस्कार जीता



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील फाउंडेशन, जमशेदपुर ने ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स 2024 में जूरी की प्रशंसा प्राप्त की। ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स (स्स्ढ्ढ) ब्रिजस्टोन इंडिया की एक पहल है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए सुरक्षित और सतत मोबिलिटी को बढ़ावा देना है। ये पुरस्कार उन नवाचारों की पहचान, मान्यता और प्रोन्नति करने के लिए हैं जो सामाजिक मुद्दों को संबोधित करते हैं और गैर-लाभकारी संगठनों के माध्यम से सामाजिक विकास को आगे बढ़ाते हैं।इन पुरस्कारों के चौथे संस्करण में ××× प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई और 'सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के लिए मोबिलिटी' और 'संसाधनों तक बढ़ी हुई पहुँच' श्रेणियों के अंतर्गत विजेताओं का चयन किया गया।ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक हिरोशी योशिज़ाने ने कहा, ब्रिजस्टोन का मिशन सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ समाज की सेवा करना इस बात पर आधारित है कि हम अपने आस-पास के लोगों और समुदायों के लिए किस तरह योगदान करते हैं। संधारणीय गतिशीलता समाधानों में वैश्विक अग्रणी के रूप में, ये पुरस्कार व्यापक भलाई के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह ब्रिजस्टोन मोबिलिटी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड्स का चौथा संस्करण है और हम समुदायों की ज़रूरतों के लिए समाधान प्रदान करने और जिन लोगों की वे सेवा करते हैं उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने की दिशा में काम करने में भाग लेने वाले सभी संगठनों की क्षमता और प्रभाव को देखकर उत्साहित हैं।

## लीड ग्रुप ने 2023 शिक्षा अवार्ड में विभिन्न स्कूलों और उनके शीर्ष नेतृत्व को भारत के शिक्षा स्तंभों के रूप में किया सम्मानित



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने देश के सबसे बड़े स्कूल पुरस्कार कार्यक्रमों में से एक, शिक्षा अवार्ड के दूसरे वर्ष का सफलतापूर्वक समापन किया। लीड ग्रुप के शिक्षा अवार्ड के जरिये उन असाधारण स्कूलों और स्कूल नेतृत्व को सम्मानित किया जाता है, जिनकी शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता भारत में छात्रों की शिक्षा में बदलाव ला रही है। ये वे स्कूल हैं, जो स्थान या आकार की परवाह किए बिना, बारीकी से तैयारी, शिक्षण, मूल्यांकन और सुधार के ज़रिये अपनी कक्षाओं में एनसीएफ के अनुरूप मल्टीमॉडल लर्निंग को सफलतापूर्वक लागू कर रहे हैं; छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं; और छात्र-नेतृत्व वाले सम्मेलनों सहित विभिन्न पहलों के ज़रिये छात्रों की शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी बढ़ा रहे हैं।इस कार्यक्रम में लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने स्कूल नेतृत्व पर एक मास्टरक्लास भी शामिल रहा। 2023 शिक्षा अवार्ड में 2200 से ज़्यादा स्कूलों और 29000 शिक्षकों ने भाग लिया। झारखंड के हजारीबाग में स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल के स्कूल मालिक, प्रवीण मोदी और स्कूल की प्रिंसिपल, रश्मि बरनवाल 2023 शिक्षा अवार्ड के विजेता रहे।लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने कहा, स्कूल वह बुनियाद है, जिस पर हमारे देश का भविष्य टिका है और वार्षिक शिक्षा अवार्ड इनमें से सर्वश्रेष्ठ संस्थानों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अथक प्रयास को सम्मानित करता है।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक एमएनसी फंड, पोर्टफोलियो में मल्टीनेशनल कंपनियों के स्टॉक को शामिल करने का मौका




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगर आप म्यूचुअल फंड की किसी नई और इनोवेटिव थीम वाली स्कीम में निवेश करना चाहते हैं, तो आपके पास अच्छा मौका है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (KMAMC/कोटक म्यूचुअल फंड) ने मल्टीनेशनल कंपनीज (MNC) थीम पर आधारित अपना न्यू फंड ऑफर (NFO) लॉन्च किया है। यह नई स्कीम कोटक एमएनसी फंड के नाम से लॉन्च की गई है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। इस फंड के जरिए निवेशकों को ग्लोबल लेवल पर पहुंच वाली मल्टीनेशनल कंपनियों में एक्सपोजर मिलेगा। पोर्टफोलियो में अलग अलग सेक्टर और अलग अलग मार्केट कैप की मजबूत मल्टीनेशनल कंपनियों के स्टॉक होंगे, जिससे डाइवर्सिफिकेशन का भी लाभ मिलेगा। कोटक एमएनसी फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 7 अक्टूबर, 2024 को खुल रही है और इसमें 21 अक्टूबर, 2024 तक निवेश किया जा सकता है। मल्टीनेशनल कंपनियों को अपनी ग्लोबल उपस्थिति, मजबूत ब्रांड और रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्षमताओं के साथ, अक्सर घरेलू कंपनियों पर कुछ बढ़त का लाभ मिलता है। कोटक एमएनसी फंड उन मल्टीनेशनल कंपनियों में निवेश पर फोकस करता है, जो अपनी मजबूत ग्लोबल ब्रांड प्रेजेंस, एडवांस ऑपरेशन, एडवांस टेक्नोलॉजी के चलते मिलने वाले लाभ, मजबूत मैनेजमेंट क्वालिटी और वित्तीय रूप से मजबूती के लिए जानी जाती हैं। ये कंपनियां अलग अलग सेक्टर में मौजूद हैं और महत्वपूर्ण इंटरनेशनल बिजनेस एक्सपोजर रखती हैं।

## कैंसर पीड़ित महिला की मौत के बाद परिजनों का सदर अस्पताल में बवाल

▶ **सदर अस्पताल में डॉक्टरों के साथ बदतमीजी व मारपीट, पहुंची पुलिस**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पाकुड़ :** सदर अस्पताल में तोड़फोड़, डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाएं बढ़ती जा रही है। लापरवाही के आरोप में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को कभी मरीज के परिजनों के गुस्से का सामना करना पड़ता है, तो कभी असामाजिक तत्वों की गलत नीयती या हरकतों से परेशान होना पड़ता है। इधर सोमवार को भी एक और घटना हो गई। जिसमें मरीज के परिजनों के द्वारा डॉक्टरों के साथ ना सिर्फ बदतमीजी की गई, बल्कि मारपीट पर उतारू हो गए। तीन-तीन डॉक्टरों से धक्का-मुक्की और मारपीट किया गया। सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ आनंद कुमार और डॉ शाहरुख के साथ मारपीट की गई। इस दौरान बीच-बचाव करने आए डॉ अमित कुमार से बदतमीजी करते हुए धक्का-मुक्की किया गया। डॉ अमित कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह करीब 11ः00 बजे लिट्टीपाड़ा करियोडीह की एक महिला मरीज को भर्ती कराया गया था। महिला पांच साल से कैंसर से पीड़ित थी। सदर अस्पताल में भर्ती के बाद डॉक्टरों की ओर से अस्पताल में उपलब्ध सारी व्यवस्थाएं अपनाई गई। ऑक्सीजन से लेकर तमाम इंतजाम किए गए। दोपहर बाद करीब 3ः00 बजे मरीज की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने डॉ आनंद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान वहां पहुंचे डॉ शाहरुख के साथ भी मारपीट किया गया। हल्ला सुनकर मैं भी वहां गया, तो मेरे साथ भी धक्का-मुक्की करने लगा। डॉ अमित कुमार ने बताया कि हालात यह थी कि पुलिस को खबर करनी पड़ी। पुलिस के पहुंचने से पहले मारपीट करने वाले मरीज के परिजन अस्पताल से भाग निकले। पुलिस को सारी जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ है। मरीज के कुछ परिजन मौजूद है, जो शव को अस्पताल से ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला पांच साल से कैंसर से पीड़ित थी और उनकी हालत बेहद नाजुक थी। डॉक्टरों ने फिर भी अस्पताल में मौजूद तमाम सुविधा उपलब्ध कराने के साथ इलाज में भरपूर कोशिश की। लेकिन मरीज को बचाया नहीं जा सका। इस तरह के मरीज के इलाज में भी लापरवाही का आरोप लगाया जाता है। इस परिस्थिति में डॉक्टर और स्वास्थ कर्मी कैसे काम करेंगे। सदर अस्पताल में बहुत बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। यह पहला मामला नहीं है। हाल ही में हिरणपुर की एक महिला की मौत के बाद भी अस्पताल में तोड़फोड़ किया गया था।

## नवोदय विद्यालय परिसर में की गई पत्थरबाजी को लेकर थाना में लिखित शिकायत

**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बागशिशा स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में बीते रविवार की रात ग्रामीणों द्वारा की गई पत्थरबाजी को लेकर सोमवार को प्रचार्य डा. अवधेश कुमार ने थाना में लिखित शिकायत किया है। विद्यालय के प्रचार्य ने कहा कि रात्रि 12 बजे विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर से आचार्य आवास व शैक्षणिक भवन पर करीब दो घण्टे तक लगातार पत्थरबाजी की गई। ड्यूटी में रहे प्रहरियों द्वारा उन्हें खदेड़ने के बाद भी वे नही रुके। फिर प्रहरी द्वारा विद्यालय के अन्य स्टाफ को उन्हें दूर खदेड़ा गया। इस पत्थरबाजी से दो प्रहरी का चोट भी लगा है व गार्डरूम के खिड़की का शीशा टूट गया है। रात्रि प्रहरियों द्वारा पत्थरबाजी करने वाले समूह में शामिल बागशिशा गांव के ही अनिल सोरेन के रूप में की गई है। जो भवन निर्माण के दौरान कंस्ट्रक्शन कम्पनी के गार्ड के रूप में कार्य कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं प्रचार्य आवास , शैक्षणिक भवन , छात्र व छात्रा छात्रवास में भी की गई है। जिसमे सभी भवनों के खिड़की का शीशा टूटा भी था। इससे स्कूली बच्चों की घायल होने की संभावना बनी हुई है। उधर विद्यालय के मुख्य द्वार में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी चोरी की गई है । यह विद्यालय आवासीय है। इसमे वर्तमान में 300 छात्र छात्राएं व 50 कर्मचारी व उनका परिवार निवास करता है।

## एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए विस्तृत सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम किया गया लांच



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमेजॉन इंडिया ने डिलीवरी एसोसिएट्स की बेहतरी पर जोर देते हुए डायल 4242 के साथ साझेदारी कर एम्बुलेंस सेवाओं को शुरू किया हैं। इसका उद्देश्य सुरक्षा के उपायों को बढ़ाना और डिलीवरी एसोसिएट्स के स्वास्थ्य को अहमियत देना है। इतना ही नहीं एमेजॉन ने बड़े पैमाने पर एक स्वास्थ्य अभियान भी शुरू किया है, जो लगभग 6 महीनों तक चलेगा। इससे उनके डिलीवरी सर्विस पार्टनर और उनके डिलीवरी एसोसिएट्स, साथ ही आई हैव स्पेस और फ्लेक्स कार्यक्रमों के 50,000 से भी ज्यादा एसोसिएट्स को लाभ मिलेगा। इस अभियान के तहत डिलीवरी एसोसिएट्स को मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा मिलेगी जिसमें आंखों और दांतों की जांच शामिल है, साथ ही उनमें मौजूदा स्वास्थ्य और दुर्घटना कवरेज के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी काम किया जाएगा, जिसमें महिला डिलीवरी एसोसिएट्स के लिए मातृत्व कवर को भी शामिल किया गया है। इन मजबूत प्रयासों से एमेजॉन की यह प्रतिबद्धता साफ झलकती है कि वह अपने डिलीवरी एसोसिएट्स को एक सुरक्षित और सहायक माहौल देना चाहते हैं। सभी जरूरी चिकित्सा सेवाओं को सुनिश्चित करके और समग्र भलाई को अहमियत देकर, एमेजॉन डिलीवरी एसोसिएट्स को सशक्त और सुरक्षित रखने के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को उजागर करता है।

### कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
**Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com**

पत्रांक : .................................. **आम सूचना** दिनांक : ..................................

**त्वरित कारवाई स्वच्छता दल (Quick Response Sanitation Team) का गठन**

झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वार्डो, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर साफ–सफाई, कचड़ा उठाव एवं निष्पादन तथा स्वच्छता संबंधित अन्य समस्याओं के ससमय निष्पादन हेतु त्वरित कारवाई स्वच्छता दल (Quick Response Sanitation Team [QRST]) का गठन किया गया है। सभी नागरिकों से अपील है कि नीचे उपलब्ध कराये गये मोबाईल नं0 एवं WhatsApp No. पर साफ–सफाई हेतु चिन्हित स्थल का पता फोटोग्राफ सहित उपलब्ध करायेगें। सूचना प्राप्ति होते ही QRST द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए पृथक वाहन एवं सफाई मित्रों द्वारा उक्त स्थल की साफ–सफाई सुनिश्चित करते हुए समस्या का समयबद्ध निष्पादन किया जायगा।

| Quick Response Sanitation Team [QRST] को स्वच्छता संबंधी शिकायतों के विषय में सूचना एवं फोटोग्राफ निम्न मोबाईल नं0 पर उपलब्ध करायें। | |
|---|---|
| **मोबाईल नं0 / WhatsApp No. 9304076837** | **समयावधि :– सभी कार्य दिवस पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 5.00 बजे तक।** |

ससमय समस्या का समाधान नहीं होने पर QRST सुपरवाईजर बिनोद कुमार यादव, मोबाईल नं0 9631103104 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 338271 Urban Development(24-25)#D

### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।**

**अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 12(RI)/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-**05.10.2024**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | **RWD/KODERMA/17/2023-24** | झरनाकुण्ड धाम से तिलैया बस्ती तक निर्माण कार्य (लं0–4.700 कि0मी0) | **3,56,71,000/-** | तीन करोड़ छप्पन लाख एकहतर हजार रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–09.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–17.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–19.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933‍06534.297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.338251 Rural Work Department(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा संख्या– 23/2024-25/RWD/CHATRA** **दिनांक– 05.10.2024**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/CHATRA/144/2024-25 | पत्थलगड्डा | मेराल | बेलवाटांड | कृति मुण्डा के घर से भेमसेन ओड़िया के घर तक PCC पथ निर्माण | 3849600.00 | अड़तीस लाख उन्चास हजार छः सौ मात्र | **03 माह** | **प्रथम** |
| 2 | RWD/CHATRA/145/2024-25 | पत्थलगड्डा | मेराल | मेराल | विजला मुण्डा के घर से स्कूल तक PCC पथ निर्माण | 4838600.00 | अड़तालीस लाख अड़तीस हजार छः सौ मात्र | **03 माह** | **प्रथम** |
| 3 | RWD/CHATRA/146/2024-25 | पत्थलगड्डा | मेराल | मेराल | रामसहाय नाग के घर से नन्हे मुण्डा के घर तक PCC पथ निर्माण | 5510400.00 | पचपन लाख दस हजार चार सौ मात्र | **06 माह** | **प्रथम** |
| 4 | RWD/CHATRA/147/2024-25 | पत्थलगड्डा | मेराल | खैरा | लालु भुईयाँ के घर से कारू भुईयाँ के घर तक PCC पथ निर्माण | 2668000.00 | छब्बीस लाख अरसठ हजार मात्र | **03 माह** | **प्रथम** |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **08.10.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **15.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **17.10.2024 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 338204 Rural Work Department (24-25)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**विशेष कार्य प्रमण्डल**
**भवन निर्माण विभाग, राँची**
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

**निविदा रद्ध सूचना**

Nodal Officer, e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Special Works Division Building Construction Department, Ranchi द्वारा PR 337219 Building ( 24-25) के तहत प्रकाशित Construction of Boundary Wall (750'0" ) with Camp Office at Proposed New Jharkhand Bhawan Site, Navi Mumbai, Maharashtra कार्य का NIT 24/2024-25 को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0
राँची।

PR.NO.338273 Building(24-25):D

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
**(जिला स्थापना शाखा)**

**–: शुद्धि सूचना :–**

इस कार्यालय के ज्ञापांक–451/स्था0 दिनांक 04.10.2024 के द्वारा चतरा जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 के आलोक में दिनांक 28.09.2024 को आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची (रिक्ति का 1:3 के संख्या) प्रकाशित करते हुए संबंधित अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 07.10.2024 को शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है। (PR 338074)

संबंधित अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन दिनांक **08.10.2024 को पूर्वाह्न 06:00 बजे से पुलिस लाईन, चतरा** में किया जाता है। तदनुसार संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र, मूल आधार कार्ड एवं एक अद्यतन फोटो के साथ **पूर्वाह्न 05:00 बजे तक** यथास्थान पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 338198 (District) 24-25 (D)

### Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer, Ranchi
**(Department of Health and Family Welfare)**

Letter No Date –

**EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)**

Sadar Hospital, Ranchi is one of the premier govt. hospital in the state and India. The institute provides free medical services under AB-MMJAY and other govt. schemes. Expression of Interest (E.O.I) is invited for Medical officer's and Specialist Medical Officer's for providing services at Sadar Hospital Ranchi and SDH Bundu ranchi

| Sl.No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | General Duty Medical officer (GDMO) **(For Sadar Hospital, Ranchi)** | 1. MBBS 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. 3. Candidate with higher qualification will be given preference for the post. | 2 | 63,000/- + Incentive as per AB-MMJAY guidlines |
| 2 | Physician **(For Sadar Hospital, Ranchi)** | 1. MD in General Medicine 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- + Incentive as per AB-MMJAY guidlines |
| 3 | General Duty Medical officer (GDMO) **(For SDH Bundu Ranchi)** | 1. MBBS 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. Candidate with higher qualification will be given preference for the post. | 6 | 63,000/- + Incentive as per AB-MMJAY guidlines |
| 4 | Orthopedic Surgeon **(For SDH Bundu Ranchi)** | 1. Degree/DNB/Diploma in Orthopedics 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- + Incentive as per AB-MMJAY guidlines |

**Terms and Conditions**

Relevant documents and information can be seen and downloaded from www.sadarhospital.com

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in **walk-in-interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in **Ayushman Confrence Hall, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10.30 AM on 14th October 2024.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant will be not more than 65 yrs as on 31-01-2024 .
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This post initially for the period of 1 year(under Outsoursed Agency). Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the, Govt of Jharkhand/Civil Surgeon, Ranchi.

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer
Ranchi

PR 338262 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

### DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, SIMDEGA
**CIVIL COURT, SIMDEGA**
**Mobile: - 9263065799 email: - https://simdega.dcourts.gov.in**

**Advertisement No- DLSA/SIMDEGA/LADCS-05/2024 Date: 04.10.2024**

**NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR ENGAGEMENT OF DEPUTY CHIEF LEGAL AID DEFENSE COUNSEL FOR FULL TIME LEGAL AID LAWYERS ON PURELY CONTRACTUAL BASIS IN LEGAL AID DEFENSE COUNSEL OFFICE IN DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY (DLSA), SIMDEGA**

The District Legal Services Authority established under the Legal Services Authorities Act, 1987 with mandate to provide free and competent legal services to the underprivileged and disadvantaged section of the society to ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reason of economic or other disabilities and to secure that the operation of the legal system promotes justice on a basis of equal opportunity to all.

Realizing the need to ponder over the reforms required in the Legal Aid Movement of India a new model of Legal Services Delivery, the "**Legal Aid Defense Counsel System (LADCS)**," in line with public defender system was introduced by NALSA. As envisaged, LADCS involve full time engagement of lawyers with support system, dealing exclusively with legal aid work in criminal matters at every stage starting from the pre-arrest, arrest & remand stage to the conclusion of trials and appeals etc. The "**Legal Aid Defense Counsel System (LADCS)**," enhancing the availability and accessibility of Legal Aid in a timely manner and helping in creating a mechanism to provide qualitative and competent legal services in a professional manner to underprivileged and disadvantaged section of the society. This system also has the effect of enhancing the responsiveness of the Legal Aid Mechanism in country which is ensuring accountability on the part of the Legal Aid providers. This system is also providing a unique opportunity for Law Students to learn form the best. The Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel will be given the liberty to engage law students as interns, to give them exposure to practical aspects of criminal law including preparation of defense strategy and doing legal research in various factual scenarios. The Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA) under the aegis of NALSA (www.nalsa.gov.in) has already implemented the scheme of LADCS in the district of Simdega. The post of Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel is vacant in the office of Legal Aid Defense Counsel System, DLSA, Simdega. Hence, applications are hereby invited from eligible lawyers having requisite qualifications for contractual full time engagement for the one (01) post of Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel with fix honorarium (Retainership fee Rs. 40,000 – 60,000) class B town.

The scheme of engagement and requisite qualifications as well as application form may be downloaded from the official website of Civil Court Simdegai.e. (**https://simdega.dcourts.gov.in**) and is also available on the Notice Board of DLSA, Simdega. The duly filled application form along with self-attested copies of documents, addressed to **"The Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Simdega PIN :- 825223"**, shall be submitted to the office of DLSA, Simdega, through speed post or in an envelope personally in the Office of Secretary, DLSA, Simdega on or before **15th October, 2024** by **17:00** Hrs. Any application received after due date shall not be considered.

The interview of the applicants, who will be found eligible after scrutiny process for the aforementioned post, shall be held at Civil Court, Simdega. In this regard, the candidate wise interview details including **date, venue and time** shall be uploaded on the website of the Civil Court, Simdegai.e. (**https://simdega.dcourts.gov.in**) as well as on the Notice Board of DLSA, Simdega. Hence, the candidates who will apply for the post of Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel are advised to visit the website of the Civil Court, Simdega as well as Notice Board of DLSA, Simdega.

**The Lawyer so engaged therein will not to be allowed to take any other private cases or any other Retainership.**

**Note: - Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.**

Sd/-
**Principal District & Sessions Judge**
**-Cum-Chairman, DLSA, Simdega**

PR.NO.338171 Simdega(24-25):D

# भूईहर मुंडा समाज को आदिवासी का दर्जा दिलाने का करेंगे हर संभव प्रयास : सुखदेव भगत

## ग्रामीणों का कहना है कि कई दशक बाद पठारी क्षेत्र में कोई लोकसभा सांसद का हुआ है भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डूम्बर पाठ गुरदारी में स्थित स्कूल प्रांगण में आयोजित करमा पूजा मिलन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद के पहुंचने पर उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया एवं आयोजन समिति के द्वारा उन्हें बंडी एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर फादर विनोद जी ने सांसद महोदय का स्वागत करते हुए कहा की कई दशक के बाद इस पठारी क्षेत्र में कोई लोकसभा सांसद का भ्रमण हुआ है। इस कारण पठारी क्षेत्र के लोग काफी खुश है सांसद के आने से लोगों में विश्वास जागा है कि अब क्षेत्र एवं लोगों की समस्याओं का निदान होगा। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि करमा पर्व हम सब को पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रेरणा देने का काम करती है। हम सबों को अपने रीति रिवाज परंपरा को और प्रगाढ़ करने की आवश्यकता है। श्री भगत ने कहा की पठारी क्षेत्र में जितना विकास होना चाहिए था नहीं हुआ है। हिंडाल्को कंपनी यहां के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया है। मेरी प्राथमिकता है कि जहां के लोग विकास से कोसों दूर हो, जहां लोग नहीं जाते हो उसे क्षेत्र का भ्रमण कर वहां के लोगों के समस्याओं को दूर करने का प्रयास करूं इसलिए वे लगातार इस क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।इस क्षेत्र में बहुत सारी समस्या है जिसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। इस क्षेत्र में काफी संख्या में भूईहर मुंडा जाति के लोग रहते हैं जिनके साथ अन्याय किया गया है। कई दशक से इनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है जिसके कारण ये आदिवासी होने के बावजूद भी इनका कोई सुविधा नहीं मिल रहा है। वे इस मामला को संसद में रखेंगे तथा जहां भी सहयोग करने की आवश्यकता होगी करेंगे ।भुईहर मुंडा समाज को आदिवासी दर्जा दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत सांसद वहां पर उपस्थित लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उसका निदान करने का प्रयास किये इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से फादर विनोद जी, मुखिया पुष्पा चोराठ,सत्य प्रकाश जी, राजू भगत प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस, आलोक साहू, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, सत्यजीत सिंह, अनवर अंसारी, गुड्डू शर्मा, महताब आलम गुड्डू, अशोक खेरवार, मोती चौबे, महात्मा उरांव, प्रेम दत्ता, सुषमा, फगुवा उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने पदाधिकारीयों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत 08 अक्टूबर 2024 को लोहरदगा जिला में आयोजित होनेवाले आम सभा व अन्य कार्यक्रमों को लेकर आज उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आम सभा के लिए मुख्य कार्यक्रम स्थल समाहरणालय के समीप मैदान में की जा रही आवश्यक तैयारियों, आमजनों के लिए सुविधाओं, लाभुकों के बीच मंईयां सम्मान योजना के तहत तीसरी किश्त की राशि का भुगतान, परिसदन की साफ-सफाई व आवश्यक व्यवस्था, विभिन्न प्रखण्डों से लाभुकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व वापस ले जाने संबंधी कार्ययोजना, आमसभा की रूपरेखा आदि पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये।ज्ञात हो कि मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत 08 अक्टूबर 2024 को लोहरदगा जिला में बेबी देवी, मंत्री, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार, दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार और कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गाण्डेय, जिला-गिरिडीह का मंईयां सम्मान यात्रा अंतर्गत लोहरदगा जिला में आम सभा का आयोजन समाहरणालय मैदान, लोहरदगा में अपराह्न 12.30 बजे से होगा।

# 12 अक्टूबर को मनाई जाएगी विजय दशमी : मदन मोहन पांडे



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में इन दिनों दुर्गा पूजा को लेकर एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा है।जिले भर कई जगहों पर दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा पूजा पंडालों का निर्माण किया गया है। ब्रह्मविद परिषद अध्यक्ष मदन मोहन पांडे ने बताया कि आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी दिन मंगलवार दिनांक 08.10.2024 को संध्या काल विल्वाभि मंत्रम का आयोजन किया जाएगा। वही आश्विन शुक्ल महासप्तमी दिन बुधवार दिनांक 09.10.24 को नवपत्रिका प्रवेश एंव अन्य पूजन अनुष्ठान किया जाना है तथा आश्विन शुक्ल पक्ष महाअष्टमी दिन गुरूवार दिनांक 10.10.24 अष्टमी पूजन एंव महानिशा पूजन का विधान है इस दौरान आश्विन शुक्ल पक्ष महानवमी दिन शुक्रवार दिनांक 11.10.24 को बलि पूजन समय प्रातः 6.52 मिनट पर सुनिश्चित किया गया है। आश्विन शुक्ल पक्ष दिन शनिवार 12.10.24 नवपत्रिका विसर्जन, अपराजिता पूजन एवं जयन्ती ग्रहण भी मनाया जाएगा।इस दौरान सभी कार्यक्रम ब्रहमविद परिषद के सम्मानीय विप्र बन्धुओं की तिथि की असमंजस्यता को लेकर तिथि निर्धारण समिति के प्रधान चन्द्रशेखर मिश्र की उपस्थिति में उपरोक्त तिथि का सर्वमान्य निर्धारण किया गया है इस बैठक में ब्रह्मविद् परिषद के अध्यक्ष मदन मोहन पाण्डे, चन्द्रशेखर मिश्र, राम सेवक पाठक, नन्द कुमार पाण्डेय, रमेश पौराणिक अशोक पाठक, परमानन्द मिश्र, अनुप कुमार चौधरी, जयशंकर मिश्र के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसी निमित्त पर निर्णय लिया गया है की तिथि निरूपण संबंधी जानकारी केन्द्रीय दुर्गापूजा समिति को उपलब्ध करायी जा चुकी है। संभवत केन्द्रीय दुर्गापूजा समिति के द्वारा जल्द ही बुकलेट जारी कर दिया जायगा।

# जय श्री राम समिति ने 7 यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा 6 मरीजों को 7 यूनिट ब्लड दिया गया जानकारी स्वरूप मिशन चौक निवासी भावो साहू की पत्नी शांति देवी अमृत केयर में इलाजरत, सेन्हा प्रखंड निवासी सकलदेव महतो की पुत्री चंचला कुमारी स्थानीय क्लिनिक सनराइज हॉस्पिटल में इलाजरत थाना टोली निवासी परमेश्वर वर्मा की पत्नी मीरा देवी सदर अस्पताल में इलाजरत पेसरार प्रखंड के ग्राम चैनपुर निवासी जतरू तुरी की पत्नी जगमइन तुरी सदर अस्पताल में इलाजरत शास्त्री चौक निवासी पवन गुप्ता की पुत्री मुस्कान गुप्ता सदर अस्पताल में इलाजरत एवं भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव निवासी रजक नायक के पुत्र अशोक नायक सदर अस्पताल में इलाजरत सभी को डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया तत्काल समिति सदस्य क्रमशः मुकेश महतो,जीवन महतो पवन प्रजापति, शशि सिंह,बसंत महतो, अजय सोनी रितेकेश महतो ने एक-एक यूनिट ब्लड देखकर पीड़ित मरीज के प्रति अपनी मानवता दिखाया। अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा ब्लड के वजह से किसी की जान ना जाए समिति पूरी प्रयास कर रही है। जीवन महतो ने कहा समिति के प्रति पीड़ित परिवार का भावनात्मक रूप देखते ही बनती है मानो ऐसा लग रहा हो सारी दुआएं समिति के झोली में डालना चाहती हैं ऐसा देख मेरी आंखें भी छलक जाती है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू,रमेश राय और गुड्डू, जीवन महतो, चंदन गुप्ता, पवन गुप्ता, विनोद साहू, राम सिंह, गौरव कुमार, विक्रम, दिवाकर महतो, नितेश प्रजापति, गौतम कुमार प्रजापति, पीयूष प्रजापति, मनीष बरई, सुबोध वर्मा, हेमा देवी, मुकेश महतो, श्रवण कुमार, श्वेता कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## नवरात्र के 9 दिनों में हम संवेदनशील होने का तप और साधना करते हैं

# चेतना और श्रेष्ट समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनाता है : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि चेतना तथा भावना का संयुक्त स्वरूप को संवेदना कहा जाता है जीवंत एवं जागरूक ग्रहण करने को क्षमता और अनुभूति का मिश्रण यदि व्यक्तित्व में समावेश हो तो वह व्यक्ति चैतन्य के श्रेणी में आता है वैसे तो प्राणी मात्र को सृष्टिकर्ता ने भावनाएं प्रदान की है जैसे कोई भी मादा जानवर अपने शिशु के लिए भावुक होती है और नर जानवर सुरक्षा देने का कार्य करता है इसका यह कार्य ईश्वर प्रदत भावनाओं के वशीभूत ही होता है परंतु मनुष्य में आकृत भावनाएं ईश्वर ने प्रदत की है नकारात्मक भाव और सकारात्मक भाव से हम या तो सकारात्मक कार्य करते हैं या फिर नकारात्मक कार्य करते हैं जब भावनाएं सकारात्मक हो और उदारता की श्रेष्ठ भावना अंतस में कार्य हो तो व्यक्ति भावना से समृद्ध रहता है चेतना और श्रेष्ठ समृद्ध भावना मिलकर मनुष्य को संवेदनशील बनता है संवेदना का अर्थ इस प्रकार समझा जा सकता है कि किसी के दुख में दुखी हो जाना तथा किसी के सुख में खुश हो जाना दूसरे के अनुभूति को ध्यान रखने वाला व्यक्ति संवेदनशील व्यक्ति कहलाता है जब हम आध्यात्मिक दृष्टि से अपने-अपने आराध्य से प्रार्थना याचना और आराधना करते हैं तो वास्तव में उनकी संवेदना का आकांक्षी होते हैं क्योंकि पराशक्ति अति संवेदनशील होती है और अपने उपासक की अनुभूति को अनुभव करती है और उसकी संवेदना वरदान और आशीर्वाद के रूप में प्राप्त होता है जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता और उसके स्थायित्व का अनुपात हमारी संवेदना के समानुपात है नवरात्रि के 9 दोनों में हम संवेदनशील होने का तप और साधना करते हैं। और इसका प्रतिफल हमें आशीर्वाद के रूप मे प्राप्त होता है।

# गोगो दिदि योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसका प्रयास जारी है : रवि गुप्ता

## भाजपा की पंचप्रण योजनाओं को लेकर केरसई में चालाया गया जन सम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भाजपा मंडल अध्यक्ष मानकीलाल जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता जिला ओबीसी मोर्चा महामंत्री दिनेश कुमार मंडल महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी गौतम कुमार ओबीसी मंडल अध्यक्ष विकास कुमार बूथ अध्यक्ष उदय कुमार महेंद्र प्रसाद भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार भाजपा नेत्री खुशबू कुमारी के द्वारा केरसई मंडल के विभिन्न बूथों पर गोगो दीदी योजना के निमित्त जन सम्पर्क अभियान चलाया एवं बैठक कर योजना का फार्म भराया। मौके पर भाजपा नेता रवि गुप्ता ने भाजपा के द्वारा झारखंड की जनता को पांच बड़े वचन (पंचप्रण) की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार बनने के बाद गोगो दीदी योजना के तहत, झारखंड की हर महिला के खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2100 रुपए हस्तांतरित की जायेगी। लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी घरों में पांच सौ रुपए में एल पी जी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध करायेगी। सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत झारखंड में पांच साल में पांच लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी इसके अलावा 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जायेगी। युवा साथी योजना के तहत युवाओं की चुनौतियों का समाधान करेगी,और ऐसे युवा जो अपना करियर शुरू करने में संघर्ष कर रहे हैं इसके लिए हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को दो बर्ष तक के लिए दो हजार रुपए प्रति माह युवा साथी भत्ता देगी।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नव युवकों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने तथा सिद्धू-कान्हू युवा क्लब को सक्रिय करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी का भी विस्तार किया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत व प्रखंड में कमेटी का गठन किया गया है। इसके माध्यम से सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मंसूर आलम युवाओं को खेल व सामाजिक कार्यों के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि युवा खेल के क्षेत्र में भी अपना करियर बना सके। जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है,ताकि युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखार मिल सके। अंचलाधिकारी दुर्गा को करने कहा कि राज्य सरकार सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब कमेटी को प्रत्येक वर्ष 25000 की राशि मुहैया करती है, ताकि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा सके। जिसे सभी को मिलजुल कर खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाना है।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के जोकबहार डोंगापानी में झारखंड लोकतांत्रिक क्रन्तिकारी मोर्चा की हुई बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अप्रित शिशु तोपनो ने की। बैठक में जयराम दादा के विचारों पर चर्चा हुई और ग्रामीणों ने उनके विचारों पर समर्थन व्यक्त किया। अगले विधानसभा चुनाव में सहयोग देने का वादा भी किया गया। बैठक में मोर्चा की मजबूती पर चर्चा हुई और नवयुवकों में उत्साह देखा गया। सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में नवयुवकों ने भाग लिया और जयराम महतो को राज्य का अगला मुख्यमंत्री देखने की इच्छा व्यक्त की। उपस्थित अतिथियों में पूसा ग्वाला, मुकेश प्रधान, आकाश मुंडा, सुन्दर प्रधान, सुनील लुगून, राजेश प्रधान, निरोध इन्दवार, सुवन सूरीन, नेहरू प्रधान मुकुट बागे, सुनील लुगुन, जस्टिन टेटे सहित अन्य लोग शामिल थे। इस अवसर पर जयराम दादा के विचारों को लेकर चर्चा हुई और उनके नेतृत्व में झारखंड के विकास की दिशा में काम करने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने जयराम दादा के विचारों को अपना समर्थन देने का वादा किया और अगले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस बैठक से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की मजबूती और जन समर्थन में वृद्धि होने की उम्मीद है।

# ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में श्री रामचरित्र मानस नवाहयण परायण महायज्ञ हुआ पाठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री रामचरित्र मानस समिति लोहरदगा के द्वारा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में, श्री रामचरित्र मानस नवाहयण परायण महायज्ञ, पांचवें दिन नवाहयण परायण पाठ यज्ञ आचार्य विष्णु चित जी महाराज एवं उनके सहयोगी ब्राह्मणों के द्वारा किया गया, रात्रि में 7:00 से अयोध्या से पधारे महाराज गौरव कृष्ण मिश्र जी अपने अनेक सहयोगियों के साथ संगीतमय प्रवचन एवं भजन गायन किए, संगीतमय प्रवचन पर भगवान श्री राम जी के जन्म,नामकरण एवं बाल अवस्था के लिलाओ संबंधित विस्तृत कथा एवं भजनों के माध्यम से वर्णन किये,उनके मधुर प्रवचन एवं भजनों से उपस्थित सभी भक्तजन मगध मुग्ध होकर झूम उठे, और नवाह्यण पाठ, प्रवचन एवं भजनों से सारा शहर का वातावरण भक्ति मय हो उठा है, प्रवचन पर वाराणसी से पधारे यज्ञ आचार्य श्री विष्णु चित जी महाराज उपस्थित होकर अपने आशीष वचन दिये,इन सभी कार्यक्रमों पर काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे आदि लोग शामिल होते हैं। महायज्ञ नवह्यण पाठ समिति लोहरदगा ने सभी माता राणी के भक्तों से आग्रह किया है कि ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर पर नवरात्रि मे चल रहे शक्ति की देवी माता रानी के नवह्यण पाठ, संगीतमय प्रवचन एवं भजनों के सभी कार्यक्रमों पर प्रत्येक दिन अवश्य उपस्थित होकर अपने जीवन में अनुग्रहण करें और पुण्य के भागी बने।

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारीयों का हुआ प्रशिक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम निर्वाचन, 024 में प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आज सोमवार को सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में निर्वाचन में सभी 460 पदाधिकारियों को उनके दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर व जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किये जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई।पदाधिकारियों को बताया गया कि उनके अधीन सभी मतदान केंद्रों की गहन जानकारी उन्हें होनी चाहिए। पदाधिकारियों का कार्य मतदान के पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के उपरांत सभी समय होता है। सभी मतदान केंद्रों के पहुंच पथ की जानकारी, मतदान केंद्र में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी होनी चाहिए। अगर नहीं है तो उसकी जानकारी दी जानी चाहिए। मतदाताओं निर्भीक होकर मतदान कराने में सभी पदाधिकारी के कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान दिवस के पूर्व मतदान के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी, मतदान सामग्री की उपलब्धता, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चिता जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान के दिन किसी ईवीएम या वीवीपैट में खराबी आने पर आवश्यक कार्रवाई, समय समय पर रिटर्निंग ऑफिसर को विभिन्न रिपोर्ट भेजे जाने समेत अन्य विस्तृत जानकारी पदाधिकारियों को दी गई।

# आंगनबाड़ी सेविका सहायिका धरने पर बैठीं, सरकार आठ सूत्री मांग पूरा करे, नहीं तो वोट बहिष्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गयी। धरने में शामिल महिलाओं ने कहा कि पूरे राज्य में आंगनबाड़ी सेविका 38 हजार और सहायिका लगभग 35 हजार हैं। हम 2016 से सरकार से अपना हक मांग रहे हैं. इसके लिए कई बार हड़ताल-प्रदर्शन कर चुके है। सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है, लेकिन इस बार अपने हक के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कहा कि आठ अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक होने वाली है। इसमें हमारी नियमावली की सभी मांगों को पूरा करना होगा। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की मांगें नियमावली पूरी की जाये, आंगनबाड़ी केंद्रों की पोषाहार की राशि बाजार दर पर उपलब्ध कराई जाये, मानदेय का भुगतान ससमय पर पूरा किया जाये,-महिला पर्यवेक्षिका के पद पर शत प्रतिशत वरीयता के आधार पर प्रोन्नति दी जाये, -सर्वोच्च न्यायालय के आदेशनुसार सभी समाज कल्याण के संविदाकर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगति को दूर कर आंगनबाडी कर्मियो को भी महंगाई एवं यात्रा भत्ता भुगतान किया जाये, ब्रांडेड कंपनी का एंड्राइड मोबाईल टैब रिचार्ज सहित आपूर्ति की जाये, पेशन लागू की जाये.सेविकाओं ने कहा कि वर्तमान सरकार ने 2019 में मांग पूरा करने का आश्वासन दिया था. लेकिन सरकार मांग पूरा करने से मुकर रही हैं. सरकार धोखा दे रही है. समान काम का समान वेतन में आंगनबाड़ी सेविका को हर माह 25 हजार और सहायिका को 15 हजार रूपया मिलना चाहिए. सेविकाओ ने कहा कि 60 साल बाद सभी रिटायर हो जायेंगी. इसके बाद बेरोजगार हो जायेंगी. रियाटरमेंट में एक मुश्त दस लाख रुपया दिया जाये, ताकि हम अपना घर परिवार का भरण पोषण कर सकें. इसके साथ ही काम का पैसा समय मिलना चाहिए. आरोप लगाया कि प्रोत्साहन राशि और जलावन की राशि निश्चित समय पर नहीं मिलती है।

# कांग्रेस के कर्मठ, ऊर्जावान और जोशीले कार्यकर्ताओं के हाथ में है आगामी विधानसभा चुनाव, हर हाल में हर बूथ को बनाएं अभेद किला : भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के टैसेंर में बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, पार्टी जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर सभी पंचायत अध्यक्षकों को विधायक ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर जीत कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को जाता रहा है। आगामी विधानसभा की जीत भी आप सभी कांग्रेस के कर्मठ, ऊर्जावान कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को समर्पित रहेगा। विधायक ने कहा कि कांग्रेस को जिताने का जिम्मा आप सभी कार्यकर्ताओं के कंधे में है। आप सभी अपने अपने बूथ के लीडर हैं। अपने कार्यकर्ताओं पर नाज है कांग्रेस को- जोसिमा खाखा जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमे अपने कार्यकर्ताओं पर नाज है। आप सभी ने जीतोड़ मेहनत कर लगातार हर चुनाव जिताने का काम किया है। हर जीत में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित की है। बहुत जल्द राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस चुनाव में भी इंडिया गठबंधन की जीत होगी। राज्य में जनता का रुझान इंडिया गठबंधन सरकार की ओर है। पूरी जनता इंडिया गठबंधन के साथ है। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा, झापा को हमारी जनता बहार का रास्ता दिखाने के लिए लालायित है। बैठक में केरसई प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, पाकरटांड प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सह प्रखड प्रभारी माइकल खड़िया, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि मुंश खेस, विधायक प्रतिनिधि शशि प्रसाद, कोनजोबा पंचायत अध्यक्ष नॉवेल मिंज, सहायक पंचायत अध्यक्ष आनंद बिलुंग, बाघडेगा पंचायत अध्यक्ष जॉन टोप्पो, सहायक पंचायत अध्यक्ष फिलमोन डुंगडुंग, पूर्वी टैंसेर पंचायत अध्यक्ष ग्रेगोरी कुल्लू, सहायक पंचायत अध्यक्ष फुलजेमसिया टोप्पो, पश्चिमी टैसेर पंचायत अध्यक्ष अनिल केरकेट्टा, सहायक पंचायत अध्यक्ष विजय खेस, बूथ अध्यक्ष, बूथ स्तर कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल थे।

# सात वार्ड सदस्यों ने थामा झापा का दामन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखंड के समसेरा पंचायत के सात वार्ड सदस्यों ने सोमवार को झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी वार्ड सदस्य ठाकुर टोली स्थित एनोस एक्का के आवास पहुंची और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के कार्यों पर भरोसा जताते हुए पार्टी की संस्था ग्रहण करने की बात कही केंद्रीय अध्यक्ष और झापा नेत्री आईरीन एक्का ने पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। मौके पर वार्ड सदस्य सुमति देवी, वार्ड सदस्य बेला कुमारी, वार्ड सदस्य अनीता कुमारी, वार्ड सदस्य ग्रेस लकड़ा, वार्ड सदस्य सरिता टोप्पो, वार्ड सदस्य विपिन किशोर खेस, वार्ड सदस्य मानुएल सोरेंग, भुनेश्वर सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर युवा संघ अलीगुड़ के नित्यानंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया 1067 योजनाओ का शिलान्यास व उद्घाटन



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता)** जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के मैदान में मेगा शिलान्यास समारोह सह परिसंपति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान मंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर 1792 करोड़ 30 लाख 22 हजार 400 रूपये की 1067 योजनाओं का भूमि पूजन, शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। साथ ही कल्याण विभाग की ओर से स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा के लिए बहुत ही गौरवशाली दिन है। यहां एक साथ 1792 करोड़ 30 लाख रूपये की 1067 योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया गया। यह कार्य वैसे जनप्रतिनिधियों के लिए आइना है जो आज तक गढ़वा को बदहाली में धकेल कर रखे हुए थे। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में आज कोई पहली बार जनप्रतिनिधि नहीं बना है। बल्कि जनता यहां 1952 से जनप्रतिनिधि चुनते आ रही है। परंतु किसी ने भी जनता एवं क्षेत्र का दुख, दर्द नहीं समझा। मंत्री ने कहा कि मात्र तीन वर्षों में मैंने दिन रात एक कर गढ़वा के माथे पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को धोने का काम किया। आज उसी का परिणाम यहां दिख रहा है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के विकास का यह सिलसिला रूकने वाला नहीं है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा के लोग विकास विरोधी हैं।मौके पर एसपी दीपक पांडेय, मंत्री श्री ठाकुर के ओएसडी चंद्रचुड़ सिंह, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा,केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**विभिन्न विभागों की 1792 करोड़ 30 लाख रूपये की योजनाएं शामिल :** मेगा शिलान्यास समारोह में विभिन्न विभागों के 1792 करोड़ 30 लाख 22 हजार 400 रूपये की 1067 योजनाएं शामिल है। इनमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 98865.0394 लाख रूपये की 48 योजनाएं, ग्रामीण कार्य विभाग की 23283.861 रूपये की 52, पथ निर्माण विभाग की 20653.207 लाख रूपये की तीन, कल्याण विभाग की 1872.105 लाख रूपये की 80, लघु सिंचाई विभाग की 587.343 लाख रूपये की 12, शिक्षा विभाग की 133.86 लाख रूपये की तीन, नगर परिषद गढ़वा की 704.165 लाख रूपये की 62 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कह 6148.82 लाख रूपये की 179, भवन निर्माण विभाग की 1219.686 लाख रूपये की चार तथा विधायक निधि की 1272.316 लाख रूपये की 624 योजनाएं शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 से ज्यादा बिस्तरों की क्षमता वाले अपोलो मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

* प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना, रांची का किया ऑनलाइन उद्घाटन, 291 लाभुकों को नवनिर्मित आवास की सौंपी चाबी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।इसके लिए निरंतर प्रयास हो रहा है। इसी क्रम में आज एक ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कड़ी जुड़ रहा है तो दूसरी तरफ लोगों के अपना आवास होने का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची स्मार्ट सिटी परिसर में 300 बिस्तर से ज्यादा क्षमता वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखते हुए अपने संबोधन में ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, (शहरी) अंतर्गत इस्लाम नगर शहरी आवासीय परियोजना,रांची के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपकर उनके अपने आशियाना होने के सपने को साकार किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित :** इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सुनील कुमार, निदेशक सूडा श्री अमित कुमार, प्रशासक नगर निगम संदीप कुमार सिंह और अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप की एक्सक्यूटिव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीता रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थीं।

### कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया के स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। खासकर, झारखंड जैसे पिछ? और गरीब राज्य में अस्पतालों चिकित्सकों और दवाओ समेत अन्य चिकित्सीय सुविधाओं की कितनी कमी है, यह मालूम हुआ। लेकिन, हमारी सरकार ने इस महामारी की वजह से उत्पन्न चुनौतियों के बीच बेहतर प्रबंधन के बल पर कोरोना पर जीत प्राप्त की। इसी के पास हमारी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

### विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य समेत अन्य सभी क्षेत्रों में वैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की सेवा लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी पूरी दुनिया में बेहतरीन सेवा देने के लिए अलग पहचान है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। अपोलो हॉस्पिटल का शिलान्यास इस राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा यहां विश्व स्तरीय चिकित्सा संस्थान संस्थान कई और संस्थान एक ही परिसर में खोले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने वालों को सरकार पूरा सहयोग करेगी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से हो रहा है विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।चिकित्सा सेवा प्रणाली में जो कमियां है, उसे दूर किया जा रहा है । बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच सुगम बनाने को लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। यहां के गरीब लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़े, इसी बात को ध्यान में रखकर विश्व स्तरीय आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि बड़े अस्पतालों में महंगा इलाज से उन्हें निजात मिल सके।

# कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है आदिशक्ति मां भगवती : रोहित



एजेंसी

**हरिद्वार :** नवरात्रि के पांचवे दिन नील पर्वत स्थित सिद्धस्थल मां चंडी देवी मंदिर के प्रांगण में मौजूद श्रद्धालु भक्तों को मां की महिमा का बखान करते हुए महंत रोहित गिरी महाराज ने कहा कि मां की शक्ति समस्त संसार में व्याप्त है। जिस प्रकार मां अपने बालक का संरक्षण कर उसका भविष्य बनाती है। ठीक उसी प्रकार मां चंडी देवी अपने भक्तों के सभी संकट दूर कर उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती हैं। महंत रोहित गिरी महाराज ने बताया है कि अनादि काल से मां चंडी देवी अपने भक्तों पर कृपा बरसा कर उनका कल्याण करती आ रही हैं। श्रद्धाभाव से जो भक्त मां की शरण में आ जाता है उसका कल्याण निश्चित है। मां दुर्गा आदिशक्ति है, जिनका तीनों लोकों में पूजन होता है। मां की आराधना करने वाले व्यक्ति का कभी कोई अमंगल नहीं होता और उस पर सदैव मां का आशीष बरसता रहता है। इसलिए हम सभी को संपूर्ण नवरात्र में मां के शरणागत अवश्य रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कन्या स्वरूप बालिकाओं के पूजन से भी माता प्रसन्न होती है। व्यक्ति के मन को शांति मिलती है और जीवन में शुभता का आगमन होता है। इस अवसर पर पंडित पंकज रतूड़ी, पंडित राजेश कुकशाल, पंडित अमित बेलवाल, पंडित ओमप्रकाश देशवाल शास्त्री, पंडित मनमोहन कंडवाल, पंडित नवल किशोर, पंडित रोहित डबराल, पंडित राजकुमार मिश्रा, धर्मेन्द्र बिष्ट, संदीप नेगी, विकास बिष्ट, सोनू कुमार, विजय मोहन, सुनील कश्यप, विशाल कश्यप, मोहित राठौर, सुनील तोमर उषा ब्रेको के मनोज डोभाल, अवनीश त्रिपाठी, त्रिलोक शर्मा मौजूद रहे हैं।

# बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पुनः होगा शुरूः वीडी राम

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 03603/03604 को पुनः परिचालन प्रारंभ करने की अधिसूचना रेलवे बोर्ड के द्वारा प्रदान कर दी गयी। बहुत जल्द उक्त ट्रेन के परिचालन संबंधी तिथि निर्धारित की जाएगी। इस संबंध में सांसद ने लोकसभा में नियम 377 एवं शून्य काल के तहत मामले को लगातार उठाया था एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। विदित है कि कोविड-19 के दौरान बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। उक्त ट्रेन के परिचालन बंद हो जाने के कारण पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगड़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। इसके लिए मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट करता हूं।

# डांडिया नाइट से मेदिनीनगर शहर को मिलेगी एक नई पहचान : आनंद शंकर

### 8 व 9 अक्टूबर को गांधी मैदान में होगा डांडिया नाइट, तैयारी पूरी : प्रियंका सिंघानियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर और महिला विंग के जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंघानियां ने गांधी उद्यान में 8 व 9 अक्टूबर को आयोजित डांडिया नाइट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने डांडिया नाईट की तैयारी को लेकर समीक्षा भी किया। समीक्षा के दौरान डांडिया नाईट को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के प्रमुखों से जानकारी प्राप्त किया गया। साथ ही शेष अधूरे कार्य को अविलंब पूरा करने को कहा गया। इस मौके पर आनंद शंकर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेंबर ऑफ कामर्स महिला विंग द्वारा डांडिया नाईट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक सन्नाटा को डांडिया तोड़ता है। यह कार्यक्रम शहर को एक बेहतर पहचान देने में सफल रहेगा। उन्होंने कहा कि डांडिया के दो प्रमुख कलाकार वॉलीवुड नेत्री रीमी सेन व रश्मि देसाई के अलावे कोलकाता से भी कुछ बंगाली कलाकार आयेंगे।



इसके अलावे डीजे को भव्य स्वरूप देने के लिए मुंबई से भी कुछ लोग आ रहे हैं। श्री शंकर ने कहा कि बड़े शहरों की तर्ज पर डालटनगंज नगर निगम को भी एक स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे कुछ वोलेंटियर रहेंगे। इसके अलावे दस महिला बाउंसर के साथ ही साथ एसआईएस सुरक्षा गार्ड की महिलाएं की तैनात रहेंगी। पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की जायेगी। महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानियां ने कहा कि शनिवार व रविवार दो दिन का निश्शुल्क प्रशिक्षण डांडिया में भाग लेनेवाले कप्पल प्रतिभागियों को दिया गया।

उन्होंने बताया कि मंगलवार से दो दिवसीय डांडिया नाईट गांधी उद्यान पार्क में शुरू होने जा रहा है। इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। डांडिया कोर्डिनेटर आरती आनंद ने बताया कि इसमें बेस्ट प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डांडिया के दौरान फास्ट फुड के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। जहां पर लोग शुल्क देकर फास्ट फुट व्यंजन का आनंद लेंगे। बैठक में अलका सिंघानियां, शिखा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, संध्या जायसवाल, रंजीता केडिया, कोमल सर्राफ, शिवानी आंनद, पूजा शीवानिया, प्रीती राज गुप्ता, राजदेव उपाध्याय, इंदरजीत सिंह डिंपल, आलोक माथूर, विजय ओझा, विनय प्रसाद बिनू, अरबिंद अग्रवाल समेत कई लोग शामिल थे।

### महिलाओं ने की महाशक्ति स्वराज की स्थापना

**बिजनौर :** नगर के एक वैंक्वेटहाल में भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज की चौपाल का आयोजन किया जिसमें से महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। टीम प्रबंधक हरेन्द्र राना ने बताया कि यह महिलाओं के लिए ऐसा प्लेटफॉर्म है जिस पर वह अपनी समस्या खुलकर बता सकेंगी। इस मौके पर रेनू राना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि टीम का उद्देश्य किसी को गलत बोलने या पुरुषों को भला-बुरा बोलना नहीं है क्योंकि जो इस टीम को चला रहे हैं ,महिलाओं के सम्मान के लिए रात-दिन एक किये हुए हैं। वह भी एक पुरुष हैं। टीम का उद्देश्य उन लोगों का विरोध करना है जो महिलाओं के साथ मारपीट तथा छेड़छाड़ करते हैं। जिला महासचिव बिजनौर सुजाता कौशिक ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि आप अपनी समस्या ग्राम सभा अध्यक्ष से बता सकती है जो अपनी टीम के पदाधिकारियों को देगी जिस पर विचार कर दूसरे पक्ष को भी बुलाया जायेगा ताकि सही बात सामने आ सके 7 बातचीत के माध्यम से समाधान का प्रयास किया जाएगा।समाधान न निकलने पर टीम द्वारा सच्चाई का साथ दिया जाएगा।तहसील नजीबाबाद की उपाध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा की टीम से जुड़कर हमें अपनी समस्याओं को रखने का उचित प्लेटफॉर्म मिला है। रेनू चौधरी ने कहा कि टीम को सुचारु रूप से चलने के लिए योजना बनाकर काम करना होगा। समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों व मंत्रियों को पत्र भी लिखने पड़ते हैं।

# दशहरा पर्व को लेकर टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को टाउन हॉल में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी.इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की.उन्होंने सभी पूजा समितियों से पूजा भव्य लेकिन शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील की.उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है.इसके अलावे इस वर्ष पंडालों से प्राप्त वॉलिंटर्स की सूची के आलोक में उन्हें प्रशासन की ओर से टी-शर्ट भी उपलब्ध कराया जायेगा.उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रत्येक थाने में एक एम्बुलेंस को भी टैग किया गया है.

**मेडिकल प्लान,स्थानीय गोताखोर व सीसीटीवी को दुरुस्त रखें : उपायुक्त :** बैठक में डीसी श्री रंजन ने सभी एसडीपीओ से उनके क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी से संबंधित अद्यतन स्थिति से अवगत हुए.इस दौरान उन्होंने सभी को मेडिकल प्लान,जहां प्रतिमा विसर्जन होगा वहां स्थानीय गोताखोर की व्यवस्था व सभी पंडालो में सीसीटीवी को दुरुस्त रखने पर बल दिया.उन्होंने सभी समितियों से अनुरोध किया कि वे अपने पंडालो में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगायें.इसके साथ ही विसर्जन वाले स्थल पर जहां पानी अधिक हो उस एरिया को रस्सी से अनिवार्य रूप से घेराव करें.

**सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर:** बैठक में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में संचालित व्हाट्सएप के विभिन्न ग्रुप पर पैनी नजर रखने की बात कही.उन्होंने कहा कि इन दिनों आपत्तिजनक सामग्रियां इसी माध्यम से प्रसारित की जाती हैं,ऐसे में इन पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है.



